स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शुक्रवार
2 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 5
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -250 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये    epaper : epaper.swatantrabharat.net

आईएसआई चीफ असीम मलिक बने पाक के एनएसए

(पेज 12)



## भारत में रह रहे पाक नागरिकों को राहत



**नई दिल्ली।** भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भारत सरकार ने बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार ने ऐसे लोगों को अगले

### देश छोड़ने की अगले आदेश तक समयसीमा बढ़ी

आदेश तक वाघा-अटारी सीमा के रास्ते लौटने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय के इस आदेश में पिछले निर्देश को संशोधित किया गया है। उसमें 30 अप्रैल तक की समयसीमा तय की गई थी। नवीनतम आदेश में कहा गया, आदेश की समीक्षा की गई और आंशिक संशोधन के साथ अब यह आदेश दिया जाता है कि पाकिस्तानी नागरिकों को उचित मंजूरी के साथ अगले आदेश तक अटारी स्थित एकीकृत जांच चौकी से भारत से पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जा सकती है। केंद्र के निर्देश के बाद से छह दिनों में 55 राजनयिकों और उनके सहायक कर्मचारियों सहित 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा पार करके भारत छोड़ चुके हैं। पाकिस्तान से 1,465 भारतीय भारत आए हैं। देश छोड़ने संबंधी निर्देश पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया था, जिसमें 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी स्थानीय व्यक्ति को आतंकवादियों ने गोली मार दी थी।

सरकार ने अल्पकालिक और सार्क वीजा रखने वालों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया था। ऐसे ही मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए समय सीमा 29 अप्रैल थी। पिछले हफ्ते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन करके यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रह जाए।

### अपने ही नागरिकों को वापस लेने से इंकार कर रहा पाक

कई पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान में प्रवेश करने के लिए वाघा-अटारी सीमा पर पहुंच चुके हैं। फिर भी पाक सरकार उन्हें पाकिस्तान में प्रवेश की अनुमति नहीं दे रही है। भारतीय आव्रजन अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान ने आज सुबह 8 बजे से अपने रिसेप्शन काउंटर बंद कर दिए हैं, जिसके कारण दर्जनों पाकिस्तानी नागरिक सीमा पर फंस गए हैं। पाकिस्तानी नागरिक - जिनमें बुजुर्ग व्यक्ति, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं - अब अनिश्चितता में फंसे हुए हैं, उनके पास न तो आश्रय है, न ही भोजन, और न ही उनकी स्थिति के बारे में कोई स्पष्टता है। पाकिस्तानी पक्ष की ओर से अचानक और अस्पष्ट रूप से मना करने पर चिंताओं के बीच अटारी चौकी पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस घटना पर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएँ हुई हैं, कई लोगों ने इसे पाकिस्तान के लिए शर्मनाक बताया है।

### पहलगाम हमले की न्यायिक जांच की याचिका पर सुनवाई से इंकार

## 'क्या आप सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं?'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले की न्यायिक जांच के लिए जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाते

### सुप्रीम कोर्ट की याचिकाकर्ताओं को फटकार

हुए कहा कि जज आतंकी मामलों की जांच के विशेषज्ञ नहीं हैं। इस महत्वपूर्ण समय में देश के हर नागरिक ने आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है। कोर्ट ने पूछा कि क्या वे सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं। कोर्ट ने उनसे ऐसे मुद्दों को न्यायिक क्षेत्र में नहीं लाने को कहा।

जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहलगाम हमले की जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता फतेह कुमार साहू और अन्य को



जनहित याचिका वापस लेने के लिए कहा। शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझें और अदालत में ऐसी कोई अपील न करें, जिससे सुरक्षा बलों का मनोबल गिरे। पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक से कहा, आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच करने के लिए कह रहे हैं। वे जांच में विशेषज्ञ नहीं हैं। वे केवल निर्णय दे सकते हैं और किसी मुद्दे पर निर्णय ले सकते हैं। हमें आदेश पारित करने के लिए मत कहिए। आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं।

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल बैसरन में गोलीबारी की थी, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें से अधिकतर दूसरे राज्यों से आए थे। घटना ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को बढ़ा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि आतंकी हमले करने वाले, साजिश रचने वाले और मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### ताजमहल के पांच किमी दायरे में नहीं कटेंगे हरे पेड़



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के पांच किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किलोमीटर की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर के क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) की पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी और अधिकारी उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। पीठ ने कहा, ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो।

## दुस्साहस : पाक ने एलओसी के पास खड़े किए टैंक

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान का नया और बड़ा दुस्साहस सामने आया है। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास युद्धाभ्यास किया है। पाकिस्तानी

### युद्धाभ्यास भी किया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान लाइव फायरिंग ड्रिल की गई जिसमें असली और भारी हथियारों और टैंकों का इस्तेमाल किया गया। जब से भारत ने आतंकियों पर ऐक्शन लेने की बात कही है, पाकिस्तान डरा हुआ है और दिन-रात उसे भारत के हमले का डर सता रहा है। कभी उनके मंत्री आधी रात को मीडिया बुलाकर दावा कर रहे हैं कि भारत हम पर कभी भी हमला करने वाला है तो कभी पाकिस्तान के रक्षा मंत्री भारत के हमले का डर जता



चुके हैं। इस बीच पाकिस्तानी सेना असली हथियारों और गोला-बारूद के साथ लाइव फायरिंग की प्रैक्टिस कर रही है। लाइव फायरिंग प्रैक्टिस का मतलब- असली गोला-बारूद के साथ फायरिंग करना होता है। यह एक प्रकार का ड्रिल है, जिसे कई देश युद्ध से पहले खुद को परखने के लिए करते हैं। पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज ने पाक सेना के हवाले से बताया, इन अभ्यासों का उद्देश्य दुश्मन की किसी भी आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार, इस युद्धाभ्यास में सेना के जवानों और अधिकारियों ने युद्ध जैसे हालात का अभ्यास किया।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने की बात पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की अपील

पोस्ट कर पीएम नरेंद्र मोदी से अपील भी की। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देशभर में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवारों के दुख में साथ हैं और उनकी इस मांग का पूरा समर्थन करते हैं। कांग्रेस नेता राहुल



गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मैं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख और उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें यह सम्मान दें।

## रामदेव पर किसी का काबू नहीं : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक बार फिर बाबा रामदेव के हमदर्द कंपनी के शरबत पर शरबत जिहाद वाली विवादित टिप्पणी मामले पर नाराजगी जताई है। साथ ही कोर्ट अवमानना नोटिस जारी करने की तैयार में है। कोर्ट ने पहले ही रामदेव को हमदर्द के

### शरबत जिहाद केस में की टिप्पणी

### कोर्ट की अवमानना का दोषी पाया

उत्पादों के बारे में कोई भी बयान जारी करने से मना किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि योग गुरु बाबा रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं। रामदेव को शरबत जिहाद बयान पर प्रथम दृष्टया कोर्ट के आदेश की अवमानना का दोषी पाया।




इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने रामदेव को हमदर्द के उत्पादों के बारे में भविष्य में कोई बयान जारी न करने या वीडियो साझा न करने का आदेश दिया था। जस्टिस अमित बंसल ने गुरुवार को कहा कि कोर्ट के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो जारी किया। वह किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया ने विवादित टिप्पणी को लेकर रामदेव और उनकी पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इससे पहले बीती 22 अप्रैल को हुई हुई सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान पर नाराजगी जताई थी। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने आदेश जारी करने की चेतावनी दी थी। कोर्ट ने कहा था कि इससे न्यायालय की अंतरात्मा को आघात पहुंचा है, इसका कोई औचित्य नहीं था। अदालत ने रामदेव का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया है। योग गुरु बाबा रामदेव ने तीन अप्रैल को अपने शरबत ब्रांड का प्रचार करते हुए हमदर्द कंपनी के शरबत पर विवादित टिप्पणी की थी।

## जातीय जनगणना निर्णायक फैसला : प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के सरकार के फैसले ने सच्ची मंशा और खोखली नारेबाजी के बीच

### इससे विपक्ष की असलियत सामने आई

का अंतर उजागर कर दिया है। भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रधान ने इस कदम को निर्णायक फैसला करार दिया। उन्होंने कहा, गेमचेंजर फैसले ने हमारे असली इरादों और विपक्ष की खोखली नारेबाजी के बीच का अंतर



उजागर कर दिया है। हालांकि, इसका अधिकांश विपक्षी दलों ने स्वागत भी किया है। इस बीच इसका श्रेय लेने की होड़ भी दिखाई दे रही है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इसका श्रेय खुद ले रहे हैं, जबकि सरकार इसे अपनी उपलब्धि बता रही है।

## सृजनात्मकता का उत्सव है वेव्स : पीएम मोदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाट्न किया। उन्होंने समिट में जुटे एक हजार से अधिक क्रिएटर्स का उत्साह बढ़ाया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और

### भारत में और दुनिया के लिए सृजन का सही समय

मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत



के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रखी जा रही है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये एक लहर है- संस्कृति की, रचनात्मकता की, यूनिवर्सल कनेक्ट की। उन्होंने कहा, वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है। पीएम मोदी ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हमनें भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है।

## 'हेडलाइन तो दे दी, लेकिन डेडलाइन कहां है?'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के फैसले की

### जाति जनगणना के फैसले पर कांग्रेस का मोदी पर वार



घोषणा के बाद सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना समय सीमा के सुर्खियां बनाने में माहिर हैं। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि इस फैसले को लेकर कई सवाल उठते हैं, खासकर सरकार की मंशा पर, और मांग की कि जनगणना जल्द से जल्द होनी चाहिए। पार्टी के 24, अकबर रोड स्थित कार्यालय में आयोजित एक बैठक में प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए रमेश ने कहा कि वह बिना समय सीमा के सुर्खियां बनाने में माहिर हैं। आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने की मांग करते हुए रमेश ने पूछा कि मोदी सरकार को ऐसा करने से कौन रोक रहा है।

## मनी लांड्रिंग मामलों में कोई कोताही नहीं बरत रहा ईडी



**नई दिल्ली।** मनी लॉड्रिंग के मामलों में कार्रवाई करने में ईडी कोई कोताही नहीं बरत रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन ने

### निदेशक बोले 1700 से अधिक केसों पर हो रही सुनवाई

कहा कि ईडी 1700 से अधिक मनी लॉड्रिंग मामलों की जांच कर रही है। ये सभी मामले मौजूदा समय में सुनवाई की प्रक्रिया में हैं। इनकी सुनवाई में हो रही न्यायिक प्रक्रिया के तहत सामान्य है। प्रवर्तन निदेशालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम में निदेशक राहुल नवीन ने कहा कि ईडी मामलों में दोषसिद्धि की दर 93.6 प्रतिशत है।

### आतंक के पनाहगार पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी

## नौसेना ने अरब सागर में तेज किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने के लिए भारत ने तैयारी तेज कर दी है। आतंक के पनाहगार पाकिस्तान की हरकतों को रोकने और आतंक को नेस्तनाबूद करने के

### आईएनएस विक्रांत अरब सागर में तैनात

लिए तीनों सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। भारतीय नौसेना अरब सागर में अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में अभ्यास तेज कर दिया है।

रक्षा विभाग की मानें तो नौसेना ने अपने युद्धपोतों को सतर्क रखा है। हाल के दिनों में अरब सागर में कई जहाज-रोधी और विमान-रोधी फायरिंग की गई है। भारतीय तटरक्षक जहाज भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अग्रिम क्षेत्रों में तैनात हैं। गुजरात तट से सटी समुद्री सीमा पर कड़ी निगरानी हो रही है। भारतीय नौसेना पूरे क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है। पूरा देश इस इंतजार में है कि कब और कैसे भारत आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान को करारा जवाब देगा। इस बीच भारत की तीनों सेनाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि वह किसी भी परिस्थिति में और किसी भी दुश्मन को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। कई दिनों से सेनाएं अपना शक्ति प्रदर्शन कर रही हैं।

भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में तैनात किया था। यह भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है। तैनाती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी।इससे पहले भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था।

## यूपीएससी सीएमएस परीक्षा 20 जुलाई को

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने आगामी 2025 की भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस), भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) और संयुक्त चिकित्सा सेवा (सीएमएस) परीक्षा के लिए समय सारणी की घोषणा कर दी है। उम्मीदवार अब यूपीएससीकी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन परीक्षाओं का शेड्यूल और विषयवार समय देख सकते हैं। यूपीएससी आईईएस और आईएसएस परीक्षा 20, 21 और 22 जून 2025 को आयोजित की जाएगी, जबकि यूपीएससी सीएमएस परीक्षा 20 जुलाई 2025 को होगी।

## टेस्ला से हटेंगे मस्क, नए सीईओ की खोज शुरू

**न्यूयॉर्क।** ऑटोमोटिव कंपनी टेस्ला से एलन मस्क की छुट्टी होने वाली है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की कुर्सी ही इस समय खतरे में पड़ गई है। टेस्ला नए सीईओ की खोज कर रही है जिसे देखते हुए ये चर्चा तेज है कि एलन मस्क के लिए समय खतरा भरा हो सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ला बोर्ड ने कंपनी के लिए उपयुक्त उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कई कार्यकारी खोज फर्मों से संपर्क किया है। अपनी ही कंपनी में मुख्य कार्यकारी की भूमिका में मस्क की जगह लेने की यह उत्सुकता उनके व्हाइट हाउस में कार्यकाल और टेस्ला के शेयरों में गिरावट के बीच देखी गई है।

## दायरे में रहें संवैधानिक संस्थाएं : उपराष्ट्रपति धनखड़

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ लखनऊ दौरे पर रहे, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' पुस्तक का विमोचन किया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के न्यू कैंपस में आयोजित

### संस्थाओं के टकराव से फलता-फूलता नहीं लोकतंत्र

### उपराष्ट्रपति ने किया 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' पुस्तक का विमोचन

इस गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती समेत कई विशिष्ट अतिथि



मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उपराष्ट्रपति द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इससे पहले बीकेटी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने उनका भव्य स्वागत किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कार्यक्रम में कहा कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं का एक-दूसरे का सम्मान करना बाध्यकारी कर्तव्य है और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थान अपने-अपने दायरे में सीमित रहते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थाओं के टकराव से लोकतंत्र फलता-फूलता नहीं है। उन्होंने हाल में संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर उच्चतम न्यायालय के रुख की तरफ इशारा करते हुए कहा, कई ऐसी चुनौतियां हैं... जिसकी हम चर्चा नहीं कर सकते।

### 'मैंने चुनौती से लिए सात फेरे'

विमोचन समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने चिरपरिचित अंदाज में आत्मकथा की तारीफ करते हुए कहा मैंने एक फरवरी 1979 को चुनौती से सात फेरे लिए थे। चुनौती के साथ जीने की आदत है। राज्यपाल की यह पुस्तक मेरे जैसे लोगों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा राज्यपाल मुफ्त में किताब नहीं देंगी, और मुझे भी कुछ मुफ्त लेने की आदत नहीं है। मैं राजभवन आकर आपसे गुरुमंत्र लूंगा, वरना एकलव्य बनना पड़ेगा। उपराष्ट्रपति ने पहलगाम के आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा वहां हमें चुनौती मिली, लेकिन हमारे पास डायनामिक पीएम मोदी हैं।







# व्यवस्था में आस्था बनाए रखने का होगा प्रयास : जिलाधिकारी

## डीएम ने बार एसोसिएशन के अधिवक्तागणों के साथ की बैठक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर द्वारा कलेक्ट्रेट में बार एसोसिएशन के अधिवक्तागणों के साथ औपचारिक परिचयात्मक बैठक की गयी। डीएम ने सर्वप्रथम अपना परिचय देते हुए समस्त उपस्थित अधिवक्ताओं का परिचय भी प्राप्त किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने अधिवक्ता कक्ष भवन में रंगाई पुताई कराने तथा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी श्री तंवर ने उनके दोनों अनुरोधों को स्वीकार करते हुए यह आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर इस पर शीघ्र कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों के साथ आगे आने वाले समय में कार्य करने का सुखद अनुभव रहेगा। पूर्व के समय में आप अधिवक्तागणों के द्वारा प्रशिक्षण के समय से ही कोट के बहुत सारे टर्म, शब्द सीखने और जानने को मिले हैं। व्यवस्था में आस्था बनाए रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शासकीय कार्यों के अन्तर्गत सभी कोर्ट में समस्त वादों की समीक्षा की जा रही है। वादों का शीघ्रतम निस्तारण शासन की शीर्षतम प्राथमिकताओं में से एक है।बैठक में स्वस्थ प्रशासनिक व्यवस्था कायम रखते हुए लंबित वादों को गुण-दोष के आधार पर गुणवत्तापरक नियमित अनुश्रवण करके राजस्व तथा अन्य वादों के शीघ्रतम निस्तारण हेतु डीएम ने आश्वस्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक पी के राय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, महामंत्री राजीव कुमार शुक्ला ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामा प्रसाद यादव, संयुक्त मंत्री सुभाषसनी सिंह, कनिष्ठ सदस्य आलोक कुमार तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ,पूर्व महामंत्री मृत्युंजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा वरिष्ठ सदस्य गण सुरेंद्र कुमार मिश्रा विजय कुमार श्रीवास्तव जगदीश लाल श्रीवास्तव, सुरेश सिंह उपस्थित रहे।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी शिकायतें

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** जनता दर्शन में आए जनसामान्य की शिकायतों को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अपने कार्यकक्ष में गंभीरतापूर्वक सुनकर निस्तारण किया तथा अवशेष प्राप्त शिकायतों को ससमय निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान एक प्रार्थना पत्र आया जिसमें मोहम्मद सफी पुत्र मीर लुड्डू साकिन नदवा ने बताया कि चकबन्दी अधिकारी कार्यालय कसया में कार्यरत पेशकार राजेश सिंह व प्राइवेट मुंशी लालबाबू द्वारा 50,000 रुपये परवाना भेजने हेतु मांग किया गया और उनके द्वारा कहा गया कि जमीन ज्यादा है इसलिए रुपए देना पड़ेगा तब परवाना बनाएंगे। प्रार्थी ने बताया कि हमारे द्वारा किसी तरह 10,000 रुपये चकबन्दी अधिकारी कसया के न्यायालय में राजेश सिंह को दिया तथा रुपये देने का विडियो भी बनवाया है। उनके द्वारा कायमी पर उक्त लोगों ने सफायत अली का फर्जी हस्ताक्षर भी बना दिये। उक्त लोगो ने यह जानते हुए कि हम लोग फर्जी हस्ताक्षर बना रहे है कानून के विरुद्ध है। फिर भी उक्त लोग मिलजुलकर फर्जी हस्ताक्षर बना कर दाखिल करके चकबन्दी अधिकारी से दिनांक 26-4-2025 को अनुमोदन दिनांक 16-4-2025 को स्थगित करने का आदेश पारित करा दिये है। उक्त प्रकरण का जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी को बुलाया और उनसे प्रार्थना पत्र की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# वक्फ सुधार कानून पीएम का ऐतिहासिक फैसला



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** वक्फ सुधार कानून जनजागरण अभियान के अन्तर्गत भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से मंगलवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड और जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राधेश्याम गोंड ने इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर पीएम मोदी और उनकी सरकार का आभार जताया। विधायक ने कहा कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े संशोधन बिल को लेकर पीएम की पहल ने जनजातीय समाज में राहत और विश्वास का माहौल पैदा कर दिया है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल में जनजातीय समाज की ज़मीनों को लेकर जो चिंता रही है। इस अवसर पर कन्हैया गोंड जिला, डॉ केपी गोंड, रामधनी गोंड, राममनोहर गोंड, संजय गोंड, प्रेमचंद गोंड, संजीव गोंड, कुंजबिहारी गोंड, सहदेव गोंड आदि उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से सुदृढ़ होगा देश : जयमंगल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महाराजगंज।** जिला पंचायत सभागार में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने प्रबुद्ध युवा वर्ग के साथ एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत मतदाता एक ही दिन अपने निर्वाचन क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकारों के लिए मतदान कर सकेंगे, हालांकि पूरे देश में मतदान कई चरणों में हो सकता है।उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य चुनावी प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों को कम करना, चुनावी खर्च को घटाना और बार-बार चुनावों के कारण शासन और प्रशासन में उत्पन्न होने वाले व्यवधानों को समाप्त करना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि भारत में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट वर्ष 2024 में जारी की गई थी। वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में शासन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में सामने आई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए व्यापक विचार-विमर्श और सभी पक्षों की आम सहमति आवश्यक है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास,जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल,संतोष सिंह,जिला महामंत्री बबलू यादव ओम प्रकाश पटेल, जिला मंत्री आशुतोष शुक्ला, बैजनाथ पटेल, पूर्व जिल उपाध्यक्ष सानंदन पटेल, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, दिनेश जायसवाल, गोविंद जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, इंजी विवेक गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश मधेशिया, फरेंदा चेयरमैन राजेश जायसवाल, उपस्थित रहे।

# डॉ. ओमप्रकाश ने बढ़ाया जिले का मान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पडरौना कुशीनगर।** हिन्दी साहित्य भारती गोरक्ष प्रान्त व निराला शब्द संवाद मंच के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार डॉ ओमप्रकाश द्विवेदी ओम ने दिल्ली स्थित गान्धी शान्ति प्रतिष्ठान के गान्धी सभागार मे अपने साहित्यिक यात्रा से नित्य नये सोपान के क्रम में विविध सम्मानों नवाजे जाने पर कुशीनगर व देवरिया का मान बढ़ाया है।

उक्त आशय की जानकारी उक्त दोनों संगठनो के महासचिव शिक्षाविद डॉ संजय मिश्र ने जारी विज्ञप्ति मे दी है। डॉ मिश्र ने बताया है कि डॉ द्विवेदी पेशे से शिक्षक रहे है और निः शुल्क शिक्षण कार्य मे आज भी रत है। पत्रकारिता अनवरत जारी है। साहित्य साधना मे लीन डॉ द्विवेदी को साझा संकलनों मे उत्कृष्ट साहित्यिक रचना प्रकाशन, उत्कृष्ट कविता पाठ के लिए विभिन्न साहित्य समूहों व प्रकाशनों ने दी है। लखनऊ मे एस एस पी शिक्षण संस्थान कृष्णा नगर संस्थान के सभागार मे आर्या पब्लिकेशन व काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा भगवान् परशुराम श्री सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। वही रायबरेली मे साहित्य शिरोमणि सम्मान तथा काव्य हिन्दुस्तान अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्थान मुजफ्फरपुर द्वारा दिल्ली के गान्धी शान्ति प्रतिष्ठान के गान्धी सभागार मे राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर सम्मान, संत शिरोमणि तुलसी दास सम्मान व आचार्य जानकी बल्लभ शास्त्री साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ मिश्र ने आगे बताया है कि जनपद के साहित्यकार डॉ शिवनाथ सिंह शिव, डॉ इन्द्रेश भदौरिया, डॉ रेखा शर्मा, उत्तम शर्मा, डॉ पारसनाथ श्रीवास्तव, डॉ विनोद कुमार हसौड़ा, डॉ असीम श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्र निर्मल, इन्द्रजीत तिवारी निर्भिक, सौरभ पाण्डेय आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** एसपी सोमेंद्र मीना ने गुरुवार को जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में आए लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी समस्याएं जिनका समाधान थाना स्तर पर संभव है, उन्हें समयबद्ध रूप से प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। एसपी मीना ने थानाध्यक्षों को सचेत करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों व थानों पर जनसुनवाई की जा रही है। प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए लगातार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# मजदूरों की यादगार में विचार गोष्ठी आयोजित




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद यूपी जनपद शाखा बस्ती कलेक्ट्रेट परिसर स्थित परिषद कार्यालय भवन पर 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर शहीद मजदूरों के यादगार में विचार गोष्ठी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन परिषद के जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने बताया कि अमेरिका के शिकागो शहर में काम के 8 घंटे की मांग को लेकर की गई, बर्बरता पूर्ण कार्यवाही में शहीद हुए मजदूरों की याद में मनाया जाता है। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अधार पाल, जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि शिकागो के मजदूरों के द्वारा किए गये क्रान्ति की देन है कि आज सभी संगठित एवं असंगठित कर्मचारी एक निश्चित समय में अपने कार्य को सम्पादित कर पा रहे है। गोष्ठी को मण्डल सचिव राजेश श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी, मंत्री बद्री प्रसाद, आईटीआई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरिशंकर, मंत्री संतोष कुमार चौरसिया, ट्यूबवेल टेक्नीकल संगठन के मंत्री सन्तोष राव, कार्यालय सथिव उमेश वर्मा, सिचाई संघ के अध्यक्ष सुभाष मिश्रा, कोषागार कर्मचारी संध के अध्यक्ष अखिलेश पाठक द्वारा अमर शहीदों को याद करते हुए संकल्प लिया कि भविष्य में जो भी समस्या आएगी, उसका प्रतिकार मजबूती से करेगें। गोष्ठी में राधे श्याम श्रीवास्तव, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार शुक्ला, जोखन राम, अरूणेश पाल, मनोज मिश्न, अमरनाथ गौतम, अरविन्द कुमार पाल, रामचरन, जगराम शर्मा, बाबू राम, गौरी शंकर, सुभाष चन्द्र पांडेय, राहुल श्रीवास्तव, आशुतोष यादव, राजिन्दर कुमार, परशुराम आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में अमर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# डीएम ने ली आईटीआई ट्रेड की जानकारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** आईटीआई में संचालित प्रशिक्षण ट्रेड के निर्धारण के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डीएम अनुनय झा ने की।

बैठक के दौरान प्रिंसिपल आईटीआई ने जानकारी दी कि संस्थान में मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, कोपा, वेल्डर, टर्नर सहित कुल 12 प्रकार के कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण ट्रेडों का निर्धारण जनपद के उद्योगों की आवश्यकताओं और मांगों के अनुरूप किया जाए, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने इस प्रक्रिया में जिला उद्योग केंद्र और स्थानीय उद्यमियों से परामर्श करने पर जोर दिया। साथ ही, आगामी शैक्षणिक सत्र से पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, कारपेंटर, होम बेस्ड केयर, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, मशीनिस्ट जैसे नए ट्रेड शुरू करने हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डॉ. पंकज कुमार वर्मा, प्रिंसिपल आईटीआई इशरत मसूद उपस्थित रहे।

# किसानों से संपर्क कर खरीददारी में लाएं तेजी : डीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में गेहू खरीद की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) जय प्रकाश उपस्थित रहे।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा जनपद में गेहूं खरीद का लक्ष्य 24000 मीटन निर्धारित किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रू प्रति कु निर्धारित किया गया है। जनपद में कुल 48 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया जा चुका है जिसमें से खाद्य विभाग के 22, पीसीएफ के 22, मण्डी समिति के 1 एवं भाखानि के 3 क्रय केन्द्र अनुमोदित किया गया है। जनपद को आवंटित गेहूं खरीद लक्ष्य 24000 मीटन के सापेक्ष 30 अप्रैल तक 2135.798 मी टन गेहूँ खरीद हुई है। जनपद में खाद्य विभाग को निर्धारित लक्ष्य 11000 मीटन के सापेक्ष 1713.10 मी.टन, पीसीएफ को निर्धारित लक्ष्य 11000 मी टन के सापेक्ष 272.598 मीटन कृषि उत्पादन मण्डी समिति को निर्धारित लक्ष्य 500 मी.टन के सापेक्ष 133.95 मी.टन एवं भारतीय खाद्य निगम को निर्धारित लक्ष्य 1500 मी.टन के सापेक्ष 16.15 मी.टन खरीद की गयी है। समीक्षा बैठक में डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए उसका भौतिक सत्यापन कराया जाये। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बड़े कास्तकारों की सूची तैयार कराते हुए उनसे सम्पर्क कर गेहूँ विक्रय हेतु प्रेरित करें। प्रदेश में समस्त क्रय केन्द्र प्रातः 8 बजे से सांय 8 बजे तक खुले रखे जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। प्रतिदिन क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वहन 8 बजे से 9 बजे तक अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति ई-पॉप डिवाइस पर अवश्य दर्ज की जायेगी। इस अवसर पर एसडीएम शैलेश दुबे, एसडीएम अरुण कुमार, एसडीएम संजीव राय, अपर उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसडीएम डॉ सुनील कुमार, डिप्टी आरएमओ कमलेश सिंह, एआर को-ऑपरेटिव अनूप मिश्रा, राजीव कुमार, जिला मंडी सचिव शिवनिवास यादव आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने श्रमिकों में वितरित किया गमछा, खाद्य सामग्री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** मजदूर दिवस पर गुरूवार को चित्रांश क्लब महिला विंग की जिला संयोजक प्रतिमा श्रीवास्तवा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बाटा गली के सामने दिहाड़ी मजदूरी की उम्मीद में बैठे श्रमिकों के साथ उनका सुख दुःख साझा किया। उनमें गमछा, बिस्कुट, पानी आदि का वितरण किया। क्लब संस्थापिका रेखा चित्रगुप्त, संरक्षिका संध्या दीक्षित, अर्चना श्रीवास्तवा ने कहा कि मजदूरों के पसीने से ही खेत खलिहाल लहलहाते हैं। हमें इनके श्रम को सम्मान देना होगा। श्रमिकों में सामग्री वितरण के दौरान मुख्य रूप से सुमन श्रीवास्तवा, रोमी बाधवा, सविता श्रीवास्तवा, रानी श्रीवास्तवा आदि शामिल रहीं।

# तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

**दुबौलिया, बस्ती।** दुबौलिया ब्लाक के ग्राम पंचायत पेठिया लश्करी के ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के खिलाफ उप लोकायुक्त को की गई शिकायत की जांच के लिए डीएम ने एक त्रिसदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर 15 मई तक जांच रिपोर्ट मांगी है। ग्राम पंचायत के संतोष यादव ने उपलोकायुक्त को शिकायत की गई है कि प्रधान एवं पंचायत सचिव ने वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक प्रधान राम उजागिर यादव एवं उनके नात रिश्तेदारों के व्यक्तिगत खाते में तीन लाख अस्सी हज़ार चार सौ चौसठ रुपये का भुगतान हुआ है। जो पंचायत सचिव विनय शुक्ल एवं ग्राम प्रधान राम उजागिर यादव की मिली भगत से किया गया है। डीएम ने एसडीएम हर्रैया, न्यायिक वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी एवं सीओ कलवारी को जांच अधिकारी नामित किया है।

# केएमसी के सुपर स्पेशलिटी सेवाओं का होगा विस्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** केएमसी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है जिसके तहत कार्डियोलॉजी, न्युरोलाजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी सहित विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी । इस अवसर पर शांति फाउंडेशन के सीईओ डॉ एस एम रफीक का संस्था के सदस्यों, अधिकारियों और चिकित्सकों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज होने के बाद जिस तरह से केएमसी चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा तथा जनपद के लोगों को किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधा के लिए महानगरों तक न जाना पड़े इस उद्देश्य को पूरा कर रहा है। सभी प्रकार की विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो तथा कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्युरोलाजी सहित विभिन्न प्रकार के इलाज के लिए जनपद के लोगों को जनपद के बाहर न जाना पड़े इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन प्रोफेसर डॉ संकल्प द्विवेदी ने कहा कि डॉ एस एम रफीक के देख रेख में यह विंग नित्य नए आयाम स्थापित करे। हमारे चेयरमैन विनय कुमार श्रीवास्तव सर के उद्देश्यों एवं सपने को पूरा करने में हम सभी अपने पूरी समर्थ के साथ काम करें । डॉ एस एम रफीक ने कहा कि केएमसी ने पहले भी कोरोना के दौर में चिकित्सा को सबसे ऊपर रखकर कार्य किया है तथा जनपद वासियों के स्वास्थ्य की चिंता की है। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों ने सीईओ डॉ एस एम रफीक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज चिकित्सागण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**दुबौलिया, बस्ती।** थाना के एक गांव में आई बारात में बीती रात कैमरामैन को लेने जा रहे बाईक सवार अंधा मोड होने के चलते पुल के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर सरयू नदी की पानी भरी छोटी सोती में चले गए, जिससे एक की डूबने से मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। सुबह लोगों की नजर पड़ी तो इस की सूचना पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के छोटकी भुवरिया गांव निवासी रंगीलाल निषाद ऊर्फसोखा के पौत्री की शादी थी जहां पर बुधवार की देर रात अम्बेडकर नगर के भीटी थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव निवासी आशाराम के घर से बारात आई थी। रात में कैमरामैन को लेने के लिए दो बाराती बाईक से जा रहे थे। अशोकपुर दुबौलिया सम्पर्क मार्ग पर टेढवा बंधे पर छोटे पुल के पास अनियंत्रित होकर रेलिंग व पेड़ से टकराकर नीचे पानी में चले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी दुबौलिया भेजा। घायल की पहचान अम्बेडकर नगर के भीटी थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव निवासी दुर्गेश निषाद 23 वर्ष एवं मृतक की पहचान गोपाल निषाद पुत्र राम जीत 28 के रूप में हुई। गोपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कालेज संरक्षिका के निधन पर शोक

**कप्तानगंज कुशीनगर।** जीडी इण्टर कालेज की 95 वर्षीय संरक्षिका सरस्वती देवी का बुधवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया । निधन की खबर सुनते ही विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई है । जीडी इण्टर कालेज असना तथा पंचायत इण्टर कालेज बोदरवार में निवर्तमान प्रधानाचार्य रमेशचन्द्र त्रिपाठी तथा प्रधानाचार्य गोविन्द मिश्र की देखरेख में शोक सभा आयोजित कर मृतात्मा की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धान्जली अर्पित किया गया । सरस्वती देवी अपने पीछे गंगा प्रसाद चौबे, आद्या प्रसाद चौबे, विनोद कुमार चौबे, अरविन्द कुमार चौबे 4 पुत्रों के अलावा इकलौती पुत्री कुमुद तथा एक हरा भरा परिवार छोड़ गई है । सरस्वती देवी तथा इनके पति स्वर्गीय रामनरेश चौबे सामाजिक सरोकार के धनी थे । पचासों वर्षो से गांव स्थित स्वयं -भू झारखण्डी शिव मंदिर परिसर में शिव रात्रि के दिन प्रति वर्ष विशाल मेला लगवाते थे । जिसमें आयोजित कुश्ती में अन्तरजनपदीय स्तर के पहलवान भाग लेते थे कप्तानगंज गण्डक नदी स्थित राम जानकी घाट पर गुरुवार 10 बजे के करीब मृतिका के छोटे पुत्र अरविन्द कुमार चौबे ने मृतिका सरस्वती देवी की चिता को मुखाग्नि दी ।

### शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप

**श्यामदेउरवा।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। 14 वर्षीय किशोरी की माँ ने दिए गए तहरीर में बताया है कि गत 29 अप्रैल को रात में 08 बजे के करीब उनकी नाबालिग लडक़ी को विपक्षी शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर 30 अप्रैल को लड़की मिली तो माँ ने थाने पर अपने साथ थाने लेकर आई। श्यामदेउरवा पुलिस ने थानाक्षेत्र के रहने वाले शिवकुमार के खिलाफ बीएनएस 137 (2), 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बुद्ध थीम पार्क, बुद्धा घाट का डीएम ने किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर द्वारा महापरिनिर्वाण स्थली तथागत भगवान बुद्ध की लेती हुई प्रतिमा का दर्शन कर चीवर चढ़ाया तथा आशीवार्द लिया। उन्होंने समस्त जनपदवासियों के कुशल मंगल की कामना भी की। तत्पश्चात पर्यटन विकास परियोजनाओं के अंतर्गत बुद्धा थीम पार्क, रामभार स्तूप के निकट बुद्धा घाट हिरण्यवती नदी पाथ वे, कृषि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। बुद्धा थीम पार्क, बुद्धा हिरण्यवती नदी घाट पर हो रहे पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली एवं विकास कार्यों के अंतर्गत बुद्धा घाट, हिरण्यावती नदी का सौंदर्यीकरण, बुद्धा थीम पार्क के अंतर्गत विशिष्ट एवं सामान्य प्रकृति के कार्य के बारे में भी संबंधित से जानकारी प्राप्त किया। बौद्ध स्थल रामभार स्तूप परिसर में ध्वनि एवं प्रकाश शो के कार्य की प्रगति का भी निरीक्षण किया। सभी परियोजनाओं में गुणवत्तापरक कार्य कराते हुए ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण निर्माण कार्यों का वहनीय, धारणीय एवं चिरकालिक विकास करने के निर्देश दिए ताकि पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षण का केंद्र सदा बना रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी कसया आशुतोष, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, कार्यदायी संस्थान के प्रोजेक्ट मैनेजर ए ई, संबंधित क्षेत्र के कानूनगो, लेखपाल तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोरी के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सिसवा।** नगर के सब्जी मंडी स्थित एक सर्राफे की दुकान में शनिवार की रात्रि में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोर को सामान सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शनिवार को हुए चोरी के पर्दाफाश के लिए प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह के दिशा निर्देशन में चौकी प्रभारी सिसवा उमाकांत सरोज अपने हमराहियों सहित कई जगह दबिश दे रहे थे कि गुरुवार को तड़के मुखबिर की सूचना पर उन्होंने का.विवेक गौड़ और दीपक यादव के साथ रायपुर नहर पुलिया से सेनानी नगर वार्ड निवासी रिंकू (35)वर्ष को चोरी गई सफेद धातु वाली 119 जोड़ी बिछिया, तीन सिक्का, एक जोड़ी पाजेब, दो कमरबंद के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी पर पूर्व में भी कोठीभार थाने में कई अन्य मुकदमा दर्ज है।

# शिक्षकों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर आज 1 मई 2025 को जनपद महराजगंज में हजारों शिक्षकों ने जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपनी 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रमेश कुमार एवं बीएसए रिद्धी पांडेय को सौंपा। संचालन जिलामंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र ने किया। जिलाध्यक्ष त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया, तो शिक्षक लखनऊ में धरना देने को बाध्य होंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह, जिला संयुक्त मंत्री अखिलेश पाठक, कोषाध्यक्ष मनौव्वर अली सहित अनेक नेताओं ने भी सरकार से शीघ्र मांगें पूरी करने की अपील की।







# झमाझम बारिश के साथ गिरे ओले, गर्मी से मिली राहत





**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गुरुवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और तेज गरज-चमक के साथ करीब 15 मिनट तक भारी ओलावृष्टि हुई। 100 ग्राम से अधिक वजन के ओले गिरने से वाहनों के शीशे टूट गए छतों पर तेज धमाके सुनाई देने लगे और लोगों में दहशत फैल गई। इस अचानक गिरे ओले से सड़कों पर बर्फ की परत जम गई। सूरज निकलने से पहले ही आसमान में घने बादल छा गए। कुछ ही देर में रुक-रुक कर हल्की बारिश शुरू हो गई और शहर के कुछ इलाकों में हल्के ओले भी गिरे। बारिश के कारण गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। बारिश भले ही ज्यादा देर तक नहीं हुई, लेकिन इससे मौसम सुहावना हो गया है।

बारिश के साथ गिरे हल्के ओलों ने लोगों को चौंका दिया। हवा में नमी और हल्की ठंडक बढ़ गई है। शहर के अलग-अलग इलाकों में लोगों ने सुबह की सैर और काम पर जाते समय मौसम का आनंद लिया। बादलों की मौजूदगी अब भी बनी हुई है और दिनभर ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक गिरने की संभावना है।

## नगर आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** नगर आयुक्त गौरव सागवाल ने निगम मुख्यालय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में जलकल विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ सफाई निरीक्षकों ने भी हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से शहरवासियों को निजात दिलाना और नालों की समुचित सफाई सुनिश्चित करना रहा।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी 15 दिनों के भीतर सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई का कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को निर्देशित किया कि वे नालों में सिल्ट जमा होने की समस्या को गंभीरता से लें और आधुनिक मशीनों का उपयोग करके सफाई कार्य को तेजी से पूरा करें। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयास से ही शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त किया जा सकता है। बैठक में नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को निर्देशित किया कि वे नालों में सिल्ट जमा होने की समस्या को गंभीरता से लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी नालों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की गंदगी या बीमारी न फैले। इसके अतिरिक्त, नगर आयुक्त ने शहर के नागरिकों से भी अपील की कि वे नालों में कूड़ा-कचरा न डालें और सफाई व्यवस्था में नगर निगम का सहयोग करें। सभी के प्रयास से जलभराव की समस्या से मुक्त किया जा सकता है।

## उच्चकों ने छीना पुलिसकर्मी की पत्नी का पर्स

### कैंट थाना क्षेत्र में सरदार तिराहे पर हुई घटना, बस्ती में तैनात हैं पति

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** कैंट थाना क्षेत्र के सरदार तिराहे पर बुधवार की रात बस्ती में तैनात पुलिस के एक दीवान की पत्नी से बदमाशों ने पर्स छीन लिया। उनके पर्स में 2 हजार रुपये नकद, मोबाइल व लगभग 1 लाख रुपये कीमत की ज्वेलरी थी। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला अपने पति व बच्चों के साथ सरदार तिराहा होते हुए मोहरीपुर स्थित अपने घर जा रही थी। सरदार तिराहे से पहले ही बाइक सवार दो बदमाश पीछे लगे थे। सरदार तिराहा पहुंचते ही उन्होंने महिला के कंधे पर लटका बैग झपट्टा मारकर छीना और फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है। पति धर्मेंद्र कुमार बस्ती जिले में दीवान हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में उनकी पत्नी सरिता देवी ने बताया कि सरदार तिराहे से कुछ दूर पहले ही बाइक सवार पीछे पड़ गए थे। यह आशंका नहीं थी कि वे छिनैती करेंगे। जैसे ही सरदार तिराहे पर हमारी बाइक पहुंची, उन्होंने पीछे से झपट्टा मारा और बैग छीनकर फरार हो गए। सरिता देवी ने बताया कि बैग में 2 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, दो अंगूठी, सिम लगा एक मोबाइल, 3 एटीमए कार्ड, वोटर आइडी सहित अन्य दस्तावेज रखे थे। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि बुधवार की रात महिला से कुछ बदमाशों ने पर्स छीन लिया। इस मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही बदमाशों को पकड लिया जाएगा।

## भाई-बहन की मौत के बाद, मां ने भी तोड़ा दम

**गोरखपुर।** जहर खाने के बाद गंभीर अवस्था में पुलिस ने मां-बेटी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान युवक की बहन सुप्रिया (14) की बुधवार की शाम को मौत गई। जबकि, मां कौशिल्या की मौत बृहस्पतिवार की सुबह मेडिकल कॉलेज में हो गई।

हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के कूचडेहरि गांव में मां के डांटने से नाराज मोहित कन्नौजिया (18) ने बुधवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। बेटे को फंदे से लटका देख उसकी मां और फिर 14 वर्षीय बहन ने भी जहर (सल्फास) खा लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान युवक की बहन सुप्रिया (14) की शाम को मौत गई।

## शराब व्यवसाई ने गुर्गों संग मिलकर सभासद को पीटा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** बड़हलगंज के लक्ष्मीबाई नगर के सभासद दीपक शर्मा को बीती रात उपनगर के पटना चौराहा स्थित मॉडल शॉप के मालिक ने अपने साथियों के साथ मिल कर बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना सभासद ने स्थानीय पुलिस को दे दी है, जिस पर एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

सभासद द्वारा पुलिस को दिये गए प्रार्थना पत्र के अनुसार बुधवार की रात क़रीब 10.30 बजे किसी निमंत्रण में जा रहा था, इसी बीच पटना चौराहे के समीप स्थित मॉडल शॉप के सामने खड़े मनबढ़ चक्रधारी सोनकर ने घेर कर मार पीट करने के साथ किसी को फोन किया, जिसके बाद मॉडल शॉप के मालिक विशाल राय कई लोगों के साथ दो गाड़ियों में पहुंचे और अपने साथ के लोगों को जान से मार डालने के लिये कहते हुए पिस्टल की बट से मेरे सर पर मार दिया। इसी बीच चक्रधारी सोनकर ने गला दबा दिया जिसकी वजह से दीपक बेहोश हो गया। सभासद को मरा जान कर हमलावर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे नगर पंचायत कर्मी उमेश यादव व अन्य किसी तरह दीपक को लेकर थाने पहुंचे। सभासद ने बताया कि उस पर जानलेवा हमले की घटना पूर्व चेयरमैन सूरज जायसवाल के उकसावे पर की गई है, हमलावर चक्रधारी ने घटना के बाद पूर्व चेयरमैन को फोन पर सूचना देते हुए कहा भी कि आपका कार्य कर दिये है, दीपक को मार डाले हैं।

# श्रमिक दिवस पर 48 रेल कर्मी किए गए सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा 1 मई को रेलवे अधिकारी क्लब, गोरखपुर में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे के 48 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने समारोह में उपस्थित श्रमिक रेलकर्मियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि निष्ठावान कर्मचारियों के सराहनीय योगदान से भारतीय रेल, यात्रियों को सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से गन्तव्य तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारी गर्मी, बरसात एवं सर्दियों के मौसम में कठिन परिस्थितियों में भी सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले रेलकर्मियों को आज श्रमिक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जा रहा है। श्रमिक सम्मान समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के 17, लखनऊ मण्डल के 20, वाराणसी मण्डल के 1 एवं इज्जतनगर मण्डल के 10 रेलकर्मियों जिसमें कांटावाला, पोर्टर, हम्माल, टैऊक्र मेंटेनर, पी-वे मेट, हेल्पर, तकनीशियन, लाइन क्लीयर पोर्टर आदि विभिन्न पदों पर कार्यरत रेलकर्मियों को महाप्रबन्धक ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती सुमा नाज़, संयुक्त सचिव श्रीमती पूजा खरे एवं संगठन की अन्य सदस्यायें उपस्थित थीं।

## नरेश कुमार ने की मुख्य यांत्रिक इंजीनियर का पदभार ग्रहण



**गोरखपुर।** नरेश कुमार ने एक मई को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व, आप पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर में मुख्य कारखाना इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहे। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस परीक्षा-1986 के माध्यम से श्री नरेश कुमार भारतीय रेल यांत्रिक सेवा में आये। आपकी पहली नियुक्ति दक्षिण पूर्व रेलवे पर सहायक यांत्रिक इंजीनियर, वैगन,हल्दिया के पद पर हुई। आपने रेल सेवा के दौरान एमबीए, फाइनेंस, एमबीए, मार्केटिंग की डिग्री प्राप्त की। भारतीय रेल के विभिन्न क्षेत्रीय रेलों में अनेक पदो के अतिरिक्त निदेशक, आरडीएसओ, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, प्लांट,डीजल लोकोमोटिव वर्क्स वाराणसी, महाप्रबन्धक, यांत्रिक (रेलवे विकास निगम लिमिटेड/वाराणसी), मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, प्रोक्योरमेंट, दिल्ली आदि पदों पर सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

## डीएम कार्यालय पर सपाइयों का प्रदर्शन

**गोरखपुर।** सपा ने गुरुवार को डीएम ऑफिस का घेराव किया और सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे सपा जिला पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक आवाज़ों को दबाना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि बीजेप सरकार विपक्ष की बढ़ती ताक़त से घबरा गई है और सपा नेताओं पर झूठे मुकदमे लगाकर बदनाम करने की कोशिश कर रही है। हाल ही में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें वे डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने बैठे दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर को लेकर बीजेपी नेताओं ने सपा पर अंबेडकर के विचारों का अपमान करने का आरोप लगाया। इसके जवाब में सपा ने कहा कि बीजेपी बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल केवल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है।

# डिजिटल क्लॉक बनाने वाले को पांच लाख का इनाम देगा रेलवे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** भारतीय रेल ने देश के सभी स्टेशनों पर नए डिजाइन के डिजिटल क्लॉक लगाने की योजना बनाई है जिसके लिए डिजाइन बनाने हेतु एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड के अनुसार सभी स्टेशनों की डिजिटल घड़ियों को मानकीकृत करने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसके तहत पेशेवर, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी स्टूडेंट तथा स्कूली छात्रों के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं।

तीनों श्रेणियों को मिलाकर भारतीय रेल में उपयोग के लिए चयनित डिजाइन बनाने वाले किसी एक विजेता को पांच लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। तीनों श्रेणियों में 50-50 हजार रुपए के पांच-पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के तहत 1 मई से 31 मई तक प्रतिभागियों को डिजिटल घड़ी का डिजाइन ऑनलाइन माध्यम से जमा करना है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार के अनुसार हाई रेजोल्यूशन वाली डिजाइन जिसमें वाटर मार्क या लोगो ना हो, को ईमेल के माध्यम से भेजना है और साथ में मौलिकता का प्रमाण पत्र भी प्रतिभागियों को देना है। सभी प्रतिभागियों को एक से अधिक डिजाइन जमा करने की छूट दी गई है। प्रतिभागियों को अपने डिजाइन के साथ ही डिजाइन के विषय के बारे में एक संक्षिप्त अवधारणा नोट भी जमा करना है। प्रतिभागियों को यह भी सुनिश्चित करना है कि उनका डिजाइन मौलिक है और बौद्धिक संपदा या किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं करता है। स्कूली छात्र कैटेगरी में 12वीं तक के छात्रों को शामिल किया गया है जिसके लिए उन्हें स्कूल का पहचान पत्र जमा करना होगा। इसी तरह कॉलेज के छात्र कैटेगरी में वैसे लोगों को शामिल किया गया है जो किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे हों। शेष सभी लोगों को प्रोफेशनल कैटेगरी में रखा जाएगा।

## छपरा से मुंबई के लिए चलेगी विशेष गाड़ी

**गोरखपुर।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 1 मई को तथा छपरा 6 मई को 1 फेरे के लिये निम्नवत किया जायेगा। 01031 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 01 मई को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन थाणे से 00.18 बजे, कल्याण से 01.05 बजे, ईगतपुरी से 02.55 बजे, नासिक रोड से 03.33 बजे, मनमाड से 04.35 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं (झांसी) से 19.20 बजे, उरई से 20.45 बजे, गोविन्दपुरी से 23.20 बजे, तीसरे दिन फतेहपुर से 00.45 बजे, प्रयागराज जं0 से 03.10 बजे, प्रयागराज रामबाग से 03.30 बजे, वाराणसी से 06.10 बजे, औंड़िहार से 07.15 बजे तथा गाजीपुर सिटी से 08.20 बजे छूटकर छपरा 10.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 01032 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 6 मई को छपरा से 13.30 बजे प्रस्थान कर गाजीपुर सिटी से 15.55 बजे, औंड़िहार से 17.00 बजे, वाराणसी से 18.10 बजे, प्रयागराज रामबाग से 20.45 बजे, प्रयागराज जं0 से 21.20 बजे, फतेहपुर से 23.25 बजे, दूसरे दिन गोविन्दपुरी से 01.05 बजे, उरई से 03.40 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0(झांसी) से 05.05 बजे, मनमाड से 18.53 बजे, नासिक रोड से 19.40 बजे, ईगतपुरी से 22.15 बजे, कल्याण से 23.53 बजे तथा तीसरे दिन थाणे से 00.23 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 01.30 बजे पहुँचेगी।

# डीडीयू के स्थापना दिवस पर कुलाधिपति ने दी बधाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय आज अपनी स्थापना की हीरक जयन्ती (75वीं वर्षगांठ) अपार उत्साह, गरिमा एवं शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ मना रहा है। यह अवसर विश्वविद्यालय की शिक्षा, शोध, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्रों में प्रगति का प्रतीक है, जिसने इसे राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी विशिष्ट पहचान दिलाई है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय अपार उपलब्धियों के साथ अपने स्थापना की हीरक जयन्ती मना रहा है। मेरी कामना है कि विश्वविद्यालय परिवार और विद्यार्थी, विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास में संकल्पबद्ध होकर योगदान दें ताकि यह संस्थान देश के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सके। कुलपति प्रो. पूनम टण्डन ने कुलाधिपति के प्रेरणादायी संदेश के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह संदेश विश्वविद्यालय समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा हीरक जयन्ती केवल हमारे गौरवशाली अतीत की स्मृति भर नहीं, बल्कि यह भावी लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाने का अवसर है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय आज शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्तर भारत के अग्रणी संस्थानों में शुमार है।

## क्षेत्र पंचायत गगहा की हुई बैठक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गगहा/गरखपुर।** विकास खण्ड गगहा मुख्यालय में वृहस्पतिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक प्रमुख शिवाजी चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक मे नव नियुक्त आंगनबाडी कार्यकर्त्रियों को ब्लाक प्रमुख ने नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा विकास की अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं और बेरोजगारों को रोजगार दिया जा रहा है। बैठक मे खण्ड विकास अधिकारी एजाज़ अहमद ने कहा कि इस समय प्रधानमंत्री आवास का सर्वे कार्य चल रहा है। सभी ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य इस बात का ध्यान दें कि कोई पात्र सर्वे मे छूट ना जाए। उन्होंने प्रत्येक परिवार की फैमिली आईडी बनाने पर जोर दिया। बैठक मे पशुचिकित्साधिकारी जनार्दन यादव, सहायक विकास अधिकारी इत्यादि ने अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। संचालन ग्राम विकास अधिकारी आशुतोष सिंह ने किया।

## आरपीएफ ने स्टेशन पर चलाया अभियान

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

30 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस प्रयागराज रामबाग एवं अपराध आसूचना शाखा बनारस द्वारा निगरानी के दौरान प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर हुई चाकूबाजी की घटना में संलिप्त तीन शातिर अपराधियों को प्रयागराज रामबाग कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। 30 अप्रैल को स्टेशन मास्टर नूनखार को 13 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। जिसे रेलवे सुरक्षा बल, भटनी को सुपुर्द किया गया। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन भटनी को सुपुर्द किया।

# पुलिस मुठभेड़ में एक को लगी गोली, दो गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** कैंट थाना क्षेत्र में गुरुवार भोर में पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक लुटेरे के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके दो साथी मौके से गिरफ्तार कर लिए गए। घायल बदमाश की पहचान शंभू प्रसाद गौड़ पुत्र शंकर गौड़ निवासी मुजरी, थाना पनियरा, महराजगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना में शामिल उसके साथी चिलुआताल के नकहा में रहने वाले शेखर और धर्मशाला बाजार के हुसैन को पुलिस ने दबोच लिया।उनके पास से लूटे गए सामान व घटना में प्रयुक्त आटो बरामद हुई है।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि तीनों बदमाशों ने 28 अप्रैल की रात में 12.30 बजे बशारतपुर की रहने वाली महिला रंजू देवी से धर्मशाला बाजार के पास आटो में बिठाकर मंगलसूत्र, तीन चेन, सात साड़ी और नौ हजार रुपये लूट लिए थे। पीड़िता ने रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात से आटो बुक किया था। आटो चालक शंभू ने पहले कई बार स्टेशन के आसपास आटो घुमाया फिर धर्मशाला बाजार के पास आटो में पहले से बैठे अपने साथियों के साथ लूट को अंजाम दिया। सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। गुरुवार भोर में गश्त के दौरान कैंट पुलिस को मोहद्दीपुर में आटो सवार तीन संदिग्ध युवक नजर आए। थानेदार संजय सिंह और रेलवे चौकी प्रभारी सुधांशु सिंह ने जब रोकने का प्रयास किया तो युवक आटो लेकर हाइडिल कालोनी की ओर भागने लगे और फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में शंभू के पैर में गोली लगी। शंभू के पास से एक तमंचा, दो खोखा, एक जिंदा कारतूस, एक मंगलसूत्र और 2800 नकद बरामद हुआ। वहीं शेखर और हुसैन के पास से चेन, 2500, तीन साड़ियां, मेकअप का सामान और लूट में प्रयुक्त आटो रिक्शा बरामद किया गया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को करें सुदृढ़ : सीएमओ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने एवं जनता को उनके नजदीकी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा ने की।

इसमें जिले भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि समुदाय को यह जानकारी दी जाए कि सामान्य बीमारियों की जांच और इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ही उपयुक्त हैं, केवल गंभीर या विशेषज्ञ सेवाओं के लिए ही जिला अस्पताल या उच्च संस्थानों जैसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज अथवा एम्स गोरखपुर जाएं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए उच्च चिकित्सा संस्थानों और नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रचार सामग्री लगाई जा रही है, जिससे आमजन यह जान सकें कि किस केंद्र पर कौन सी विशेषज्ञ सेवा उपलब्ध है। बैठक में विशेष रूप से सेवाओं में नवाचार के माध्यम से सुधार की दिशा में पहल, प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर समर्पित भाव से सेवाएं सुनिश्चित करना और समुदाय को जागरूक करने के लिए प्रचार सामग्री के उपयोग पर चर्चा हुई। बैठक के अगले दिन, गुरुवार को सीएमओ डॉ राजेश झा ने गोला सीएचसी और ऊरवा पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव की गुणवत्ता बढ़ाने, उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मरीजों से नियमित फीडबैक लेने के निर्देश दिये। इस बैठक में उपकरणों और भवनों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि किसी भी उपकरण की कमी पाए जाने पर अधीक्षक को शीघ्र डिमांड भेजा जाएगा और भारी मरीज भीड़ और भवन की जर्जर स्थिति के मद्देनज़र मरम्मत का भी आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी केंद्रों पर निःशुल्क एवं सुलभ सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी और जिला प्रशासन द्वारा हर संभव संसाधन मुहैया कराए जाएंगे। इस अवसर पर एसीएमओ आरसीएच डॉ ए.के. चौधरी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला अस्पताल के नवागत प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि सभी सीएचसी व पीएचसी पर ऑटोएनालाइजर व सीबीसी जांच मशीनें लगाई जा रही हैं। सीएमओ ने बताया कि कुछ प्रमुख सेवाओं पर विशेष ध्यान है हमारा जैसे कि जिला अस्पताल में डेंटल लैब की स्थापना, विशेषज्ञ चिकित्सक, उपकरण व दवाएं उपलब्ध कराकर, जर्जर भवनों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण एवं आवश्यक मरम्मत करवाना।

# वीपीडी डिजिटल सर्विलांस पोर्टल का हुआ शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** सीएमओ डॉ. राजेश झा ने गुरुवार को सीएमओ कार्यालय के प्रेरणा श्री सभागार में आयोजित समारोह के दौरान वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीजेज के लिए डिजिटल सर्विलांस पोर्टल का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि यूडीएसपी के माध्यम से टीकों से रोके जा सकने वाले रोगों की रीयल टाइम निगरानी संभव हो पाएगी, जिससे समय पर उचित प्रतिक्रिया और रणनीति बनाना आसान होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल (आईएएस) ने कहा कि एनएचएम की पहल से टीकाकरण में सुधार हुआ है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने जानकारी दी कि विश्व टीकाकरण सप्ताह (24-30 अप्रैल) के अंतर्गत कक्षा 5 और 10 के छात्रों को मुफ्त टीडी वैक्सीन लगाई जा रही है। राज्य निगरानी अधिकारी डॉ. विकासेंदु अग्रवाल ने बताया कि मई 2023 में लॉन्च हुए यूडीएसपी पर अब तक 60 लाख से अधिक टेस्ट रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी हैं। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने टीकों से रोकी जा सकने वाली बीमारियों के लिए रीयल टाइम डिजिटल निगरानी व्यवस्था लागू की है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नंदलाल कुशवाहा ने कहा कि यह इंटीग्रेशन टीकाकरण कवरेज में मौजूद गैप्स की पहचान, त्वरित कार्रवाई,और महामारी विज्ञान संबंधी डेटा संकलन में बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर एसीएमओ आरसीएच डॉ. एके चौधरी, डिप्टी सीएमओ डॉ. एके सिंह, डॉ. अश्विनी चौरसिया, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. हरिओम पांडेय, डब्लूएचओ के एसएमओ डॉ. विनय शंकर और जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह भी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर जंक्शन से कैंट तीसरी लाइन का कार्य अंतिम चरण में

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** संरक्षित, सुरक्षित एवं यात्रियों के मांग के अनुरूप ट्रेनों का सुगम परिचालन हेतु भारतीय रेल पर इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी क्रम में डोमिनगढ़-गोरखपुर-गोरखपुर कैंट-कुसम्ही तीसरी लाइन तथा गोरखपुर-नकहा जंगल दोहरी लाइन निर्माण परियोजना के चौथे चरण में गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन का कार्य अंतिम चरण में है। गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन का 3 मई को सीआरएस निरीक्षण किया जायेगा।

गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत किये जा रहे नॉन इंटरलॉक कार्य के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ एवं वाराणसी मंडल पर शैडो ब्लॉक के अन्तर्गत विभिन्न कार्य सम्पादित किये गये, जिससे समय के साथ ही साथ गाड़ियों के संचलन को प्रभावित होने से बचाया गया। एक मई को गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन के विद्युतीकरण का निरीक्षण प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर द्वारा किया गया। 3 मई को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा तीसरी लाइन का निरीक्षण किया जायेगा। तीसरी लाइन के निर्माण हो जाने से लाइन क्षमता में वृद्धि होगी तथा मांग के अनुरूप अधिक संख्या में गाड़ियां तीव्र गति से चलायी जा सकेंगी। गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन पर आवागमन आरम्भ हो जाने से कैंट सेटेलाइट स्टेशन के रूप में और बेहतर रूप में कार्य करने लगेगा तथा यहां से अधिक गाड़ियां चलाई जा सकेगी।

# बिजली निजीकरण के विरोध में निकाली रैली



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** बिजली के निजीकरण के विरोध में आज सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विशाल बाइक रैली निकालकर बिजली कर्मियों ने आंदोलन प्रारंभ कर दिया। आंदोलन के अगले चरण में 2 मई से 7 दिन तक राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर क्रमिक अनशन किया जाएगा।

ज्ञापन दो अभियान के अंतर्गत आज शिवपाल सिंह यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण की दृष्टि से बड़े पैमाने पर सभी विद्युत वितरण निगमों से संविदा कर्मियों को हटाए जाने का आदेश तत्काल वापस लिया जाए। संघर्ष समिति ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की मांग करते हुए कहा कि अत्यंत अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मियों को जिनमें से कई लोग अपंग भी हो चुके हैं।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, भानु प्रताप सिंह, जीवेश नन्दन, अमित आनंद, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, ब्रजेश त्रिपाठी, राकेश चौरसिया, पंकज पासवान, प्रवीण सिंह, जयनारायण, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, ओमप्रकाश यादव, राघवेंद्र कुमार, विपिन कुमार, मनदीप सिंह, विकास श्रीवास्तव, दिलीप गौतम, पीयूष श्रीवास्तव, नीरज मिश्रा, अभय सिंह, राजकुमार सिंह, सर्वेश वर्मा, अजय शाही, विनोद श्रीवास्तव, धनंजय राजभर, अमरनाथ कुशवाहा, रवि पांडे, मनीष राय, मुकेश कुमार एवं नरसिंह मौर्य आदि ने कहा कि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखकर फर्जी दस्तावेज देने वाले कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन से मीटिंग करने के लिए कह रहे हैं किंतु उन्होंने आज तक संघर्ष समिति से वार्ता तक करना जरूरी नहीं समझा।

# तीन माह में करोड़ों की सरकारी जमीन पर बनाया पक्का मकान



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** योगी सरकार जहां एक तरफ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर कठोर कार्यवाही करने का आदेश जारी करती है तो वहीं दूसरी तरफ स्थानीय राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने का सिलसिला जारी है।राजस्व कर्मी अपने हुक्मरानों को झूठी असत्य भ्रामक आख्या प्रस्तुत कर गुमराह करते है,वहीं दूसरी तरफ भूमाफिया करोड़ों की सरकारी संपत्ति पर कब्जा कर करोड़पति बन रहे है।कुंडा तहसील अन्तर्गत परगना बाबागंज के थाना संग्रामगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत संग्रामगढ़ मे कालाकांकर लालगंज राज मार्ग गाटा संख्या 1282 से सटी नवीन परती गाटा संख्या 1286 लगभग तीस लठ्ठा बेशकीमती करोड़ों की जमीन पर जनवरी 25 से अवैध कब्जा करने का नंगा नाच भूमाफियाओं द्वारा किया जा रहा है,यहां पर एक फुट जमीन की कीमत लगभग तीन लाख रुपए है जिस हिसाब से करीब आठ करोड़ रुपए कीमत की जमीन बताई जा रही है।ग्रामीणों ने इस सम्बन्ध मे कई बार शिकायत किया लेकिन राजस्व कर्मी और निरीक्षक ने उच्च अधिकारीयों को गुमराह कर मिथ्या आख्या प्रस्तुत किया जिसमे किसी भी प्रकार के सरकारी जमीन पर निर्माण को इनकार किया और भूमाफियाओं की तरफदारी की।सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पर कोई कार्यवाही नहीं होने से गांव मे चर्चा होने लगी कि जिम्मेदारों ने करोड़ों की जमीन को औने पौने दाम में बिना किसी लिखा पढ़ी के बेच दिया है जिस कारण से कार्यवाही अमल मे नही लाई जा रही है।जानकारी के मुताबिक बीते दिनों किसी ने उपजिलाधिकारी कुंडा देश दीपक सिंह से शिकायत कर दिया। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों के ढंग से पेंच कसे तब जाकर लेखपाल शिवेन्द्र उपाध्याय ने निर्माण कार्य को रुकवाया लेकिन उसके बाद दबंग किस्म के भूमाफियाओं ने पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

## वन स्टाप सेंटर के निरीक्षण में डीएम को बेपटरी मिली व्यवस्थाएं

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सलारगंज सिथत वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर की साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका, पी?त महिला आमद पंजिका, रसोईघर, स्टाक सहित अन्य पंजिकाओं का निरीक्षण किया। सेंटर का साफ-सफाई तथा अभिलेखों का रख-रखाव सही न पाये जाने पर डीएम ने केन्द्र प्रशासक रचना कटियार को हटाये जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दोपहर के भोजन में विलम्ब होने तथा भोजन से सम्बन्धित शासनादेश भी केन्द्र पर उपलब्ध न पाये जाने पर डीएम ने क?ी नारा?गी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान भोजन सामग्री क्रय इत्यादि की टेण्डर प्रक्रिया में शिथिलता बरतने व अत्यधिक विलम्ब होने एवं पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के दृष्टिगत जिला प्रोबेशन अधिकारी के विरूद्ध शासन को पत्र लिखे जाने का भी निर्देश दिया।

# मां-बेटी चौखट पर बैठी, घुसने नहीं दे रहे ससुरालीजन

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** अपने ही घर में प्रवेश करने के लिए मां और बेटी चौबीस घण्टे से घर के बाहर बैठी हैं और उनको ससुरालीजन घर में नही घुसने दें रहें हैं।महिला का आरोप है कि घर में उसकी नन्द और देवरानी ने उसके पति और ससुर के कहने पर अंदर से ताला बंद कर लिया है।मामलें को लेकर महिला ने पुलिस से शिकायत किया है लेकिन कानून के हाथों बंधी पुलिस भी मदद नही कर पा रही है।महेशगंज थाना के शेखपुर चौराष गांव निवासिनी नीलम शुक्ला 40 पत्नी सुशील शुक्ल अपने पति एवं अपनी पुत्री यशस्वी 17 के साथ प्रयागराज में रहती थी,वहीं से एक माह पूर्व वह अपनी पुत्री के साथ अपने मायके गोवर्धनपुर थाना सांगीपुर चली गई।एक माह मायके मे रहने के बाद बुधवार को जब वह अपनी पुत्री के साथ अपने ससुराल शेखपुर चौराष आई तो उसको देखकर उसकी देवरानी और ससुर ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और उसको घर में घुसने नही दिया।नीलम का कहना है कि जब वह घर आई तो उसका ससुर भी घर के अंदर था लेकिन कहीं से बाहर निकलकर वह प्रयागराज भाग गया।घर के बाहर चौबीस घण्टे से वह बाहर बैठी है लेकिन कोई भी भीतर से दरवाजा नही खोल रहा है।पी?ता नीलम का कहना है कि उसका पति उसके पुत्र कौशतुक को साथ लेकर प्रयागराज में रहता है।

## गैंगस्टर आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली पुलिस ने संग्रामगढ़ थाना के आरक्षी आनंद यादव की सक्रियता से गैंगस्टर आरोपी पिंटू सरोज उर्फ वीरेन्द्र सरोज पुत्र छेदी लाल निवासी ग्राम मुराइन का पुरवा कुसेमर थाना संग्रामगढ़ को उसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना के पूरे दलपतशाह गांव मे क्रिकेट मैच खेलने के विवाद मे दो पक्षों की मारपीट मे एक पक्ष के भाई पर बांका धारदार हथियार से हमला करने के मामले मे घायल की ईलाज दौरान मौत होने के सम्बन्ध मे वादी की तहरीर पर थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र ठाकुर मय हमराह उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह राजन कुमार बिंद आदि ने मुखबिर खास की सूचना पर हत्यारोपी अतुल सरोज उर्फ लाले पुत्र महेंद्र सरोज,शनि सरोज उर्फ नाटे पुत्र धर्मेन्द्र सरोज उर्फ पप्पू निवासीगण पूरे दलपतशाह को धौरहरा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## आगजनी में दो घरों की गृहस्थी खाक,बछड़े की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** चूल्हे की चिंगारी से घर में अचानक आग लग गयी।इससे दो घरों की गृहस्थी खाक हो गई,वहीं गंभीर रूप से झुलसे एक बछ?ा की मौत हो गई। लालगंज कोतवाली के रिसालपुर मजरा अलीपुर मे राम आसरे सरोज के घर गुरूवार की सुबह खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई। इससे गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया।वहीं आग की लपटें पड़ोसी फूल चन्द्र के घर पहुंच गई। फूलचंद्र के घर का सामान जल गया।

## लगातार प्रशासन के कार्यवाही में, 1 और मदरसा सील

**बहराइच।** भारत नेपाल सीमा पर कथित रूप से कब्रिस्तान की जमीन पर संचालित किये जा रहे एक मदरसे को जिला प्रशासन ने बुधवार को सील कर दिया। जिले में पिछले तीन दिनों के दौरान छह मदरसे सील कराए गये हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि नेपाल सीमा से 10 किलोमीटर परिधि के बफर जोन में तीन दिनों से गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर कार्यवाही जारी है, और इसके तहत जिले में अब तक छह मदरसे सील कराए गये हैं। उन्होंने बताया कि मोतीपुर तहसील स्थित कंजडवा गांव में अभिलेखों में कब्रिस्तान के तौर पर दर्ज भूमि पर अवैध रूप से मदरसा बनाया गया था। उन्होंने कहा कि मौके पर मदरसा मोहसिनुल उलूम के संचालक मदरसे के संबंध में जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सके इसलिए मदरसे को सील कर दिया गया है। मिश्र ने बताया कि स्थानीय खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं।

# 2813.13 करोड़ की योजनाओं से होंगे विकास कार्य

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत जनपद में कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड व निर्माण खण्ड-2 के अन्तर्गत योजनावार/विधानसभावार प्रस्तावित मार्गो के नवनिर्माण, पुर्ननिर्माण, मिसिंग लिंक, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, विशेष मरम्मत, ब्लैक स्पाट, सेतु व भवन निर्माण हेतु कुल प्रस्तावित 1012 कार्यो लम्बाई 1500.470 कि.मी. तथा प्रस्तावित लागत रू. 2813.13 करोड की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सम्बन्धित जनप्रतिनिधि व उनके प्रतिनिधि तथा कार्यदायी संस्थाओं व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के दौरान बताया गया कि 125 से अधिक आबादी के बसावटों को जोड़ने हेतु ग्रामीण मार्गो के नवनिर्माण के 472 कार्य लम्बाई 481.367 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 465.06 करोड़, ग्रामीण मार्गो के पुननिर्माण के 36 कार्य लम्बाई 81.680 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 49.39 करोड़, ग्रामीण मार्गो के मिसिंग लिंक के 157 कार्य लम्बाई 250.810 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 247.58 करोड़, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के 40 कार्य लम्बाई 432.666 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 1311.95 करोड़, चीनी मिल परिक्षेत्र योजनान्तर्गत पुर्ननिर्माण/नवनिर्माण एवं चौड़ीकरण का 01 कार्य लम्बाई 0.650 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 0.35 करोड़, विशेष मरम्मत के 211 कार्य लम्बाई 218.657 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 105.67 करोड़, ब्लैक स्पाट के 18 कार्य लम्बाई 2.800 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 27.27 करोड़, सेतु नवनिर्माण के 74 कार्य लम्बाई 31.840 कि.मी. व प्रस्तावित लागत रू. 600.14 करोड़ तथा भवन के 03 कार्य की प्रस्तावित लागत रू. 5.90 करोड़ है।विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत विधानसभावार प्रस्तावित कार्यो पर चर्चा के दौरान डीएम मोनिका रानी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों एवं सेतु निर्माण के सम्बन्ध में मा. जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर उनके सुझाव प्राप्त कर लिये जायें। डीएम ने यह भी कहा कि विभिन्न योजनाओं/कार्यो के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों से वरीयता क्रम का निर्धारण भी करा लें ताकि बजट की उपलब्धता के अनुसार प्राथमिकता के अनुसार कार्यो/परियोजनाओं को पूर्ण कराया जा सके। डीएम ने भी सुझाव दिया कि सभी विधानसभाओं में समानुपातिक धनराशि के आधार पर कार्यो का निर्धारण किया जाय।डीएम ने निर्माण खण्ड-1 व प्रान्तीय खण्ड के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ से पूर्व ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर सम्पर्क मार्गो व पुल पुलियों की आवश्यक मरम्मत करा दी जाय ताकि बाढ़ आने पर राहत व बचाव कार्यो के संचालन में किसी प्रकार की दुशवारी न आये।

# डीएम ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने थारू जनजाति महिला विकास समिति गोण्डा द्वारा संचालित वृद्धाश्रम अमीनपुर नगरौर का औचक निरीक्षण कर आश्रम की साफ-सफाई, संवासित वृद्धजनों के रहने, नाश्ते, भोजन व उनके स्वास्थ्य सहित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जाय?ा लिया। वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि वृद्धाश्रम की कुल क्षमता 150 है। डीएम ने वृद्धजनों से आज सुबह के नाश्तें व दोपहर के भोजन में दी गयी खाद्य सामग्री के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनों की ओर से बताया गया कि हलुआ, चाय, दोपहर के भोजन में पूड़ी, आलू परवल की सब्जी, कढ़ी, चावल, सलाद परोसा गया है।वृद्धाश्रम के कक्ष-कक्षों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने एक-एक वृद्धजन से पूरी आत्मीयता के साथ कुशलक्षेम पूछा तथा परिजनों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत कूलर, फैन इत्यादि की व्यवस्था किये जाने तथा समय-समय बिस्तरों की सफाई व बेडशीट बदलवाये जाने के निर्देश दिये तथा मनोरंजन कक्ष के निरीक्षण के दौरान टीवी भी चलवाकर देखा और उसमें भक्ति व न्यूजन के चौनलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डीएम ने वृद्वजनों से संवाद करते हुए वृद्धाश्रम द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का फीड बैक भी प्राप्त किया। वृद्धजनों द्वारा आश्रम की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। डीएम ने कहा कि वृद्धाश्रम में संवासित सभी माता-पिता तुल्य बुजुर्गो को बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जायें।डीएम ने निरीक्षण के दौरान सीएमओ को मोबाइल पर निर्देश दिया कि वृद्धजनों के आंख, कान, दांत, हड्डियां, घुटने, पैरों में सूजन, मानसिक स्वास्थ्य आदि से संबंधित चिकित्सकों की टीम सहित वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन कर सभी बुजुर्गो की फुल बॉडी की जांच करायें तथा परीक्षण रिपोर्ट के आधार उनके लिए आवश्यक औषधि व चिकित्सा व्यवस्था का प्रबन्ध किया जाय तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें चश्में, बत्तीसी, कान की मशीन इत्यादि का वितरण भी कराया जाय। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी व समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी बुजुर्गो को उनकी पात्रता के अनुसार पेंशन योजना का लाभ दिलाया जाय। इसी के साथ डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि 03 सदस्यीय अधिकारियों की टीम भेजकर सभी बुजुर्गो से उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर तत्काल उनका निराकरण करायें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए संवासित बुजुर्गो के मेन्यू में सुपाच्य पदार्थो को वरीयता प्रदान की जाय तथा शासन की मंशानुसार बुजुर्गो को सभी अनुमन्य सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जायें।

## 2 मई को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम बहराइच के उपखण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि 02 मई 2025 को 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र परसौरा से पोषित 11 के.वी. फीडर अवध साल्वेक्स (स्वतन्त्र फीडर) लाइन मरम्मत व इंटरपोलिंग कार्य, 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र डी?ल पावर हाउस के क्षेत्र में छतिग्रस्त वीसीवी को बदलने के कारण डी?ल पावर हाउस से पोषित समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण दरगाह, नुरूद्दीनचक, बख्शीपुरा, चांदमारी, गल्लामण्डी, हनुमानपुरी कालोनी, फ्रीगज, छावनी, डिगिहा तिराहा व अग्रसेन चौक इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र कल्पीपारा वीसीवी एवं पी.टी. स्थापित किये जाने के कारण उक्त फीडर से पोषित समस्त 02:00 बजे तक बाधित रहेगी।

## सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा रोकने की कवायद शुरू

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्रांतर्गत नहर के किनारे की अधिकांश जमीनों पर लोग अवैध रूप से कब्जा कर अपने खेतों में मिला लिए है, दूसरी तरफ बगल के खातेदारों द्वारा भूमि बेचने पर नहर सीमा की जानकारी न होने के कारण उसे भी बेच देते हैं।कब्जा लेने के दौरान विवाद शुरू हो जाता है।विवाद से बचने व अवैध कब्जा हटाने के लिए इसका सीमांकन करने के लिए विभाग द्वारा कवायद शुरू की गई,जिसके चलते शारदा सहायक खंड-51 नागापुर रजबहा नहर के किनारे की भूमि पर अवैध कब्जा होने के कारण उसके 10 किलोमीटर से 41 किलोमीटर तक बगल के स्थित गांव में नाप करके अवैध कब्जादारों से सिंचाई विभाग की जमीन मुक्त कराई जाएगी,जिसमें विकासखंड मंगरौरा के साथ ही विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के कुछ गांव शामिल हैं।

## विश्व मजदूर दिवस पर लोकपाल ने श्रमिकों को किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** धन्य हैं कलेक्टर शिव सहाय अवस्थी जिनके अथक प्रयास और फटकार के बाद निडर हो चुके ब्लॉक कर्मियों ने सूखे तालाबों को हरा भरा कर दिया है जिससे पशु पक्षियों को दो घूंट पानी भीषण गर्मी मे नसीब होगा। प्रत्येक तालाब नाला के द्वारा नहरों से जुड़े हुए हैं लेकिन नाला की सफाई के नाम पर मनरेगा खजाना खाली हो गया लेकिन नाला की हालत जस की तस बनी रही जिस कारण नहर का पानी तालाबों तक नहीं पहुंच पाता है। कलेक्टर की फटकार के बाद तालाबों मे नहरों और पंपिंग सेट के द्वारा पाईप से पानी भरा जा रहा है, अभी भी कई ब्लॉकों मे तालाब सूखे पड़े हुए है। ब्लॉक बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम पंचायत दोनई के तालाब की शिकायत का अवलोकन करने लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण पहुंचे,जहां पर तालाब में पाईप से पानी भरा जा रहा था।लोकपाल ने विश्व मजदूर दिवस पर उपस्थित समस्त मनरेगा श्रमिकों से संवाद कर उनको सम्मानित किया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान विजय कुमार पंचायत सचिव अभिजीत सिंह तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

## मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान, कानूनी अधिकार की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापग?।** विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर रानीगंज नगर पंचायत कार्यालय सभागार में तहसीलदार रानीगंज अजय संतोषी की अध्यक्षता में कानूनी जागरूकता एवं श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए तहसीलदार ने कहा कि मजदूरों की मेहनत ही विकास की बुनियाद है।सरकारी एवं गैर सरकारी उद्योगों में ब?ी संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं सरकार द्वारा मजदूरों के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं संचालित हैं।जागरूकता के अभाव में लोग योजनाओं से वंचित हो जाते हैं।लोगो को उनके कानूनी अधिकार एवं उसका लाभ प्राप्त हो,शोषण के खिलाफ श्रमिको को न्याय मिल सके इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है।कोई भी व्यक्ति प्राधिकरण में निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। अधिशाषी अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तहसीलदार द्वारा हरिकेश मौर्य,रामकिशोर,संतोष गुप्ता,सुभाष,शोभनाथ, मुकेश,सीमा,गीता,विद्या,मालती सहित एक दर्जन से अधिक महिला-पुरुष श्रमिकों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लिए इनपैनल्ड होंगे प्रोफेशनल व्याख्याता

**बहराइर्च।** जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि जनपद के विभिन्न केन्द्रों में गरीब परिवार के मेधावी छात्र/छात्राओं के लिये निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु यूपीएससी, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस, सीटीईटी के प्रशिक्षण की अर्हता रखने वाले योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याता अपना बायोडाटा समस्त शैक्षिक अभिलेखों के साथ गेंदघर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 15 मई 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में योजनान्तर्गत जनपद में प्रोफेशनल व्याख्याताओं के रुप में चयनित अभ्यर्थियों को भी वर्ष 2025-26 हेतु नवीन अतिथि प्रवक्ता के रुप में इम्पैनलमेन्ट किये जाने हेतु पुनः से आवेदन करना अनिवार्य होगा।


# कार्यालय नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज, प्रतापगढ़

पत्रांक:39 ई–टे0 / न0पं0क0मे. / 2025–26 दिनांक– 28.04.2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या–842 / 2025 / नौ–5–2025 / 061–कॉम नम्बर–1913285 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक– 29 मार्च 2025 के प्राप्त धनराशि के सापेक्ष सक्षम अधिकारी के स्वीकृतोपरान्त नीचे लिखे विवरण के निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। इस कार्य हेतु नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज के पंजीकृत / रजिस्टर्ड फर्मो से मुहरबंद ई–निविदाये आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक– 29.04.2025 से दिनांक– 20.05.2025 तक ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर प्रातः 09.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्य की ई–निविदा दिनांक– 21.05.2025 को पूर्वान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी, जिसे सम्बन्धित बेबसाइड http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है। किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर0टी0आर0 के माध्यम से खाता संख्या 000511002000631 आई.एफ.एस.सी. कोड ICIC00PRDCB जिला सहकारी बैंक लि0 शाखा ए0टी0एल0 भुपियामऊ प्रतापगढ में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना जमानत धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1–निविदा प्रकाशित होने की तिथि। | दिनांक 29.04.2025 |
| 2–निविदा डाउनलोड करने की तिथि। | दिनांक 03.05.2025 |
| 3–निविदा भरने की तिथि। | दिनांक 03.05.2025 से 20.05.2025 तक 09.00 बजे से 05.00 बजे तक। |
| 4–निविदा बन्द होने की तिथि। | दिनांक 20.05.2025 |
| 5– निविदा खुलने की तिथि। | दिनांक– 21.05.2025 को 12.00 बजे पूर्वाहन। |

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर की धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नं0 04 खजोहरी में सूबेदार हरिजन के मकान से राम स्वरूप हरिजन के सामने सडक पर 90 एम0एम0 एच0डी0पी0आई0 पाइप लाइन विस्तार एवं सडक सुदृढीकरण का कार्य। | 1407000.00 | 140700.00 | 1407.00 | 3 माह |
| 2 | वार्ड नं0 04 खजोहरी में शिव मूरत पाण्डेय के मकान से राम निहोर के सामने 90 एम0एम0 एच0डी0पी0आई0 पाइप लाइन विस्तार एवं सडक सृदृढीकरण का कार्य। | 1874000.00 | 187400.00 | 1874.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड नं0 04 खजोहरी में राम मनोहर के तालाब के पास पुलिया से अशोक कुमार हरिजन के मकान होते हुए छेदी लाल हरिजन के सामने 90 एम0एम0 एच0डी0पी0आई0 पाइप लाइन विस्तार एवं सडक सुदृढीकरण का कार्य। | 4210000.00 | 421000.00 | 4210.00 | 3 माह |
| 4 | वार्ड नं0 04 खजोहरी में राजेश कुमार गौतम के मकान से दिलीप कुमार सरोज के सामने 90 एम0एम0 एच0डी0पी0आई0 पाइप लाइन विस्तार एवं सडक सुदृढीकरण का कार्य। | 2342000.00 | 234200.00 | 2342.00 | 3 माह |
| 5 | वार्ड नं0 04 खजोहरी में शिव शंकर मिश्रा के मकान से शैलेष मौर्या के खेत के सामने पर 90 एम0एम0 एच0डी0पी0आई0 पाइप लाइन विस्तार एवं सडक सुदृढीकरण का कार्य। | 2809000.00 | 280900.00 | 2809.00 | 3 माह |

नियम एवं शर्ते:–

1– निविदा / टेण्डर के साथ उपरोक्त अंकित धरोहर धनराशि के रूप में आर0टी0जी0एस0 / एफ0डी0आर0 / नगद जमा के माध्यम से नगर निधि नगर पंचायत कटरा मेंदनीगंज के खाता संख्या 000511002000631 आई.एफ.एस.सी. कोड ICIC00PRDCB जिला सहकारी बैंक लि0 शाखा ए0टी0एल0 भुपियामऊ प्रतापगढ की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा / टेण्डर पर विचार नही किया जायेगा।

2– निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण–पत्र (T4 T5) तथा आयकर पंजीयन, जी0एस0टी0 प्रमाण, श्रमपंजीयन एवं किसी 03 वर्षो में अन्य विभाग में ठेकेदारी पंजीकरण प्रमाण पत्र, 03 वर्षो का आई0टी0आर0 एवं बैलेन्स सीट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3– चरित्र एवं हैसियत प्रमाण–पत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी अन्यथा निविदा न्यूनतम दरें प्राप्त होने पर भी निरस्त कर दी जायेगी।

4– निविदादाता को निविदा के साथ टी 6 प्रारूप पर शपथपत्र मय फोटो नोटरी सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5– निविदादाता द्वारा 100 / – का नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 का रसीदी टिकट लगाकर अनुबन्ध लिखना होगा कि उसके द्वारा निविदा की दरें 90 दिवस तक मान्य होगी।

6– 90 दिवस से पूर्व निविदा / आफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि निकाय द्वारा जब्त कर ली जायेगी। सादा / ब्लैक स्टाम्प किसी भी दशा में मान्य नही होगी।

7– निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में दर प्रतिशत आधार पर भरे जायेगें। BOQ में उल्लिखित आइटमों हेतु रेट अलग–अलग नही भरे जायेगे।

8– ठेकेदार द्वारा अनुभव प्रमाणपत्र के रूप में विगत 03 वर्षो में सफलतापूर्वक सम्पादित सामान प्रकृति के कार्यो का प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

9– निर्माण कार्यो में परफार्मेन्स सिक्योरिटी के सम्बन्ध में पत्र संख्या– 11593 / नौ–5–2021–142सा / 2021 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी 2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार निविदा में निम्न दरें प्राप्त होने पर अनुपालन किया जायेगा। परफार्मेन्स गारन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से 03 तीनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज प्रतापगढ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समयसीमा के अन्दर परफार्मेन्स गारन्टी की धनराशि जमा नही की जाती है, तब जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी, तथा फर्म / व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।

10– निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0 / एफ0डी0आर0 / नगद जमा जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज के नाम बन्धक हो, करना अनिवार्य होगा। बन्धक का उल्लेख संलग्न एफ0डी0आर0 पर होना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी। अन्य किसी भी प्रकार की एफ0डी0आर0 मान्य नही होगी।

11– निविदा स्वीकृत पत्र प्राप्त होने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध सम्पादित करना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार द्वारा समयान्तर्गत अनुबन्ध पत्र की औचारिकताऐं पूर्ण नही करायी जाती है तो निविदा के नियम / शर्ते के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

12– ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार विलम्ब पर नियमानुसार अर्थदण्ड देय होगा एवं जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नही होगा।

13– कार्यो की विस्तृत जानकारी व अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

14– कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उसके सहयोगी द्वारा निविदा इत्यादि में कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी जायेगी।

15– ठेकेदारों को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य की प्रगति के दौरान कार्य समाप्त के उपरान्त कार्य स्थल का फोटोग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

16– जिन ठेकेदारों / फर्मो द्वारा नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज में पूर्व में लिये गये कार्यो को समय से पूर्ण नही कराया गया है वे निविदा में भाग नही ले सकते है।

17– उक्त योजनान्तर्गत समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन निविदादाता / ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।

18– निविदादाता द्वारा उक्त योजनान्तर्गत जारी शासनादेश संख्या– 1489 / नौ–9–2022–84ज / 22 नगर विकास अनुभाग–9 दिनांक 08 अगस्त 2022 एवं शासनादेश संख्या– 125 / 2022 / 1954 / नौ–9–2022 / 001–84जे–22 नगर विकास अनुभाग–9 दिनांक 14नवम्बर 2022 में इंगित नियम / शर्तो का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

19– किसी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जनपद प्रतापगढ होगा।

20– नगर पंचायत से विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाया जाना अनिवार्य होगा।

21– किसी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज,
प्रतापगढ

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज,
प्रतापगढ



## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे एवं सदस्य स्थाई संसदीय समिति छोटेलाल सिंह खरवार के मध्य बैठक आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय स्थित विंध्य सभागार में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे एवं माननीय सांसद रॉबर्ट्सगंज एवं सदस्य स्थाई संसदीय समिति छोटेलाल सिंह खरवार के मध्य एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर माननीय सांसद महोदय का स्वागत किया। तत्पश्चात उपमहा प्रबंधक/सामान्य रजत पुरवार ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे की उपलब्धियों के विषय में माननीय सांसद महोदय को अवगत कराया।





इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय सांसद महोदय ने अपने संसदीय क्षेत्र के विकास हेतु प्रमुख विषय रखे। इसमें दीनदयाल उपाध्याय जं से चकिया-नौगढ़ -सोनभद्र वाया भभुआ तक नई रेल लाइन बिछाने, चुनार-लूसा- घोरावल तक नई रेल लाइन बिछाने, रांची राजधानी एक्सप्रेस को 02 घंटे पूर्व रांची स्टेशन से परिचालित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के 02 घंटे पहले चलने से दिल्ली जाने वाले सही समय से दिल्ली पहुंच सकेंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिवगंगा एक्सप्रेस को मिर्जापुर कछवा होते हुए चलाने पर भी बल दिया ।

इसके अतिरिक्त मिर्चीधुरी अंडरपास बनाने, हिंदवारी, सोनभद्र रेलवे स्टेशन के बीच अंडरपास तथा नई बाजार से चुर्क नगर पंचायत आने के लिए अंडरपास बनवाने पर जोर दिया । उन्होंने कहा इससे क्षेत्र के नागरिकों को बहुत लाभ मिल सकेगा और उनका रास्ता आसान हो सकेगा सांसद महोदय ने त्रिवेणी एक्सप्रेस को दुद्धी स्टेशन तक चलने की भी मांग की। खरवार ने छत्तीसगढ़ से सोनभद्र के रास्ते लखनऊ एवं दिल्ली के लिए ट्रेनों की भी मांग की, साथ ही उन्होंने सोनभद्र स्टेशन के विकास के क्रम में कोच इंडिकेटर बोर्ड लगाने की भी आवश्यकता जताई।

महाप्रबंधक महोदय ने आश्वस्त किया कि उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रॉबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र के हिस्सों को विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और साथ ही जो सुझाव उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से बाहर के हैं उनके लिए रेलवे बोर्ड को माननीय सांसद की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक जे एस लाकरा सहित उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## स्कूल के समय में हुआ बदलाओं, डीएम ने जारी किया आदेश, छात्र-छात्राओं में खुशी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देश पर कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। अब जनपद के सभी बोर्डों (सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी) से संबद्ध विद्यालयों का संचालन सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा जारी किया गया, जो अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। बच्चों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ ने डीएम के इस निणऱ्य का स्वागत किया है। ज्ञान भारती इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी के प्रबंधक रवि करण सिंह ने कहा कि डीएम महोदय ने अच्छा निणऱ्य लिया है, इस निणऱ्य से स्कूल के स्टॉफ और सभी को गर्मी से राहत मिलेगी। स्कूल की छात्राओं ने कहा कि गर्मी के कारण पढ़ाई में परेशानी हो रही थी, अब समय बदलने से राहत मिलेगी। अभिभावकों ने भी निणऱ्य को सही बताया और कहा कि इससे बच्चों की सेहत की रक्षा होगी। कई स्कूलों में बच्चों ने समय बदलने की खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद भी दिया।प्रशासन ने सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वे समय का पूर्णतः पालन करें और विद्याथिऱ्यों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## देवेश की जगह प्रशांत एसीए की सीनियर चयन समिति में

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं विकेटकीपर बल्लेबाज प्रशांत मालवीय को इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) की सीनियर चयन समिति का सदस्य बनाया गया है। वह देवेश मिश्र का स्थान लेंगे। देवेश ने अस्वस्था का हवाला देते हुए एसीए से कहा है कि इस पद के लिए न्याय नहीं कर सकते। उन्होंने इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन को यह सम्मान देने के लिए धन्यवाद दिया।

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर के अनुसार कार्यालय महालेखाकार में कार्यरत प्रशांत मालवीय के अलावा अन्य सदस्य सलीम अहमद (अध्यक्ष), शमशेर अली, आलोक सिंह और शिवम यादव (सभी सदस्य) हैं।

**आयकर निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव का पुत्र उत्कर्ष श्रीवास्तव ने अपनी मेहनत और लगन से घ्एण बोर्ड सेंट जोसेफ़ इंटर कॉलेज परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.75% अंक प्राप्त किए हैं। बुधवार को जैसे ही बोर्ड परिणाम घोषित हुआ, परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बिना कोचिंग के 93.76% आया है।**



UTTKARSH SRIVASTAVA

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा फतेहपुर स्टेशन पर पेय जल वितरण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के सभी स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नियमित मोनिटरिंग की जा रही है । गर्मी के मौसम को देखते हुए स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल के लिए टोंटी, वाटर कूलर एवं वाटर एटीवीएम को निरंतर कार्यरत रखने के निर्देश दिए गए हैं । महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी की निर्बाध उ्पलब्धता लिए स्टेशनों पर नियमित जांच के लिए लिए भी दिशा निर्देश दिए गए हैं । मंडल के सभी स्टेशनों पर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से भी सहयोग लिया जा रहा है । पानी की कमी का सामना करने वाले क्षेत्रों में रेलवे अधिकारी नगर निगमों व राज्य सरकारों के सहयोग से मिलकर कार्य कर रहे हैं । इसी क्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफ़ॉर्म/ट्रेनों में निःशुल्क जल वितरण किया गया तइंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों के सामान्य डिब्बों में भी पेयजल वितरण किया गयाी इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य, वाणिज्य निरीक्षक फतेहपुर, महेंद्र गुप्ता सहित अन्य विभागों के कर्मचारिगण उपस्थित रहेंं




## डबल मर्डर : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और सांसद ने परिजनों की मुलाकात, हर मदद का दिया भरोसा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पार्टी सांसद उज्जवल रमण सिंह ने नैनी स्थित मृतक दंपति अरुण श्रीवास्तव और उनकी पतनी के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त बेटे-बेटियों को सांत्वना दी और घटना की विस्तृत जानकारी ली। दोनों नेताओं ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुख जताते हुए शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, 'दिनदहाड़े इस तरह की निर्मम हत्या सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोलती है।' उन्होंने कहा कि यह घटना दिखाती है कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं और शासन-प्रशासन पूरी तरह विफल है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं है। केवल बीस हजार रुपये की लूट के लिए दंपति की नृशंस हत्या कोई साधारण बात नहीं हो सकती। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस घटना की पुनः उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा, 'यह सरकार अब आईसीयू में है। जनता बहुत जल्द इसका हिसाब चुनाव में करेगी।' उन्होंने कहा कि अपराध और आतंक पर 'जीरो टॉलरेंस' की बात करने वाली सरकार खुद ही अपराधों के आगे घुटने टेक चुकी है। कांग्रेस नेताओं ने परिजनों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया और कहा कि पार्टी इस मामले को विधानमंडल और सड़क दोनों पर उठाएगी, ताकि पीडि़त परिवार को न्याय मिल सके।



## नल से पानी भरने को लेकर मारपीट, तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता थरवई प्रयागराज ।**:थरवई क्षेत्र के उत्तम गिरी की चकिया गांव में बुधवार को पानी भरने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ं गये पीडि़त राम बहादुर पुत्र स्वर्गीय राम अवध ने थरवई थाने में गुरुवार को तहरीर देते हुए बताया कि जब वह नल से पानी भरने गया था, तभी गांव के ही राजवंत, सुनील और अमर बहादुर ने एक राय होकर पहले उसे गालियाँ दीं और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। राम बहादुर के मुताबिक, जब उसके पुत्र साहिल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे भी पीट दिया, जिससे उसे सिर में गंभीर चोटें आई है पुलिस ने राम बहादुर की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (ॅए) की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है

## पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को अटेवा/एन एम ओ पी एस ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज सुभाष चौराहे पे 1 मई अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर एन0 एम0 ओ0 पी0 एस0 /अटेवा के राष्ट्रीय/प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा के संचालन में समूचे भारतवर्ष में कश्मीर से कन्याकुमारी तक लाखों लाख कर्मचारियों ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीयों को एवं 1 मई 1886 को अमेरिका के शहर शिकांगो मे मजदूरों की सामूहिक हत्या पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कैंडल जलाकर शोकसभा भी आयोजित किया।

इसी क्रम में प्रयागराज के ऐतिहासिक सुभाष चौराहे पर अटेवा प्रयागराज के बैनर तले हज़ारों हज़ार शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारियों ने कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कनौजिया, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी एन एम ओ पी एस एवं प्रदेश प्रभारी आई टी सेल सैय्यद दानिश इमरान एवं राष्ट्रीय सदस्य आई टी सेल संजय पटेल ने संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुये कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए मासूम भारतवासियों को देशभर में लाखों शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी, बुद्धिजीवी एवं आम जनता भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं,शहीदों की याद में कैंडल मार्च निकाला जा रहा है,और श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई त्साथ ही - साथ केन्द्र सरकार से मांग की गई कि दोषी आतंकियों और पाकिस्तान पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और सबक सिखाया जाए हम सब देश और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है और हमारा संगठन तमाम आतंकी हमलों में सवोच्च बलिदान देने वाले पैरामिलिट्री जवानों को पुरानी पेंशन,शहीद का दर्जा बहाल, और निजीकरण बंद करने की मांग करता है। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद परिवारों को 1 करोड़ की सहायता राशि एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग भी संगठन करता है। इस श्रद्धांजलि सभा में हज़ारों हज़ार शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारियों ने एक स्वर में आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, पैरामिलिट्री फोर्स जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए। ज़िला मीडिया प्रभारी रवि शंकर मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर आज आतंकवाद के विरोध और देश के समर्थन में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें प्रमुख सर्वश्री सुरेन्द्र प्रताप, सचिन रावत,अंजली अत्री,अंजना सिंह, प्रीति ब्रिज, अमर रावत, हनुमान, पुष्पराज सिंह, धर्मेन्द्र यादव, अंजुला दास, जितेन्द्र कुमार शर्मा, रविशंकर प्रसाद, विष्णुकांत लक्ष्मी नारायण सिंह,उपस्थित



## शहीद के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है:अजय राय

**प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय 27 अप्रैल को बांग्लादेश में शहीद हुए जवान गुलाम मोहम्मद के पैतृक निवास स्थान बरौत पहुंचकर परिजनों को संतावना देते हुए शहीद जवान को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शहीद की योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता है।हमारे आपके लिए देश के प्रति त्याग समर्पण की मिसाल है।कांग्रेस पार्टी शहीद के परिवार के साथ खड़ी है।मैं कांग्रेस पार्टी की ओर से शहीद की याद में एक स्मारक बनाने के लिए एवं परिवार से एक नौकरी एवं आर्थिक सहायता के रुप में एक करोड़ रुपए की शासन से मांग करता हूं।उन्होने कहा कि हम शहीद परिवार के साथ हैं।जहां मेरी जरूरत होगी मैं कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार हूं। कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने नमन करते हुए कहा कि शहीद गुलाम मोहम्मद का यह बलिदान युगों-युगों तक दुनिया में याद रखा जाएगा।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष मिश्रा, महेश त्रिपाठी ,देवराज उपाध्याय, गौरव पाण्डेय, फुजैल हाशमी, देवी पाण्डेय,संदीप तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह, शीतला प्रसाद पाठक, दयाराम मिश्रा, दिवाकर भारतीय,मो.फारुक, मो.खालिक, राकेश पासवान, सुभाष चन्द यादव, ओम प्रकाश बिन्द आदि लोग उपस्थित रहे।



## कामगार श्रमिकों का योगदान राष्ट्र के योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** श्रमिक दिवस पर झूंसी में कांग्रेस पार्टी के गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान राय ने कामगार श्रमिकों को बधाइयां दी और उनके योगदान को राष्ट्र के उत्थान और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका माना। राय ने कहा कि वही राष्ट्र उननति और विकास के पथ पर अग्रसर होता है और निरंतर आगे बढ़ता जाता है,जहां के श्रमिक देश और राष्ट्र के लिए अपने-अपने कार्यों के प्रति जागरूक रहते हैं और मेहनत परिश्रम से देश के विकास के लिए अपने कार्यों से कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहते हैं। इन्हीं श्रमिकों के महत्वपूर्ण कार्यों और जागरूक होने के कारण राहुल गांधी ने लड़ाई लड़ी जिसपर जाति जनगणना कराने के लिए सरकार को घुटना टेकने के लिए मजबूर कर दिए।अब श्रमिकों को उनकी भागीदारी उनके अधिकार सही तरीके से मिल सकेंगे और काम में उनकी भागीदारी निश्चित हो सकेगी।और श्रमिकों को उनके किए गए काम की सही मजदूरी समय पर मिल सकेगी। गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद में कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव आपके साथ आपके हक अधिकार के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार खड़ी मिलेगी।अब किसी का हक का नहीं मार पाएंगे।किसी के साथ अन्याय होने पर कांग्रेस पार्टी उनकी लड़ाई लड़ेगी। हम आज सभी श्रमिकों के हितों के लिए साथ चलने और काम करने के लिए प्रतिज्ञा वद्ध हैं। इस अवसर पर सर्वश्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष मिश्रा,देवराज उपाध्याय,महेश त्रिपाठी,इश्तियाक अहमद,दिवाकर भारतीय,प्रभाकर मिश्रा,संजय शुक्ला,सलीम टाइगर,,गीता भारतीय,फोटो देवी,नगीना देवी,रमेश चंद यादव,मो.अलीम हाशमी,संजय कुमार भारतीय,राम लखन यादव,गुलशेर खान,महेंद्र कुमार यादव, मुस्ताक अहमद,मो.नईम,मो.फारुक,मो.खालिक राकेश पासवान महबूब राईन,नसीम हाशमी,आदि लोग उपस्थित रहे।

## युद्ध जैसे हालातों में पाकिस्तान जिंदाबाद के समर्थन करने वाले व्यक्तियों पे मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।**मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी के अंर्तगत रामनगर निवासी रियाज अहमद द्वारा फेसबुक व शोसलमिडिया पर युद्ध जैसे हालातों में पाकिस्तान जिंदाबाद के समर्थन में पोस्ट शेयर कर क्षेत्र का माहोल खराब करने की कोशिश की जा रही है जिसकी शिकायत एक्स पर ट्वीट पर चौकी प्रभारी सिरसा ने जांच पड़ताल कराई तो मामला सही पाए जाने पर रामनगर निवासी रियाज अहमद उर्फ रियाज अली पुत्र मुहब्बत अली द्वारा अपने फेसबुक एकाउण्ट से पाकिस्तानी सेना का समर्थन किया जा रहा है विडियो के अवलोकन में यह आवाज स्पष्ट आ रही है कि पाकिस्तानी सेना के जहाज उड रहे है जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये जा रहे है रियाज अहमद उर्फ रियाज अली उपरोक्त द्वारा अपने फेसबुक एकाउण्ट से पाकिस्तानी सेना के समर्थन में शेयर करने से आमजन मानस में काफी आक्रोश फैला हुआ है तथा अराजकता पूर्ण माहौल बन गया है रियाज अहमद उर्फ रियाज अली उपरोक्त का यह कार्य अपराध की श्रेणी में आता है .

## महाबल सिंह इंटर कॉलेज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं ने रचा इतिहास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उरुवा प्रयागराज ।** मेजा तहसील के विकास खंड उरुवा क्षेत्र के महाबल सिंह इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा 2025 में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की विद्यालय में हाईस्कूल में 92 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे जबकि इंटरमीडिएट में 81 प्रतिशत विद्याथिर्यों ने सफलता हासिल की है। हाईस्कूल में 56 विद्याथिर्यों ने तथा इंटर में 47 विद्याथिर्यों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की है। बोर्ड परीक्षा के अच्छे परिणाम की वज़ह से संस्था के सभी छात्र-छात्रा काफी उत्साहित हैं। विद्यालय के अच्छे परीक्षाफल पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के प्रबंधक विक्रमा सिंह ने सभी छात्र छात्राओं एवं स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि इस परिणाम से निश्चित ही अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित होंगे तथा इससे सभी को प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार तथा समस्त शिक्षकों ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




## ट्रांसफार्मर बीमार, विद्युत बाधित उपभोक्ता परेशान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता सोरांव प्रयागराज।** सोरांव क्षेत्र के कुरगांव में कई दिनो से बीमार पड़ा हुआ जिससे उस क्षेत्र की विद्युत की आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गई है गांव के लोग अंधेरे रहने के लिए मजबूर हो गये है भीषण गर्मी के कारण लोगो की रोजमर्रा की दिनचर्या के अलावा पेयजल की समस्या चरमरा गई। उपभोक्ताओ की बार शिकायत करने के पश्चात सोरांव उपखंड विद्युत विभाग के अधिकारियो पर जूँ तक नही रेंग रही है जिससे स्थानीय लोगो रोष व्याप्त है

## मेजा ऊर्जा निगम द्वारा श्रमिक अधिकार दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन

### स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले श्रमिकों को प्रमाण वितरण किया

**मेजा प्रयागराज।** श्रमिक अधिकार दिवस (मई दिवस) 2025 को मेजा उर्जा निगम द्वारा अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित किया गया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मेजा उर्जा निगम के आगमन पर श्रमिकों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट किए गए। विवेक चंद्रा, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने श्रमिकों की भूमिका को संगठन की सफलता में अहम बताया। नवाब खान अंसारी, एजीएम (सतर्कता) ने इस दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद मनोज कुमार वर्मा, डीजीएम (मानव संसाधन) ने श्रमिकों के अधिकारों पर एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान सेवा और निष्ठा के लिए श्रमिकों को स्मृति-चिह्न वितरित किए गएघ चट्टोपाध्याय अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, श्रमिकों की निष्ठा की सराहना की और उनके अधिकारों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के प्रति मेजा उर्जा निगम की प्रतिबद्धता दोहराई। नवाब खान अंसारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी यूनियन एवं संघ के प्रतिनिधि और साथ ही विभिनन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्लांट कैंटीन में, मुख्य अतिथि एन. एन. सिन्हा, जीएम (ओएंडएम) ने सुरक्षा पर विचार साझा किए साथ ही चंदर शेखर, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन) और अनिल बवेजा, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की। एमजीआर/ सीएचपी में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले श्रमिकों को वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यशालाओं में लगभग 700 श्रमिक शामिल हुएघ



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अब जाति

वर्गों-उपवर्गों में बंटी जातियां भारतीय समाज का एक प्रमुख अंग हैं। इनमें कई समूह आर्थिक रूप से अभी भी पिछड़े और विकास कार्यों से काफी दूर हैं। इनकी तमाम आवश्यकताएं-अपेक्षाएं विकास के दावों में के दौर में भी पहले जैसी बनी हैं। यहीं भारत की राजनीति लंबे समय से जातियों के समूह को केंद्र में रखकर ही की जाती रही है। कई बड़े नेताओं के प्रभाव का मुख्य आधार उनसे जुड़ी जातियों का समर्थन ही है और वे इन्हें आगे बढ़ाने के दावे भी करते हैं। यही कारण है कि जाति आधारित जनगणना की मांग प्रमुखता से उठती रही है। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने देश में जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसकी अपनी उपयोगिता तो है लेकिन सरकार ने इस ऐलान के साथ इस मामले में पिछली कांग्रेस सरकारों पर पूरी तरह निष्क्रिय रहने का आरोप लगाकर इसके राजनीतिक निहितार्थों को छुपाने से परहेज भी नहीं किया है। कांग्रेस भी अब जाति आधारित राजनीति के फायदों को अच्छी तरह से समझ गई है। इसीलिए पिछले लोकसभा चुनाव के साथ ही यह मामला जोरदार ढंग से उठाती रही है। तेलंगाना और कर्नाटक में पार्टी की सरकारें इससे जुड़े कई फैसले भी ले चुकी हैं। उधर केंद्र की एनडीए सरकार, विशेषकर भाजपा इस जनगणना को लेकर स्पष्ट रूप से कुछ कहने से बचती रही है। अब कांग्रेस द्वारा लगातार हवा बनाते रहने के बीच जब कुछ ही महीनों में तीन प्रमुख राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं तो भाजपा ने भी खुलकर सामने आने की जरूरत समझी। उसकी पहली नजर पिछड़ा बहुल बिहार पर है जहां लंबे समय से सरकार बनाने की कोशिश में तो है पर सफल नहीं हो पा रही है। तो नीतीश कुमार की अगुवाई में सरकार चला रही है जिनका राज्य के पिछड़े खासकर कुर्मी वोटरों पर अच्छा प्रभाव माना जाता है। वह जाति जनगणना करा भी चुके हैं। राज्य में पिछड़ों के जननायक कहे जाने वाले स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न से अलंकृत भी किया जा चुका है। जातिगत वोट बैंक हासिल करने की यह होड़ केंद्र की ताजा घोषणा के बाद और तेज होगी लेकिन देखने की बात यह भी होगी कि इस कशमकश के बीच असली मुद्दा यानी पिछड़ों का विकास पीछे तो नहीं रह जाएगा।

## करारी रणनीति

संयम के साथ ही सही पहलगाम हमले के बाद से ही भारत ने एक साथ कई मोर्चों पर आतंकवाद को करारा जवाब देने की जो रणनीति तैयार की है, वह बहुत महत्वपूर्ण है. प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा है कि पहलगाम हमले से हर भारतीय का खून खौल रहा है. उन्होंने पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने का आश्वासन भी दिया. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें सैन्य तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी. तैयारियां इतनी सटीक हैं कि आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर ही हमारी नौसेना ने अरब सागर में ताकत दिखाई थी. अब इसने अरब सागर में ब्रह्मोस मिसाइल दागकर, जिसकी रेंज करीब 300 किलोमीटर है, लंबी दूरी तक सटीक हमले की क्षमता दिखायी. भारतीय नौसेना ने अरब सागर में कई एंटी शिप मिसाइलों का सफल परीक्षण किया, जिससे उनकी लंबी दूरी की सटीक हमले की क्षमता का प्रदर्शन हुआ है. नौसेना ने समुद्र में अपने जंगी जहाजों की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए कहीं भी, किसी भी समय, किसी भी तरह से युद्ध करने के लिए तैयार है.' उधर, पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की संभावित कार्रवाई से आशंकित होकर अरब सागर के ऊपर नो फ्लाई जोन घोषित किया है और लाइव फायर अलर्ट जारी किया है, जिसमें नाविकों से इस क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया गया है, जबकि थलसेना ने पुणे में युद्धाभ्यास दस्तलिक में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया. उधर, अब तक पहलगाम हमले के कुल बारह आतंकियों तथा उनके सहयोगियों के घर ध्वस्त कर दिये गये हैं. आतंकियों के दो मददगारों को भी गिरफ्तार किया गया है. एनआइए ने पहलगाम हमले की जांच शुरू कर दी है और इसके अधिकारियों की टीमें जानकारी जुटाने के लिए देशभर का दौरा कर रही हैं।

## कॉंव-कॉंव

◆◆◆

**निजीकरण विरोध में विद्युतकर्मियों की बाइकरैली**
निजीकरण न करने का सरकारी वायदा हवा में!

**इजरायली तकनीक से किसानों की आय दोगुनी**
इजरायली निर्भरता का हश्र पहलगाम में दिखा!

**धूमधाम से मनायी गयी भगवान परशुराम जयंती**
परशुराम जी का मंदिर देखा है कभी किसी ने?

**भारत में जरूर होगी जातिगत जनगणना -मोदी**
ऐसे यू-टर्न बिहार चुनावों की स्थायी पहचान हैं!

**भारतीय सीमा पर पाकिस्तान कर रहा गोलाबारी**
कमजोर आदमी अक्सर पहले हमला करता है!

**तापमान में उतार चढ़ाव सेहत के लिये घातक**
आर्थिक उतार चढ़ाव से ज्यादा लोग मरते हैं!

◆◆◆

# हर मोर्चे पर पाकिस्तान से आगे है भारत

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान को सिखाये जाने वाले सबक के मद्देनजर जो रिपोर्ट प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से बहुत मजबूत है और भारत द्वारा



-डॉ. जयंतीलाल

पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है. भारत के पास दुनिया का जोरदार कूटनीतिक समर्थन है. भारत की अर्थव्यवस्था दमदार और मजबूत है. इन सबके साथ-साथ देश की जनता का सरकार को अभूतपूर्व समर्थन है. इस समय नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी के बीच भारत की सैन्य शक्ति ही नहीं, भारत की आर्थिक मजबूती भी भारत के लिए प्रभावी हथियार बनी हुई है. वस्तुतः भारत पाकिस्तान से सैन्य ताकत के हिसाब से चार गुना और आर्थिक ताकत के हिसाब से दस गुने से भी अधिक मजबूत है. ऐसे में युद्ध होने पर भारत तो युद्ध का भारी खर्च को वहन करने की स्थिति में होगा, पर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बर्बाद होने की स्थिति में आ जायेगी।

गौरतलब है कि सरकार ने पाकिस्तान के साथ व्यापार रोकने, पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों को निकालने, सार्क वीजा रियायत योजना के तहत पाक नागरिकों का वीजा निरस्त करने और सिंधु जल संधि स्थगित करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं. सिंधु जल संधि को 1965, 1971 और कारगिल के समय भी स्थगित नहीं किया गया था. भारत द्वारा सिंधु जल संधि का स्थगन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पाकिस्तान का एक बड़ा हिस्सा सिंधु नदी के पानी से पेयजल और खेती से लेकर बिजली उत्पादन तक की गतिविधियों के लिए निर्भर है. एक अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 25 फीसदी सिंधु जल व्यवस्था पर निर्भर है।

हाल ही में प्रकाशित ग्लोबल फायरपावर (जीएफपी) इंडेक्स, 2025 के अनुसार, भारत विश्व की चौथी सबसे मजबूत सैन्य शक्ति वाला देश है, पाकिस्तान पिछले साल नौवें स्थान पर था, पर अब 12वें नंबर पर पहुंच गया है. यह सूचकांक विभिन्न देशों की पारंपरिक युद्ध क्षमताओं के 60 से अधिक कारकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है. इस सूचकांक के मुताबिक भारत की कुल जनसंख्या लगभग 1.4 अरब है, जो दुनिया में दूसरे स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान की जनसंख्या करीब 24 करोड़ है. भारत के सक्रिय सैनिकों की संख्या करीब 14.55 लाख है, जो पाकिस्तान के 6.54 लाख सक्रिय सैनिकों की तुलना में कहीं अधिक है. भारत के पास ज्यादा रिजर्व सैनिक और अर्धसैनिक बल भी हैं. थल सैन्य शक्ति के अलावा भारत की वायु और जल सैन्य शक्ति भी पाकिस्तान से बहुत अधिक है।

फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंस्टिट्स (एफएएस) के मुताबिक, भारत के पास जहां 180 परमाणु हथियार हैं, वहीं पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं, पर भारत परमाणु हथियार न्यूक्लियर डोमेन में पाकिस्तान से बहुत आगे हैं. यही नहीं, भारत न्यूक्लियर ट्रायड यानी जल, थल और आकाश, तीनों में परमाणु हथियार दागने की क्षमता रखता है. ऐसी क्षमता वाला भारत दुनिया में चौथा देश है. यदि हम आर्थिक आधार पर तुलना करें, तो पाते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था पाक अर्थव्यवस्था के दस गुने से भी अधिक मजबूत है. मौजूदा वित्त वर्ष के लिए दोनों देशों का बजट देखें, तो भारत का बजट पाकिस्तान के बजट से करीब 11 गुना ज्यादा है. भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों के लिए इस बजट में 77.4 अरब डॉलर का आवंटन किया है, जबकि पाकिस्तान का रक्षा बजट करीब 7.6 अरब डॉलर का है यानी भारत का सैन्य बजट पाकिस्तान से लगभग 10 गुना अधिक है. हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 6.3 फीसदी और पाकिस्तान की विकास दर महज 2.6 फीसदी रह सकती है. भारत की जीडीपी अभी 4,000 अरब डॉलर की है, जबकि पाकिस्तान की जीडीपी 400 अरब डॉलर से भी कम है यानी भारत की अर्थव्यवस्था पाकिस्तान से करीब 10 गुना बड़ी है।

भारत के पास अप्रैल तक 687 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था, जबकि पाकिस्तान के पास यह भंडार मात्र 16 अरब डॉलर ही था. भारत की प्रतिव्यक्ति आय 2,880 डॉलर है, पाकिस्तान की केवल 1,590 डॉलर है. पाकिस्तान में महंगाई से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जबकि भारत में महंगाई की दर चार फीसदी के आसपास है. तेजी से चमकती हुई प्रभावी आर्थिक छवि के कारण भारत में विदेशी निवेश बढ़ रहा है, पाकिस्तान में यह



लगातार घट रहा है. भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 437 अरब डॉलर का निर्यात किया है, जबकि पाकिस्तान का निर्यात इसका दसवां भाग भी नहीं है. भारत के कुल निर्यात में पाकिस्तान की हिस्सेदारी मात्र 0.06 फीसदी है. पिछले वर्ष भारत ने जितना सामान पाकिस्तान से आयात किया, उससे करीब 31 गुना ज्यादा पाकिस्तान को निर्यात किया. भारत पाकिस्तान को कई चीजें निर्यात करता है, जिनमें चीनी, फार्मास्युटिकल, दवाएं, जैविक रसायन, कॉफी, चाय, लोहा-स्टील के सामान आदि प्रमुख है. भारत पाकिस्तान से प्रमुख रूप से खनिज तेल, तांबा, फल, मेवे, नमक, सल्फर, प्लास्टर सामग्री और कपास आयात करता है. चूंकि पाकिस्तान आयातित अधिकांश वस्तुएं किफायती दामों पर अन्य देशों से भारत आ सकती हैं. ऐसे में पाकिस्तान से कारोबार पर रोक भारत को प्रभावित नहीं करेगा।

इन दिनों पाकिस्तान चूंकि बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के दरवाजे पर कर्ज के लिए दस्तक दे रहा है, ऐसे में, भारत युद्ध की आर्थिक लागत का सामना करने में पाकिस्तान की तुलना में निश्चित रूप से अधिक सक्षम है. युद्ध की यह लागत प्रतिदिन पांच हजार से 10 हजार करोड़ रुपये तक हो सकती हैं. इस दृष्टि से दो-तीन सप्ताह की जंग पाकिस्तान को पूरी तरह बर्बाद कर सकती है. इस समय देश के करोड़ों लोगों की आतंकी हमले का प्रभावी बदला लेने के लिए बढ़ती हुई बुलंद आवाज और आतंकी हमले के खिलाफ दुनिया के कूटनीतिक समर्थन की शक्ति के साथ प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार आतंकवादियों और पाकिस्तान को कठोरतम सबक देने के लिए सैन्य कूटनीति सहित सभी विकल्पों को लेकर रणनीतिकपूवर्क आगे बढ़ेगी. यदि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का समाधान निकालने के लिए पाकिस्तान के साथ युद्ध भी हुआ, तो उसमें भारत अवश्य जीतेगा और पाकिस्तान को ऐसा सबक मिलेगा, जिससे वह भारत में कभी भी आतंक और आतंकी हमलों को प्रोत्साहन देने का दुस्साहस नहीं कर पायेगा।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

महमूद बोला- तो यह चिमटा कोई खिलौना है ?

हामिद-खिलौना क्यों नहीं? अभी कन्धे पर रखा, बन्दूक हो गयी। हाथ में लिया, फकीरों का चिमटा हो गया। चाहूं तो इससे मजीरे का काम ले सकता हूं। एक चिमटा जमा दूं तो तुम लोगों के सारे खिलौनों की जान निकल जाय। तुम्हारे खिलौने कितना ही जोर लगावें, वे मेरे चिमटे का बाल भी बांका नहीं कर सकते।

मेरा बहादुर शेर है-चिमटा ।

सम्मी ने खंजरी ली थी। प्रभावित होकर बोला- मेरी खंजरी से बदलोगे ? दो आने की है।

हामिद ने खंजरी की ओर उपेक्षा से देखा- मेरा चिमटा चाहे तो तुम्हारी खंजरी का पेट फाड़ डाले। बस, एक चमड़े की झिल्ली लगा दी, ढव-ढव बोलने लगी। जरा-सा पानी लग जाय तो खत्म हो जाय। मेरा बहादुर चिमटा आग में, पानी में, तूफान में बराबर डटा खड़ा रहेगा।

चिमटे ने सभी को मोहित कर लिया; लेकिन अब पैसे किसके पास धरे हैं! फिर मेले से दूर निकल आये हैं, नौ कब के बज गये, धूप तेज हो रही है। घर पहुंचने की जल्दी हो रही थी। बाप से जिद भी करें, तो चिमटा नहीं मिल सकता है। हामिद है बड़ा चालाक। इसीलिए बदमाश ने अपने पैसे बचा रखे थे।

अब बालकों के दो दल हो गये हैं। मोहसिन, महमूद, सम्मी और नूरे एक तरफ हैं, हामिद अकेला दूसरी तरफ। शास्त्रार्थ हो रहा है। सम्मी तो विधर्मी हो गया। दूसरे पक्ष से जा मिला; लेकिन मोहसिन, महमूद और नूरे भी, हामिद से एक-एक, दो-दो साल बड़े होने पर भी हामिद के आघातों से आतंकित हो उठे हैं। उसके पास न्याय का बल है और नीति की शक्ति। एक ओर मिट्टी है, दूसरी ओर लोहा, जो इस वक्त अपने अपने को फौलाद कह रहा है। वह अजेय है, घातक है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते।**
**ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि॥**

जो मनुष्य निश्चित यानी सही को छोड़कर अनिश्चित यानी गलत का सहारा लेता है, उसका सही भी नष्ट हो जाता है। इसलिए जब भी कोई निर्णय लें तो सही और गलत की परख अवश्य करें।

◆◆◆

# आंतरिक सुरक्षा तंत्र की मजबूती भी जरूरी

बताया जा रहा है कि पाक सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर समेत वहां के बड़े सेनाधिकारियों ने परिवारों को यूरोप भेज दिया है. उन्हें डर है कि पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में भारत बड़ी कार्रवाई कर सकता है. अभी तक भारत सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने, पाक उच्चायोग में

- राज कुमार सिंह

स्टाफ घटाने, सार्क समेत 14 श्रेणियों में पाक नागरिकों को जारी वीजा तुरंत रद्द करने और अटारी बॉर्डर बंद करने जैसे कुछ सख्त फैसले लिये हैं. पाकिस्तान ने भी भारत के लिए अपना एयरस्पेस बंद करते हुए जवाबी कदम उठाये हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकियों की 'मिट्टी में मिलाने' की चेतावनी तथा पीड़ितों को न्याय मिल कर रहेगा, जैसी टिप्पणियां सख्त रुख का संकेत हैं. पाकिस्तान को ऐसा सबक मिलना चाहिए कि वह फिर से ऐसी हिमाकत न कर सके, पर पाकिस्तान को नापाक मंसूबों में सफल हो जाने देने के लिए उत्तरदायी हमारे तंत्र की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए. पर्यटन कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है. हाल के वर्षों में वहां पर्यटकों की बढ़ती संख्या भी सुखद है, लेकिन पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले वाले दिन हजारों पर्यटकों की सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी. आपसी रिश्ते रसातल में पहुंच जाने के बावजूद इस संकटकाल में विपक्ष ने सरकार को समर्थन दे कर समझदारी का परिचय दिया है, पर सुरक्षा में चूक की बात घुमा-फिरा कर स्वीकार करनेवाली व्यवस्था को खुद को भी दुरुस्त करना होगा. ऐसे हमले को बिना सुनियोजित साजिश और तैयारी के अंजाम नहीं दिया जा सकता. पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान द्वारा पुनः कश्मीर राग अलापे जाने तथा पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर द्वारा अचानक हिंदू-मुसलमान के बीच स्पष्ट भेद बताते हुए टू नेशन थ्योरी पर कुतर्कों के साथ लंबे प्रवचन से हमारी व्यवस्था के कान खड़े हो जाने चाहिए थे. हमले की आशंका की खुफिया सूचना के बावजूद पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गयी थी. घटनास्थल पर सुरक्षा नदारद होने से सेना की घटती संख्या तथा अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठते हैं. पाकिस्तान तो अस्तित्व में आने के बाद से ही भारत में अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने की साजिशें रचता रहा है, पर उन्हें नाकाम करते हुए देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही हमारे सत्ता तंत्र की है. संविधान संशोधनों के बाद जम्मू-कश्मीर की वास्तविक कमान केंद्र



सरकार और उसके प्रतिनिधि उपराज्यपाल के ही हाथ है. पहलगाम हमले के बाद मीडिया के एक वर्ग में यह सवाल भी उछाला गया कि आखिर सुप्रीम कोर्ट के दबाव में विधानसभा चुनाव करवाने की जरूरत ही क्या थी? लोकतंत्र पर ही इस तरह सवाल उठाना ठीक नहीं. दूसरा बड़ा मुद्दा धार्मिक पहचान पूछ कर मारे जाने को बनाया जा रहा है. बेशक यह मानवता के विरुद्ध है, पर आतंकवाद मानवता के विरुद्ध ही तो है. उग्रवाद के दौर में पंजाब में भी धार्मिक पहचान के आधार पर बसों से उतार कर हत्या की जाती थी. पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की जान बचाते हुए एक कश्मीरी मुस्लिम ने अपनी जान तक गंवा दी. इसके बाद भी यदि देश के कुछ हिस्सों में कश्मीरी छात्रों को निशाना बनाने की कोशिश होती है, तो यह दुखद है. भारत और पाकिस्तान ही नहीं, दुनिया को भी लग रहा है कि कुछ बड़ा होगा. होना भी चाहिए. आतंकवाद के समूल नाश के बिना भारत शांतिपूर्वक नहीं रह सकता. प्रधानमंत्री मोदी के ऐसे सख्त बोल पिछली बार पुलवामा हमले पर सुनाई पड़े थे और फिर भारतीय लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक कर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविरों को तबाह कर दिया. उरी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक के बाद वह दूसरा अवसर था, जब भारत ने सीमा पार कर आतंकियों और उनके आकाओं को सबक सिखाया. उसी के बाद सरकार और भाजपा ने नारा बुलंद किया कि यह नया भारत है, जो दुश्मन को घर में घुस कर मारता है. वह नारा जनता के सिर चढ़ कर बोला. उत्साहित मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देनेवाले संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करते हुए उसे विभाजित भी कर दिया. दावा किया गया कि अनुच्छेद 370 अलगाववाद और आतंकवाद का औजार बन गया था. बाद के वर्षों में जम्मू-कश्मीर में बेहतर हालात का दावा भी किया गया. इस पृष्ठभूमि में पहलगाम हमला चौंकाता है. हमेशा की तरह इस बार भी पाकिस्तान इस हमले में अपनी लिप्तता स्वीकार नहीं कर रहा, पर दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ है कि यह सीमा पार प्रायोजित आतंकी हमला ही था, पर अप्रत्याशित हरगिज नहीं था. ऐसी घटनाओं पर भावनात्मक आक्रोश स्वाभाविक है, लेकिन स्थायी समाधान तात्कालिक उबाल से संभव नहीं है. पहलगाम हमले के बाद आतंकियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पाक नागरिकों को वापस भेजे जाने पर जोर दिख रहा है. आतंकवाद के नासूर का स्थायी इलाज दीर्घकालीन कठोर नीतियों से ही संभव है, जिनमें अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करने का दायित्वबोध अनिवार्यता है. शैतान के अचानक संत बन जाने की उम्मीद करने के बजाय निर्णायक प्रहार ही कारगर रणनीति है।

## प्रेरक प्रसंग — बौने अस्तित्व पर इतराना क्यों?

एक समृद्ध भूमिपति था। उसे स्वयं के संपन्न होने का बड़ा घमंड था। एक बार वह दार्शनिक सुकरात के पास पहुंचकर अपनी समृद्धि के बारे में बढ़-चढ़कर बताने लगा।

सुकरात काफी देर तक उसकी बात सुनते रहे। जब वह काफी कुछ बता चुका तो सुकरात ने संसार का नक्शा मंगवाया और उसे फैला कर उस व्यक्ति से पूछा, इसमें बताना तो यूनान कहां है?

उस भूमिपति ने एक स्थान पर उंगली रखकर बता दिया।

अच्छा, एटिक प्रांत कहां है? सुकरात ने पुनः पूछा।

इस बार थोड़ी कठिनाई से उसने वह भी बता दिया।

जिस भूमि के तुम स्वामी हो, वह कहां है? सुकरात ने तीसरा प्रश्न किया।

**उस भूमिपति ने एक स्थान पर उंगली रखकर बता दिया। अच्छा, एटिक प्रांत कहां है? सुकरात ने पुनः पूछा। इस बार थोड़ी कठिनाई से उसने वह भी बता दिया। जिस भूमि के तुम स्वामी हो, वह कहां है? सुकरात ने तीसरा प्रश्न किया। इस बार वह असमंजस में पड़ गया और बोला, भूमि का वह छोटा-सा हिस्सा नक्शे में कैसे बताया जा सकता है?**

इस बार वह असमंजस में पड़ गया और बोला, भूमि का वह छोटा-सा हिस्सा नक्शे में कैसे बताया जा सकता है?

इस पर सुकरात ने कहा, जब तुम एक छोटा-सा भूखंड इस नक्शे में नहीं बता सकते तब समूचे ब्रह्मांड में तुम्हारा अस्तित्व ही कितना है। जरा विचार करो, जब तुम्हारा अस्तित्व इतना बौना है, तब घमंड किस बात का कर रहे हो?

## आपका पत्र मिला

### जातीय जनगणना यानी 'बोतल में बंद जिन्न'

केंद्र सरकार द्वारा आगामी जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना कराने का संकेत एक स्वागत योग्य निर्णय है, परंतु यह कदम कई स्तरों पर जटिल और चुनौतीपूर्ण भी साबित हो सकता है। दशकों तक विभिन्न सरकारें जातीय जनगणना से परहेज करती रहीं, यह मानते हुए कि इससे सामाजिक तनाव और वर्ग संघर्ष को बढ़ावा मिल सकता है। किंतु अब जब बिहार, ओडिशा, और कर्नाटक जैसे राज्यों ने अपनी-अपनी जातीय गणनाएं कर डाली हैं, तो राष्ट्रीय स्तर पर इसकी मांग भी तेज़ हो गई है। बिहार की जातीय गणना रिपोर्ट ने न केवल सामाजिक असमानताओं को उजागर किया है, बल्कि यह भी दर्शाया है कि अब समाज अधिक पारदर्शिता की मांग कर रहा है। दूसरी ओर, कर्नाटक में कथित रूप से जातीय गणना की रिपोर्ट लीक हो जाने का मामला और उसके बाद जातिगत आधार पर आरक्षण की बढ़ती मांग ने इस पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। जातीय जनगणना का एक बड़ा खतरा यह है कि यदि प्रत्येक समुदाय अपनी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग करने लगे, तो यह संविधान में तय 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा का उल्लंघन करेगा। सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती, सिवाय असाधारण परिस्थितियों के। ऐसे में यह खतरा उत्पन्न होता है कि जातीय जनगणना सामाजिक न्याय के बजाय राजनीतिक सौदेबाज़ी का औजार बन जाए। राजनीतिक दल इस प्रक्रिया का उपयोग चुनावी समीकरण साधने के लिए कर सकते हैं। कुछ समुदाय आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का प्रयास कर सकते हैं, जिससे सामाजिक तानाबाना और अधिक जटिल हो सकता है। यह निर्णय 'बोतल में बंद जिन्न' के समान है, एक बार बाहर आया तो समाज, राजनीति और नीति निर्धारण के हर पहलू को प्रभावित करेगा।

विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# ये संकेत बताते हैं कि आपके फेफड़े हैं कमजोर, कैसे करें फेफड़ों की जांच

पर्यावरण में दिनों दिन बढ़ रही स्मॉग की समस्या का असर कहीं न कहीं फेफड़ों पर दिखने लगता है। जानते हैं कि वो कौन से संकेत हैंए जिनसे आप जान पाएंगे कि आपके फेफडे भी हो रहे हैं कमज़ोर ।

दिवाली के दिन नज़दीक आ रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण में बढ़ रहा प्रदूषण जहां खांसी और जुकाम का कारण बन रहा है। तो वहीं इससे फेफड़ों की समस्याओं का संकट भी गहराने लगा है। हो भी क्यों न दशहरा के मौके पर जगह जगह पटखों का शोर और धुएं का प्रभाव ओवरऑल बॉडी पर दिखने लगता है। एनवायरमेंट में दिनों दिन बढ़ रही स्मॉग की समस्या का असर कहीं न कहीं फेफड़ों पर दिखने लगता है। इसके चलते आपका शरीर कई स्वास्थ्य संबधी समस्याओं का कारण साबित होने लगता है। जानते हैं कि वो कौन से संकेत हैं, जिनसे आप जान पाएंगे कि आपके फेफडे भी हो रहे हैं कमज़ोर (poor lung function symptoms).





**फेफड़ों में संक्रमण का खतरा कैसे बढ़ता है**

इस बारे में चेस्ट सर्जन डॉ अरविंद के अनुसार मौसम में आने वाली तब्दीली के कारण लोगों को सांस लेने और चंस्ट कंजेशन की समस्या से होकर गुज़रना पड़ता है। ऐसे में 10 से 12 फीसदी लोगों को निमोनिया की समस्या का सामना भी करना पड़ता है। दरअसल, हवा में मौजूद प्रदूषण फेफड़ों को संक्रमित कर देते हैं। जो सांस की तकलीफ का कारण बनने लगते हैं। अगर आपके बॉडी पार्टस को आक्सीजन युक्त रक्त की प्राप्ति नही होगी, तो उनके खराब होने की संभावना बनी रहती है। सांस की तकलीफ से बचने और फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए ब्रीदिंग एक्सरसाइज़ करें। इससे फेफड़ों की सेहत को फायदा मिलता है।

**जानते हैं फेफड़ों में बढ़ने वाले संक्रमण के लक्षण**

**1. ब्रीदिंग प्रोब्लम**

वे लोग जिनके फेफड़े उचित तरीके से कार्य नहीं करते हैं। उन्हें सीढ़िया चढ़ते उतरते वक्त या चलते समय भी सांस संबधी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों को एक्सरसाइज़ करते समय भी सांस लेने में तकलीफ महसूस होती है। बार बार ब्रीदिंग की समस्या होना फेफड़ों की परेशानी का प्राथमिक संकेत हैं।

**2. चेस्ट पेन**

सांस लेते वक्त या खांसते समय अगर आप चेस्ट पेन महसूस करते हैं, तो ये फेफड़ों की समस्या की ओर इशारा करता है। चेस्ट में होने वाले हल्के दर्द को इग्नोर करना खतरनाक साबित हो सकता है। चेस्ट में होने वाला पेन कई प्रकार की हेल्थ प्रोब्लम्स की ओर इशारा करता है।

**लगातार खांसी का होना**

हवा के संपर्क में आते ही ऐसे लोगों को खांसी की समस्या से दो चार होना पड़ता है। थोड़ी थोड़ी देरे में उठने वाली खांसी लंग्स इंफैक्शन का ही संकेत है। सीएनईटी के अनुसार वे लोग जिन्हें 8 सप्ताह से ज्यादा खांसी की समस्या रहती हैं। तो उन्हें डॉक्टरी जांच के लिए अवश्य जाना चाहिए। इससे ब्रोनकाइटिस और निमोनिया जैसी समस्या बढ़ने का खतरा बना रहता है।

**म्यूकस की समस्या**

छाती में बनने वाले म्यूक्स की समस्या अगर लंबे वक्त से बनी हुई हैं, तो इसका उपचार अवश्य करवाएं। इसके अलावा अगर आपको खांसी के दौरान निकलने वाले म्यूक्स के साथ ब्लड भी नज़र आने लगे, तो डॉक्टर जांच के लिए अवश्य जाएं। इससे अस्थमा का खतरा बढ़ने की संभावना बनी रहती है।

# वायु प्रदूषण के कारण ठीक से विकसित नहीं हो पा रहा बच्चों का दिमाग



वायु प्रदूषण और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लंबे समय से चर्चा होती रही है। जिस तरह से दुनियाभर की हवा प्रभावित होती जा रही है, हवा में प्रदूषित सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ती जा रही है, इसने स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता बढ़ा दी है। कई अध्ययन इस बात पर लगातार जोर दे रहे हैं कि हवा में मौजूद पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में अत्यधिक हानिकारक और प्रतिक्रियाशील कणों की मात्रा पहले के अनुमानों से काफी अधिक है। इस तरह की हवा में सांस लेना हमारे पूरे शरीर को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाला हो सकता है। हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया है कि वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। वायु प्रदूषण के कारण कई ऐसी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी बढ़ता जा रहा है जिससे आने वाली कई पीढ़ियां प्रभावित हो सकती हैं।

**असमय मौत का भी बढ़ गया है खतरा**

स्विट्जरलैंड के बेसल विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि पार्टिकुलेट मैटर (हवा में मौजूद सूक्ष्म कण) के अत्यधिक संपर्क के कारण होने वाली बीमारियों के चलते हर साल विश्वभर में करीब 60 लाख लोगों की असमय मौत हो जाती है। शोधकर्ताओं ने अलर्ट किया है पार्टिकुलेट मैटर में पहले के अनुमान से काफी अधिक मात्रा में हानिकारक कण हो सकते हैं, जिसका मतलब है कि इसका हमारी सेहत पर और भी गंभीर रूप से असर हो सकता है। वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना बच्चों की सेहत को प्रभावित करता है, इससे मस्तिष्क पर गंभीर असर हो रहा है। जिन बच्चों का शुरुआती समय प्रदूषण के संपर्क में बीतता है उनमें भविष्य में कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

**दिमागी विकास हो रहा है प्रभावित**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वायु प्रदूषण आपकी याददाश्त, भावनाएं नियंत्रित करने और निर्णय लेने की क्षमता पर नकारात्मक असर डालता है। वायु प्रदूषण के बीच अगर बचपन गुजरा है तो इससे दिमागी विकास प्रभावित हो सकता है।

जीवन के शुरुआती दो साल वह समय होता है जब बच्चे सोचने, समझने, महसूस करने और प्रतिक्रिया देने की मूलभूत क्षमताएं विकसित करते हैं। अगर इस दौरान उनका प्रदूषित हवा से संपर्क अधिक रहता है तो न सिर्फ मस्तिष्क का विकास प्रभावित होता है साथ ही भविष्य में मस्तिष्क से संबंधित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है।

'एनवायरनमेंट इंटरनेशनल% जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि यदि बच्चे जन्म से लेकर 12 वर्ष की आयु तक वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के संपर्क में आते हैं तो उनके मस्तिष्क के भीतर स्थित महत्वपूर्ण हिस्सों के बीच संचार संयोजकता यानी फंक्शनल कनेक्टिविटी बाधित हो सकती है। यह कनेक्टिविटी वह तंत्र है, जो मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों को आपस में जोड़कर सोचने- समझने, भावनाएं व्यक्त करने और निर्णय लेने में मदद करती है। पीएम2.5, पीएम10 जैसे सूक्ष्म कण, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड को बच्चों के दिमागी विकास के लिए सबसे खतरनाक पाया गया। भविष्य में इससे डिमेंशिया जैसी बीमारियों का जोखिम भी बढ़ जाता है, जिसका असर कई पीढ़ियों पर पड़ता है।

**भारत में बढ़ता प्रदूषण चिंताजनक**

बार्सिलोना इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पाया गया है कि कई देशों की तुलना में भारत की स्थिति काफी चिंताजनक है। शोध में नीदरलैंड के बच्चों को शामिल किया गया, यहां वायु प्रदूषण भारत की तुलना में बेहद कम है। यहां बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमता बेहतर देखी गई। वायु गुणवत्ता पर नजर रखने वाले वैश्विक संगठन आईक्यू एयर की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत 2024 में दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश रहा। यहां पीएम2.5 का वार्षिक औसत 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 10 गुना ज्यादा है। भारत के 74 शहर दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं।

# लू से बचाकर रखेंगी खाने की ये चीजें



चिलचिलाती गर्मी की वजह से लोगों के शरीर में पानी की कमी होना बेहद आम बात है। इसी के चलते इस मौसम में डॉक्टर्स ऐसे पकवानों के सेवन की सलाह देते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखते हैं। क्योंकि अगर शरीर हाइड्रेट नहीं रहेगा तो लू लगने की संभावना और बढ़ जाती है।

इसी के चलते इस मौसम में ऐसे ही पकवानों का सेवन बढ़ा देना चाहिए, जिसकी वजह से शरीर को गर्मी से राहत मिले। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस मौसम में भी खुद को फिट रख सकें।

**सत्तू का शरबत**

यदि आप लू से बचकर रहना चाहते हैं तो अपने रूटीन में सत्तू के शरबत को शामिल करें। सत्तू का शरबत शरीर को गर्मी से राहत दिलाता है। इसे आप चाय और कॉफी की जगह पी सकते हैं। इसे कई तरह से पिया जा सकता है। बहुत से लोग सत्तू का शरबत मीठा पीते हैं, तो वहीं बहुत से लोग इसमें नमक, प्याज, हरी मिर्च बगैरह डालकर पीते हैं।

**मसाला छाछ**

लू से बचने के लिए मसाला छाछ एक बेहतर विकल्प मानी जाती है। इसको आप आसानी से तैयार करके पी सकते हैं। अब तो बाजार में मसाला छाछ के पैकेट भी मिलते हैं, जिसको खरीद कर आप कभी भी पी सकते हैं। तो चाय-कॉफी छोड़िए और मसाला छाछ सा सेवन शुरू कीजिए।

**आम पना**

बाजार में इस वक्त कच्चे आम मिलने लगे हैं। ऐसे में आप आम पना बनाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं। आम पना पीने में काफी स्वादिष्ट लगता है। चाहें तो इसे अपने स्वाद के हिसाब से खट्टा या फिर मीठा बनाएं। इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ कच्चे आम को उबालकर उसका गूदा निकालना है और फिर उसमें मसाले डालने हैं।

**खीरे या ककड़ी का रायता**

ककड़ी और खीरा दोनों ही चीजें शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करती हैं। ऐसे में आप ककड़ी और खीरे का रायता बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। दही वैसे भी शरीर को ठंडक पहुंचाता है, ऐसे में जब आप उसमें ककड़ी और खीरा मिक्स करेंगे तो उसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा।

**बेल का शरबत**

बेल का फल गर्मियों के मौसम में ही आता है। इसलिए आप बेल का शरबत बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में ठंडा-ठंडा बेल का शरबत शरीर को राहत पहुंचाने का काम करेगा। इससे सेवन से आप लू से भी बचे रहेंगे।



# चेहरे का ग्लो बरकरार रखेंगे ये तीन जूस, तरीका

खिले और दमकते चेहरे की चाहत हर किसी को होती है। इसके लिए लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं। हालांकि चेहरे पर निखार लाने के लिए केवल बाहरी देखभाल ही जरूरी नहीं है, बल्कि शरीर के अंदर से भी पोषण मिलना बेहद आवश्यक है। ताजगी से भरे कुछ हेल्दी जूस आपकी त्वचा को प्राकृतिक ग्लो दे सकते हैं। ये जूस न केवल स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं, बल्कि शरीर को भी अंदर से सेहतमंद रखते हैं। इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करके इसका असर देखा जा सकता है। आइए जानते हैं ऐसे तीन जूस के बारे में, जो चेहरे की चमक को बनाए रखने में मदद करेंगे और जानिए इन्हें बनाने का आसान तरीका भी।

**खीरा और पुदीना का जूस**

गर्मियों में बाजारों में खीरा और पुदीना आसानी से मिल जाते हैं। ये दोनों ही गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने में असरदार हैं। खीरा और पुदीना का जूस त्वचा के लिए भी लाभकारी हो सकता है। खीरा त्वचा को हाइड्रेट करता है और ठंडक पहुंचाता है। पुदीना त्वचा से जुड़ी सूजन और जलन को कम करने में मदद करता है। गर्मी में रोजाना खीरा और पुदीना का जूस पी सकते हैं।

**जूस की विधि**

एक खीरा छीलकर काट लें। इसमें एक मुट्ठी ताजा पुदीने की पत्तियां मिलाएं। दोनों को अच्छे से धो लें। अब खीरा और पुदीना को पीस लें या ब्लेंड करके छान लें। स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ा नींबू और नमक मिला सकते हैं। यह शरीर को हाइड्रेट रखेगा और त्वचा में चमक लगाएगा।

**आंवला और एलोवेरा जूस**

आंवला विटामिन सी का पावरफुल स्त्रोत है, जो त्वचा को चमकदार और जवान बनाए रखता है। यह आंखों के लिए भी फायदेमंद होता है। साथ ही एलोवेरा त्वचा को भीतर से साफ करता है और ग्लोइंग बनाता है। बालों और स्किन दोनों के लिए एलोवेरा लाभकारी माना जाता है।

**आंवला और एलोवेरा जूस की विधि**

इसे बनाने के लिए दो चम्मच आंवला जूस में दो चम्मच एलोवेरा जूस मिला लें। अब इस मिश्रण में एक गिलास पानी मिलाएं। स्वाद के लिए थोड़ा शहद भी मिला सकते हैं। आंवला और एलोवेरा जूस सुबह खाली पेट पीने से ज्यादा फायदा मिलता है।

# खाना खाने के तुरंत बाद न करें ये पांच काम, सेहत को होते हैं बड़े नुकसान



भोजन का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। पौष्टिक आहार का सेवन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह शरीर को काम करने, बढ़ने और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। ऐसे में जैसा भोजन आप करते हैं, वैसा ही स्वास्थ्य लाभ मिलता है लेकिन कुछ खराब आदते हैं जो पौष्टिक आहार के सेवन के बाद भी शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। यह आदते खाने के बाद की होती है। आप चाहे जितने पौष्टिक आहार का सेवन कर लें लेकिन अगर खाने के बाद कुछ आदतों को नहीं बदलेंगे तो पाचन तंत्र पर दुष्प्रभाव होगा। अक्सर हम अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो पेट की गड़बड़ी से लेकर गंभीर बीमारियों तक की वजह बन सकती है। भोजन के बाद सही आदतें अपनाकर आप पाचन तंत्र को मजबूत रख सकते हैं और स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस लेख में आपको ऐसी बात गलतियां बताई जा रही हैं जो आमतौर पर लोग खाना खाने के बाद करते हैं, जिसका बुरा असर उनकी सेहत पर पड़ता है। आइए जानते हैं कि खाना खाने के तुरंत बाद कौन से पांच काम भूल से भी नहीं करने चाहिए ताकि अगली बार किन 5 गलतियों से बचा जा सके।

**तुरंत पानी पीना**

कुछ लोग खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। इससे पाचन क्रिया बाधित होती है। अगर आप खाना खाने के तुरंत बाद पानी पिएंगे तो खाना पचने में समय ज्यादा लगता है और एसिडिटी व ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। सही तरीका है कि खाने के लगभग 30 मिनट बाद ही पानी पिएं। अगर बहुत प्यास लगे तो गुनगुना पानी बहुत कम मात्रा में लें।

**तुरंत सोना या लेटना**

अक्सर लोग खाने के बाद तुरंत आराम करने के लिए लेट जाते हैं। खाने के बाद लेटने से पेट का एसिड भोजन के साथ ऊपर की ओर आ सकता है जिससे एसिड रिफ्लक्स, सीने में जलन और बदहजमी हो सकती है। आप इन समस्याओं से बचना चाहते हैं तो खाने के बाद कम से कम 30-40 मिनट तक बैठे रहें या हल्की वॉक करें।

**धूम्रपान करना**

वैसे तो धूम्रपान करना ही सेहत के लिए नुकसानदायक होता है लेकिन भोजन के तुरंत बाद धूम्रपान करना सेहत के लिए ज्यादा घातक हो सकता है। इससे निकोटिन का अवशोषण दोगुना हो जाता है, जिससे आंतों को नुकसान पहुंचता है और पाचन तंत्र कमजोर होता है।धूम्रपान पूरी तरह छोड़ना बेहतर है, लेकिन खासकर भोजन के एक घंटे पहले और बाद में न करें।

**व्यायाम**

खाने के तुरंत बाद सामान्य गति से टहल सकते हैं लेकिन व्यायाम करने के बारे में भी न सोचें। खाना खाने के बाद व्यायाम करना सेहत के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। इससे उल्टी, मतली, पेट दर्द और पाचन से जुड़ी कई बड़ी समस्याएं झेलनी पड़ सकती है। अगर आप व्यायाम करना ही चाहते हैं तो भोजन के एक से डेढ़ घंटे बाद व्यायाम करें।

**नहाना**

खाना खाने के तुरंत बाद नहाने से रक्त का प्रवाह बदल सकता है, जिससे पाचन क्रिया धीमी हो सकती है। खाने के बाद पाचन तंत्र सबसे ज्यादा एक्टिव होता है लेकिन आपके नहाने से शरीर का तापमान बदल जाता है और खाना ठीक से पच नहीं पाता है।

# सुबह उठकर योग करने में आता है आलस? बिस्तर से पर ही करें अभ्यास





लोग फिट तो रहना चाहते हैं लेकिन अधिक मेहनत नहीं करना चाहते। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्राकृतिक उपचार है। सुबह योगासनों का अभ्यास कई स्वास्थ्य लाभ दे सकता है लेकिन सुबह-सुबह उठकर योग करने का मन ही नहीं करता है। लोग आलस या समय की कमी के कारण योग नहीं कर पाते लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ आसन आप बिस्तर पर लेटे-लेटे ही कर सकते हैं। इन योगासनों के अभ्यास के लिए आपको बिस्तर छोड़ने की भी जरूरत नहीं है। आप नींद खुलने के बाद इन योगासनों को बिस्तर पर आरामदायक स्थिति में लेटकर ही कर सकते हैं। यहां जानिए ऐसे तीन आसान लेकिन असरदार योगासन, जिन्हें आप बिस्तर पर ही कर सकते हैं।

**पवनमुक्तासन**

इस आसन का अभ्यास सुबह उठते ही करना चाहिए। अभ्यास के लिए बिस्तर पर पीठ के बल ही लेटे रहें। एक पैर को घुटने से मोड़ें और छाती की ओर लाएं। अब दोनों हाथों से घुटने को पकड़ें और धीरे-धीरे सिर को उठाकर घुटने से मिलाएं। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आएं। इसी क्रिया को दूसरे पैर से दोहराएं। पवनमुक्तासन का अभ्यास गैस, ब्लोटिंग और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। रोज सुबह इसे करने से पाचन बेहतर होता है और पेट हल्का महसूस होता है।

**गोमुखासन**

गोमुखासन का अभ्यास पवनमुक्तासन के बाद करना चाहिए। इसके अभ्यास के लिए बिस्तर पर आराम से बैठ जाएं। अब एक हाथ को सिर के ऊपर से पीछे की ओर ले जाएं और दूसरा हाथ पीछे से ऊपर की ओर। दोनों हाथों की उंगलियों को एक-दूसरे से पकड़ने की कोशिश करें। कुछ सेकंड तक स्थिति बनाए रखें और फिर हाथ बदल कर दोहराएं। यह आसन कंधों और छाती की मांसपेशियों को खोलता है। इससे तनाव कम करता है और शरीर के ऊपरी हिस्से की स्थिति में सुधार होता है।

**शवासन**

योगाभ्यास के आखिर में शवासन का अभ्यास करें। इसके लिए पीठ के बल सीधे लेटकर हाथों को शरीर से थोड़ी दूरी पर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रहें। आंखें बंद करके गहरी सांस लें और शरीर को पूरी तरह ढीला छोड़ दें। दो से पांच मिनट तक इसी स्थिति में रहें और केवल सांसों पर ध्यान केंद्रित करें। इस आसन के अभ्यास से थकान दूर होती है। शरीर को ऊर्जा मिलती है और मानसिक रूप से तरोताजा महसूस होता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 2 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे शुक्ल पक्षे पंचमी तिथौ शुक्र वासरे 09/15/ आर्द्रा नक्षत्रे 13/04/ सुकर्मा योग 05/39/ बालक करणे 09/15/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्री अद्यशंकराचार्य जयंती। श्री सूरदास जयंती। श्रीरामानुजाचार्य जयंती। (द. भारत)

**मेष :** दांपत्य जीवन सामान्य। विचारों में परिवर्तन अनुभव करेंगे। घरेलू मांगलिक कार्यों की चिंता रहेगी।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कुंभ :** मनोरंजन आदि पर अति व्यय से बचे। अर्थाभाव आएगा। परिजनों की चिंता। नए अवसरों को टाले नहीं।

**कन्या :** रोग बाधा रहेगी। रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कामकाज पूर्ण होंगे। आतिथ्य समागम होगा।

**मीन :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। संचित कोष बढ़ेगा। जमीन जायदाद की चिंता रहेगी। यात्रा से लाभ होगा।

# छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में दिखाया दमखम



**बदलापुर जौनपुर।** बोर्ड परीक्षा के परिणामों में कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर बाजार में संचालित स.ऋद्ध पब्लिक स्कूल (श्री राम जानकी प्राथमिक विद्यालय) एवं तिवारी कोचिंग क्लासेस के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर कोचिंग का नाम रोशन किया। संस्थान की छात्रा शिखा मौर्य ने 90त्न अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। आंचल गौतम ने 87.88त्न और आयुष दुबे ने 87त्न अंक हासिल कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान पाया। इसके अलावा कशिश मौर्य ने 84.86त्न, शगुन पांडे ने 82.44त्न, अशुतोष तिवारी और कीर्ति उपाध्याय दोनों ने 82त्न तथा अभिनव यादव ने 80त्न अंक प्राप्त किए। शिवानी सिंह ने भी 76त्न अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। संस्थान के संचालक नीरज तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनकी मेहनत व समर्पण की सराहना की।

## नाबालिग से शादी का झांसा देकर किया दुराचार

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इटौरा खुर्द निवासी सरिता देवी पुत्री स्व0 रमेश राम ने न्यायालय में उपस्थित होकर आरोप लगाया कि इसकी नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार करना, गर्भवती हो जाने पर शादी से इन्कार करने के बाद सुलह समझौता के माध्यम से दुर्गा मंदिर रौजा कटघरा को साक्षी मानकर शादी कर लेना। इसके उपरांत दहेज में 01 लाख रु, मोटरसाइकिल, अंगूठी माला की मांग करना, मांग पूरी न होने पर गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व मारपीट कर घर से भगा दिया। इस मामले में सरिता देवी के तहरीर पर कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस रंजीत ,अजय,विजय,विरोधी राम, विद्यावती, सरिता देवी निवासीगण बीबीपुर थाना एवं मुन्ना राम ,शकुन्तला देवी निवासीगण इब्राहिमाबाद सुल्तानपुर थाना घोसी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पूरे जनपद में मनाया गया मजदूर दिवस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में जनपद मऊ के भीटी लेबर अड्डे पर श्रमिक जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत 10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। जीरो पावर्टी के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा चयनित निर्धनतम परिवारों के श्रमिकों का पंजीयन कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय मऊ के द्वारा शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, चंद्रा इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर डॉ सुनीता पाल, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र यादव, सतीश विश्वकर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इसी कड़ी में मजदूर दिवस के मौके पर गुरुवार को ऊप श्रम आयुक्त प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में मऊ सदर स्थित कई स्थानों पर श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न श्रमिकों के योजना के प्रति एक शिविर लगाकर जानकारी दी गई इस मौके पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी लइक अहमद ने श्रमिकों को मजदूर दिवस पर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति तोहफा देते हुए मजदूरों का सम्मान किया वहीं फतहपुर मंडाव ब्लॉक क्षेत्र के अलग-अलग ग्राम सभाओ में बृहस्पतिवार को अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मनरेगा मजदूरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नहर रोड स्थित ब्लॉक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी अनिल मौर्य ने सफाई कर्मियों को माला पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ ही लखनौर ग्राम सभा में ग्राम प्रधान आनंद कुमार मल्ल उर्फ सन्नी मल्ल ने मनरेगा मजदूरों को अंगवस्त्र, फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर घोसी संघर्ष समिति घोसी के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने अपने साथियों संग मजदूरों के साथ मिलकर मजदूर दिवस को मनाया जिसमे चर्चा की गई कि एक समय था जब 16 घंटे मजदूरों को काम करना पड़ता था लेकिन 1886 में शिकागो में हुए मजदूर आन्दोलन की याद में मनाया जाता है, भारत में पहला श्रमिक संघ 1923 में किसान नेता कामरेड सिंगरवेलू चेट्टियार ने शुरू की थी तब से मजदूरों को 8 घंटे काम करने का अधिकार मिला, महामंत्री खुर्शीद खान ने कहा कि मजदूर हमारे लिए काम करते हैं, गर्मी में, बरसात में, जाड़े में भी लगे रहते हैं इनको पूरा अधिकार दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, बार एसोसियेशन के अध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि दुनियां के मजदूरों एक हो जाओ और अपने हक की बात करो।

# बरौली में कोचिंग संस्थान से छात्र की साइकिल चोरी



**बदलापुर जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बरौली कस्बा स्थित कृष्णा कोचिंग क्लासेस में साइकिल चोरी की घटना सामने आई है। कोचिंग के साइकिल स्टैंड से एक छात्र की साइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। यह पूरी वारदात कोचिंग संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गुरुवार दोपहर लगभग 2 बजे यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा, जिसमें एक व्यक्ति को साइकिल चोरी करते हुए साफ देखा जा सकता है। वायरल वीडियो के आधार पर स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोर की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## खबर एक नजर

### अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में गुरुवार को थाना मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भैसहा मोड़ के पास से अभियुक्त अमन चौहान पुत्र अशोक च<हृश्ठुद्द>हान निवासी भुन्देशरा बडका गांव थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से एक अवैध तमन्चा व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध स्थानीय थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान किया।

### पांच वारण्टी पुलिस के गिरफ्त में

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जनपद के विभिन्न थानों द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त सरन पुत्र सहती हरिजन, जगदीश पुत्र चन्द्रपति हरिजन, रामबलि पुत्र छोटेलाल निवासीगण बुढावर थाना दोहरीघाट, थाना रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त सलाउद्दीन पुत्र सलीम निवासी बस्ती बरसी निधियाव थाना रामपुर व थाना मधुबन पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त हरि राजभर पुत्र रामवृक्ष राजभर निवासी भिलई फिरोजपुर थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

### अघोषित कटौती व लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

**बदलापुर जौनपुर।** तहसील क्षेत्र के लखनेपुर सहित विभिन्न गांवों में अघोषित विद्युत कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार की देर रात्रि लगभग 11ः00 बजे ग्रामीणों ने बताया कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे विद्युत कटौती की समस्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लो वोल्टेज की वजह से पंखे, कूलर और मोटर जैसे उपकरण भी ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### पूर्व मध्यमा का छात्र प्रदेश में अव्वल तो दूसरा प्रदेश में दशम

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यॉंशु शर्मा एवं प्रदेश में दशम स्थान प्राप्त किया राघवेंद्र प्रताप यादव का 1 मई को ज्ञानोदय संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में भव्य सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विद्याभूषण मिश्र ने अपने उत्तीर्ण टॉपर छात्रों को माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर बधाई दिया साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं को बताते हुए यह भी घोषणा किए की इन दोनों छात्रों की अब से हमारे महाविद्यालय में निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। श्री प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में संघर्ष के साथ दृढ़ संकल्प एवं ईमानदारी के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता अर्जित की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य बापूनंदन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी आचार्य गण सुमेधा पांडे सुभाष यादव दिव्या पांडे और उपस्थित उत्तीर्ण छात्रों के अभिभावक एवं सैकड़ो छात्र-छात्राएं तथा महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी अंकित, अर्पित, रमाकांत यादव, अनिल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तुलसीपुर ग़ाज़ीपुर में रोजगार मेला का आयोजन

**स्वतन्त्र भारत।** गाजीपुर प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर ने बताया है कि जी एम आर इन्फ्रा कम्पनी द्वारा नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर गाजीपुर में दिनांक 09 मई, 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन (ई0पी0डी0) व्यवसाय से आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता/आधार कार्ड की छायाप्रति/आई0टी0आई0 के मूल प्रमाण पात्रों की छायाप्रति के साथ उक्त मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, उक्त हेतु कोई भी अतिरिक्त यात्रा भत्ता/अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

### विद्यालय परिवार ने टॉपरों का किया उत्साह वर्धन

**स्वंतत्र भारत मऊ।** सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल नियामुपुर मऊ के छात्रों ने आई.सी.एस.ई बोर्ड नई दिल्ली के 10 वीं ओर 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सौ प्रतिशत सफलता के साथ उत्तीर्ण किया। विद्यालय के 10वीं कक्षा की पायल भारती ने 85त्न के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 12 वीं कक्षा की आर्य गुप्ता ने 90त्न के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्साह जनक परिणाम से सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल बन गया। सेंट्रल एकेडमी के प्रधानाचार्य ने सभी को बधाईयां दी। स्कूल के प्रबंधक ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दिया।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन

**महराजगंज जौनपुर।** आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश सीसीई एजूकेटर मर्ती निरस्त किए जाने व लम्बित मांगों को लेकर व ऑनलाइन काम के विरोध को लेकर महराजगंज ब्लॉक की आंगनवाड़ी जौनपुर की जिलाध्यक्ष मंजू उपाध्याय के नेतृत्व में क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ जौनपुर डीएम ऑफिस पहुँचकर आन्दोलन करते हुए ज्ञापन सौंपा। आंगनवाड़ी कर्मचारी आयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आवाहन पर महराजगंज ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने एजुकेटर भर्ती और आनलाइन काम के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करने हेतु वृहस्पतिवार को डीएम जौनपुर व डीपीओ को ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगों लेकर हुँकार भरा। साथ ही मांगो में जिलाध्यक्ष ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को जब तक 5 जी मोबाइल,300 रुपए प्रति माह रिचार्ज उपलब्ध नहीं कराया जाएगा साथ एजुकेटर भर्ती निरस्त नहीं किया जाएगा तब तक ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगी। ज्ञापन के दौरान सुनीता पाल,बिन्दु मौर्या, शैलेश,छाया, पूनम,रंजू ,किरन पुष्पा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने 15 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना दिया

**स्वतंत्र भारत मऊ।** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय आह्वान पर 15 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर धरना दिया गया। धरने का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट मऊ द्वारा प्राप्त किया गया और माननीय मुख्यमंत्री महोदय को प्रेषित करने का आश्वासन दिया गया। संगठन द्वारा चार सूत्री मांगों का ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी दिया गया और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय मऊ से पूरे प्रदेश में जनपद में दूरभाष से शिक्षकों की उपस्थिति लेने की प्रक्रिया को बंद करने की मांग की गई। 1 अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों विशिष्ट बीटीसी 2004, बीटीसी 2001एवं 2004, उर्दू बीटीसी 2005 में नियुक्त सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने की मांग की गई। 17140 / 18150 का वेतनमान देने, विद्यालय समय 7ः00 बजे से 12ः00 बजे तक करने, पदोन्नति एवं प्रोन्नत वेतनमान, अंतः जनपदीय एवं अंतर्जनपदीय सामान्य स्थानांतरण, 01 अप्रैल 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों को सामूहिक बीमा का लाभ देने, प्रदानाध्यापक से छात्रों का विवरण सत्यापित करवा कर आधार कार्ड बनवाने एवं डी बी टी की समस्याओं का निदान करने मांगों को लेकर शिक्षकों ने धरना दिया। वक्ताओं में मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष कृष्णानंद राय, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री जनार्दन सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष रामाश्रय यादव, संतोष कुमार सिंह,विजय कुमार सिंह, शशि कला पाण्डेय, अखिलेश्वर शुक्ल आदि सम्मिलित रहे। प्रमुख रूप से राशिद जमाल, प्रवीण कुमार राय, सुरेंद्रनाथ यादव, जयशंकर यादव ,जगमोहन सिंह, शशि भूषण राय, सुजीत कुमार राय, कालीचरण यादव, सिद्धनाथ प्रसाद, मनीराम, घनश्याम यादव ,डॉ शाहनवाज, ममता शर्मा, सुमन राय,रंजना मिश्रा, अंजनी कुमार सिंह, गीता मौर्या, विनोद कुमार, मनोज सिंह, वीरेंद्र सिंह, पंकज तोमर, आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# दोना पत्तल बनाने की निः शुल्क मशीन वितरण हेतु आवेदन

4–यदि किसी एक ही तालाब के लिये एक ही वरीयता क्रम के एक से अधिक व्यक्ति इच्छुक है तो ऐसे तालाबों का आवंटन नीलामी के माध्यम से किया जायेगा।
5– 2 हे0 क्षेत्रफल के तालाबों का लागान रू0 5000प्रति हे0/वर्ष व 2 हे0 से अधिक के क्षेत्रफल के तालाबों का लगान रू0 10000प्रति हे0/प्रति वर्ष होगा।
6–उक्त मत्स्य पालन नीलामी/आवंटन में 2हे0 से अधिक/तालाब/पोखरो/मीनाशयों की नीलामी/आवंटन पंजीकृत व मत्स्य पालन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त समितियों द्वारा अदेयता प्रमाण पत्र देने के पश्चात नीलामी में प्रतिभाग कर सकेगें।
7–मत्स्य पालन पटटा के लगान का बकायेदार व्यक्ति किसी भी दशा में मत्स्य पालन पटटा की नीलामी में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।
8–जिन तालाबों की गाटा सं0 का आवंटन हो चुका है या अवधि शेष है त्रुटिवश विज्ञापन हो गया है तो ऐसे तालाबों की नीलामी नहीं की जायेगी।
9–नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने के समबन्ध में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम होगा।
10–नीलामी से समबन्धित विस्तृत जानकारी तहसीलदार कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकेगी।
11–आवेदन के समय अद्यतन जाति प्रमाण पत्र ,आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आधार कार्ड खतौनी प्रस्तुत करना होगा।
12–तालाबों की नीलामी बोली सर्वोच्च बोली दाता के पक्ष में की जायेगी सर्वोच्च बोली नीलामी धनराशि का 1/4 का तत्काल जमा करना होगा यदि सर्वोच्च बोली दाता द्वारा नीलामी धनराशि की तत्काल जमा नहीं करता है तो उसके द्वारा जमा अग्रिम जमा धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में कर ली जायेगी तथा नीलामी धनराशि की 3/4 भाग 15 दिन के अन्दर जमा करना होगा यदि नीलामी केता पटटा स्वीकृत के पश्चात 15 दिन के अन्दर अवशेष धनराशि 3/4 भाग नहीं जमा करता है तो उसके द्वारा जमा 1/4 भाग धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
12–नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार रामनगर को नामित करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उपजिलाधिकारी
रामनगर, बाराबंकी

उ0प्र0 233163 दिनांक– 29.04.2025 Web.: www.upidadv.gov.in

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर श्रम विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का किया आयोजन

**मिर्जापुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर श्रम विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला पंचायत सभागार में जागरूकता कार्यक्रमध्विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने किया। सहायक श्रमायुक्त द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुये उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुये उपस्थित श्रमिकों से हितलाभ हेतु आवेदन किये जाने हेतु जोर दिया गया। बोर्ड द्वारा संचालित किये जा रहे मिर्जापुर मण्डल में अटल आवासीय विद्यालय पर जानकारी देते हुये बताया कि नवोदय विद्यालय जैसा ही निर्माण श्रमिकों के पुत्र व पुत्रियों हेतु गुरमुरा सोनभद्र में अटल आवासीय विद्यालय संचालित है, जहां निर्माण श्रमिकों के बच्चें प्रवेश परीक्षा पास कर कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं ई-श्रम पर विस्तार चर्चा करके जानकारी दी गयी। गोष्ठी को संबोधित करते हुये अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा उपस्थित निर्माण श्रमिकों को 01 मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा में उन्होंने बताया कि 150 वर्ष पहले श्रमिकों से 18 घण्टे काम कराया जाता था, परन्तु आंदोलन के उपरान्त वर्तमान में 08 घण्टे काम लिया जाता है। उपस्थित मजदूरों को सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं में लाभ दिये जाने पर बल दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा चर्चा करते हुये बताया कि वर्तमान समय में गूगल की क्रान्ति है। कोई भी योजना की जानकारी गूगल पर देखा जा सकता है। सरकार द्वारा दी जा रही व्यवस्था के अनुसार आप किसी भी योजना का आवेदन कामन सर्विस सेन्टर के माध्यम से करते हुये लाभ प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित श्रमिकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं यथा-एनआरएलएम, मुख्यमंत्री युवा योजना, ई-श्रम पोर्टल, प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन योजना पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान 18-40 वर्ष के युवाओं हेतु सी0एम0युवा योजना के अंतर्गत पंजीयन कराकर स्वरोजगार हेतु पंजीयन कराने पर जोर दिया गया। अंत में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में हितलाभ प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। उपस्थित श्रमिकों के धन्यवाद ज्ञापन के बाद विचार गोष्ठी का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुविज्ञ सिंह, सहायक श्रमायुक्त, आलोक रंजन, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, ज्ञानेन्द्र सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, चुनारएवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# डीएम ने गोंड़ जाति समुदाय के आठ व्यक्तियों को वितरित किया जाति प्रमाण पत्र



**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपने कार्यालय में गोंड़ जाति समुदाय के 8 व्यक्तियो को जाति प्रमाण पत्र वितरण किया। गोंड जाति के प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों का समिति के सत्यापन के बाद प्रस्तुत किये गये साक्ष्य के आधार पर जिलाधिकारी ने जिन 8 व्यक्तियो को जाति प्रमाण पत्र वितरण किया, उनमें विवेक किशोर वर्मा, कौशल किशोर वर्मा, प्रतीक किशोर वर्मा, सत्यम किशोर वर्मा, शिवम किशोर वर्मा, रंजीत कुमार, कान्हा एवं खुशी को प्रमाण पत्र वितरित किया।

## देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलियारी मोड से बुधवार की देर शाम पुलिस ने 18 पाउच देशी शराब ब्लू लाइम के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार का आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मचलके पर छोड़ दिया है। उपनिरीक्षक शैलेश सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल लाला सोनकर और चंद्रशेखर यादव के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली की एक आरोपित शराब लेकर कहीं बचने के लिए जा रहा है जिस पर पुलिस ने फुलियारी मोड पर पहुंचकर आरोपित फुलियरी गांव निवासी श्याम कोल को 18 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आरोपित को आने पर लाकर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को कड़ी चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 18 पाउच देशी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

# मजदूर दिवस पर दो श्रमिकों को बीडीओ ने किया सम्मानित

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर दो श्रमिकों को 100 दिन मनरेगा के तहत कार्य पूर्ण करने पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है।

खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि बरी गांव निवासी राकेश व बबलू ने 2024 एवं 25 में मनरेगा के तहत सौ दिन मजदूरी किया है जिस पर




अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर खंड विकास अधिकारी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है।

## फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के पांच लोग भर्ती

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के हिनौता पड़रवा गांव में विषाक्त भोजन करने से एक ही परिवार के पांच लोग बीमार हो गए जिन्हें परिवार के लोगों ने राजगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। राजगढ़ थाना क्षेत्र के उक्त ग्राम निवासी सुरेश कुमार पुत्र लालता 40 वर्ष पत्नी मंजू देवी 35 उनकी तीन पुत्री वंदना 24 संध्या 22 और सुमन 15 वर्ष मंगलवार की शाम खाना खाकर जैसे ही सभी लोग सोए कुछ समय बाद सभी लोगों को उल्टी एवं दस्त होने लगा परिवार के लोगों ने सरकारी एंबुलेंस बुलाकर उन सभी को राजगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने उनका इलाज किया और इलाज करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पता चला है कि पूरे परिवार के लोगों ने मछली का सेवन किया था जिसके कारण उन्हें ऐसी समस्या आई। डॉक्टरों का कहना है कि मई से लेकर अगस्त माह तक मछली का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इन चार महीनों में मछलियों के प्रजनन का समय होता है ऐसे में वह विषाक्त हो जाती हैं। इन मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर महेंद्र चौधरी ने बताया कि सभी मरीज का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया और उन्हें हिदायत दी गई कि वे ताजा भोजन और साफपानी का प्रयोग करें क्योंकि ऐसे में डायरिया होने की संभावना बनी रहती है।

## सड़क दुर्घटना में छह घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर हुई दुर्घटना में छह लोग घायल हो गए जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज करिने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इसी थाना क्षेत्र के रामपुर 38 गांव मे बुधवार की रात सोनभद्र जनपद के खुटहा गांव से एक बारात आई थी जिसमें शामिल होने के लिए इसी गांव का 23 वर्षीय ओमप्रकाश अपने साथी 32 वर्षीय हरिओम शाहगंज बाजार एवं एवं विसुंदरी गांव निवासी हरिओम को एक ही बाइक पर बैठा कर बारात में शामिल होने आ रहा था।

## जिपं सदस्य पति की बाइक चोरी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव से जिला पंचायत सदस्य शील कुमारी कोल के पति एवं सपा नेता जग्गू कोल की मोटरसाइकिल चोरों ने उड़ा दिया। उन्होंने इस संबंध में थाने में सूचना दी पुलिस मोटरसाइकिल को बरामद करने एवं चोरों को पकड़ने के लिए प्रयासरत है। मंगलवार शाम को सपा नेता अपने कुछ साथियों के साथ गांव के किसी दूसरे के घर पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ा करके बात कर रहे थे।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अमर उजाला समाचार पत्र में अपने पुत्र राजकुमार को गलत कार्य व्यवहार के चलते 07.05.2011 को चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था किन्तु अब अच्छे कृत्यों के कारण बेदखली का निरस्त करते हुये समस्त मालिकाना हक प्रदान करता हूँ। रामशब्द पुत्र रामरंग, ग्रा0-महदेइया बिनोहनी इकौना, श्रावस्ती।

सी.आर.-210/D-40

### सूचना

मैं नं. 13988468 K Hav हरिओम शुक्ला पुत्र राम नन्दन शुक्ला नि.- 587A/818A गांधी नगर तेलीबाग लखनऊ (उ.प्र.) सेना में कार्यरत था मेरी माँ का नाम मेरे आर्मी रिकार्ड में राजेन्द्रवती अंकित था जो कि गलत है इनका सही नाम राजेन्द्री दर्ज किया जाय व जन्मतिथि जो कि 01/07/1948 जो कि गलत अंकित है सही जन्मतिथि 01/01/1946 है वह अंकित की जाय व इसी नाम व जन्मतिथि से जाना जाय।

सी.आर.-208/L-47

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम VINOD KESHRI था जो अब बदलकर VINOD KUMAR KESHARI हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए VINOD KUMAR KESHARI S/O Harish Chandra Keshri, Karma Bajar Karma, Karchhana , Prayagraj UP.

सी.आर.-209/D-33

### सूचना

मैंने अपना नाम DEEPAK KUMAR से बदलकर DEEPAK PANDEY रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-SHIV PRAKASH PANDEY WARD No-3 PURE KAJI PASHCHIMI PARSHADEPUR RAEBARELI, SALON, DIST- AMETHI-229129 (U.P)

सी.आर.-212/L-25

### सूचना

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230886118 का अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। प्रांजल राजवंशी निवासी ग्राम वनियानी तह. पुवायां-शाहजहांपुर।

सी.आर.-211/D-25

### सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम नन्दरानी अंकित हो गया है, जोकि गलत है मेरे सभी दस्तावेजों में सही नाम नन्ही है। भविष्य में मुझे नन्ही के नाम से जाना व पहचाना जाए। नन्ही पत्नी नन्हेंलाल नि.ग्रा. सिंघापुर पनई थाना बंडा तह. पुवायां-शाहजहांपुर।

सी.आर.-211/D-32

### सूचना

मेरा घरेलू नाम रजनी सिंह हैं जबकि शैक्षिक अभिलेखों में नीरज सिंह हैं, दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे नीरज सिंह नाम से जाना जावे। नीरज सिंह पत्नी जितेंद्र सिंह नि.ग्रा. मिश्रीपुर थाना रामचंद्र मिशन-शाहजहांपुर।

सी.आर.-211/D-30

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र जितेन्द्र कुमार व पुत्रवधू विधवा सुमन पत्नी स्व. रामकुमार को दुर्व्यवहार के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वंय जिम्मेदार होंगे। नत्थूलाल पुत्र स्व. लाहोरी नि.मो. गदियाना निकट सलीम की चक्की के पास म.न. 192 थाना सदर बाजार-शाहजहांपुर।

सी.आर.-211/D-41

**सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब आर्डर- 5 कायदा- 1 व 5**
**श्रीमान उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पी-1 बी.के.टी., लखनऊ**
**वाद : टी 202110460410071**
**धारा-35 (2) उ.प्र.रा.सं.-2006**
**श्रीमती रूपरानी ...साकिन**
**बनाम**
**शम्भू आदि ...मुद्दालय**
**श्रीमती राम दुलारी W/o स्व. कल्लू निवासिनी-ग्राम तरहिया, पोस्ट-आई.आई.एम., तहसील- बक्शी का तालाब, लखनऊ 226013**
हरगाह ने आपके नाम से एक नालिश बाबत .... के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह 03-05-2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर दिनांक .... को दाखिल करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे हस्ताक्षर और मुहर मोहर अदालत से आज बतारीख ..... माह ..... सन् 2025 ई. को जारी किया गया।
**तारीख पेशी-03.05.2025**
**न्यायाधीश**

सी.आर.-207/L-CN

**हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मेजा, प्रयागराज**
**वाद सं.34 सन 2024 बुद्ध प्रकाश उर्फ बुद्धि प्रकाश बनाम अवधेश कुमार आदि**
बुद्ध प्रकाश उर्फ बुद्धि प्रकाश पुत्र स्व. अच्युतानन्द मिश्र ग्राम ऊंचडीह (खदराहन का पूरा) पोस्ट ऊंचडीह बाजार वि. ख. ऊरवा तहसील मेजा जिला प्रयागराज ......... वादी
**बनाम**
2.सुधाकर पुत्र स्व. शिवपूजन मिश्र ग्राम ऊंचडीह (खदराहन का पूरा) पोस्ट ऊंचडीह बाजार वि. ख. ऊरवा तहसील मेजा जिला - प्रयागराज 8.श्री मती मालती देवी पत्नी स्व. शिव शंकर मिश ग्राम ऊंचडीह (खदराहन का पूरा) पोस्ट ऊंचडीह बाजार वि. ख. उरुवा तहसील मेजा जिला प्रयागराज...........प्रतिवादी
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के05 के29 दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि-29.05.2025**
**न्यायाधीश**

सी.आर.-209/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 05.05.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 27 शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 74 वर्ष 2018 औचित्य कुमार सिंह बनाम उ.प्र. सरकार द्वारा कलेक्टर आदि बनाम 1- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय शाहजहांपुर 2- श्रीमान जिलाधिकारी महादेय शाहजहांपुर व जनसाधारण..प्रतिवादीगण हरगाह औचित्य कुमार सिंह वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत मृतक आलोक कुमार सिंह पुत्र स्व. कृष्णपाल सिंह नि.ग्रा. दिलावरपुर पर. व थाना निगोही तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर की मृत्यु घोषित करने हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 05 माह 05 सन् 2025 ई. ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फ्त वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफकिया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 01 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर सिविल जज सी.डि. त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 27 शाहजहांपुर।**

सी.आर.-211/D-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण-DEN-MWS-2025-03 जी.के.पी.एस.-डेवलपमेंट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी फॉर रिपेयर एंड मेंटनेन्स ऑफ इक्विपमेंट्स ऑफ मेमू कोचेज एंड अदर फैसिलिटीज। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,83,69,269.95, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 2,41,900/-, निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय: 03-06-2025, 11:00 बजे।
• इस ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर
मुजाधि/यांत्रिक-17
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:-
**क्रम सं.-1,** कार्य का नाम: छपरा में इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप का प्रावधान। ई-निविदा सूचना संख्या: एनईआर-बीएसबी-2025-17, अनुमानित लागत: ₹ 5,57,17,326/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 4,28,600/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 29-05-2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 15 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-17 दिनांक 29-05-2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-43
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-197330-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-155464-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-109933-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-495-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-494-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Pnu-LKO-PYGS-WRL-79-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloack Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1286/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अदालती सूचना ता.पेशी 12.05.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज जू.डि. त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 39 शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 100 वर्ष 2019 रियासत उल्ला खां बनाम मो. सैफ खां आदि बनाम श्रीमती विजय पत्नी श्री छंगा लाल नि.मो. ताजूखेल हाल निवासी मोहल्ला तारीन टिकली शहर व जिला शाहजहांपुर..प्रतिवादी सं.02 हरगाह रियासत उल्ला खां वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत उदघोषाणात्मक एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 05 सन् 2025 ई. ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 01 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर सिविल जज जू.डि. त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या 39 शाहजहांपुर।**

सी.आर.-211/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 05.05.2025 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 271 वर्ष 2024 प्रथम कुमार सिंह पुत्र स्व. महेंद्र वक्स सिंह नि.ग्रा. रामापुर वरकतपुर पर. व तह. सदर जिला शाहजहांपुर..प्रार्थी/वादी बनाम हरखास व आम...प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी प्रथम कुमार सिंह वादी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफ्लत हाय मुसम्मी स्व. उत्तम कुमार सिंह पुत्र महेंद्र वक्स सिंह नि.ग्रा. रामापुर वरकतपुर पर. व तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी प्रथम कुमार सिंह वादी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 05.05.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 05.05.2025 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म निस्वत दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 01.05.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

सी.आर.-211/D-CN

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-तालकटोरा**
**तालकटोरा पावर हाउस, मध्य जोन, लेसा, लखनऊ**
ई-निविदा सूचना- 01/E.U.D.C.-Talkatora/2025-26, दिनांक: 01.05.2025
कार्य का नाम : मण्डल-तालकटोरा के अधीन खण्ड ऐशबाग के क्षेत्रान्तर्गत हैदरगंज तिराहे के पास स्थापित विद्युत तंत्र का अन्यत्र स्थानान्तरण का कार्य (जमा योजना मद में)
ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु0 3540.00 धरोहर धनराशि : रु0 22,000.00
ई-निविदा की अंतिम तिथि: 16 मई 2025, 17:00 बजे तक।
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्पित की जाएगी।
पत्रांक-1133/वि0न0वि0म0/तालकटोरा
दिनांकः- 01.05.2025
"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाए। बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगाए।
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-तालकटोरा मध्य जोन, लेसा, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 09 से 13/ECTC,PRG/2025-26**
अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 09 से 13 / ECTC, PRG/2025-26 से सम्बन्धित आवश्यक विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्यावधि) इलेक्ट्रानिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका पूर्ण विवरण ई-पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदा अभिलेख/प्रपत्र ऑनलाईन उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर दिनाँक 19.05.2025 को 14:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जिसे डाउनलोड कर ऑनलाईन http://etender.up.nic.in साइट पर दिनाँक 19.05.2025 को 14:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनाँक 20.05.2025 को 14.00 बजे से खोली जायेंगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार/परिवर्तन/संशोधन /विस्तार/शुद्धिपत्र हेतु उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देख सकते है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ0प्र0पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज।
**हेल्प लाईन दूरभाष सं. 0532-2256298**
'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'
अधीक्षण अभियंता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, प्रयागराज
पत्रांकः 90/वि.जा.पा.मं.(प्र)/टी-4
दिनांकः 01.05.2025

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी।**
पत्रांक : 59/न०पा०प० जायस/ठे0पं0/2025-26 दि० : 30 अप्रैल 2025
**ठेकेदारी पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु विज्ञप्ति**
समस्त आयकर व जी०एस०टी० में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठेकेदारों के पंजीकरण व वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंजीकृत ठेकेदारों के नवीनीकरण हेतु दिनांक 08.05.2025 को कार्यालय अवधि में आवेदन पत्र विक्रय की तिथि तथा दिनांक 13.05.2025 तक आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि निर्धारित की गई है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म आवेदन पत्र निर्धारित मूल्य जी०एस०टी० सहित रुपया 1770.00 कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं, तत्पश्चात् आवेदन पत्र के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आयकर व जी०एस०टी० में पंजीकरण प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र व अन्य वांछित प्रपत्रों के साथ जमानत धनराशि रु0 50,000.00 की एफ०डी०आर०/ टी०डी०आर०/ एन०एस०सी० अथवा के०वी०पी०, जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी के पक्ष में बंधक हो, संलग्न कर निर्धारित तिथि तक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। ठेकेदार/फर्म को इस आशय का शपथ पत्र मय नोटरी संलग्न करना अनिवार्य है कि उसके ऊपर किसी भी प्रकार का आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं है। अन्य नियम व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यालय अवधि में कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस से प्राप्त की जा सकती है।
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी।
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14
लखनऊ, शुक्रवार, 2 मई, 2025

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने की जयशंकर से बात

# पहलगाम के साजिशकर्ताओं को न्याय के दायरे में लाया जाए

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ फोन पर बातचीत के कुछ घंटों बाद कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों, उनके आकाओं और इसकी साजिश रचने वालों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ने के बीच जयशंकर और रुबियो के बीच फोन पर यह बातचीत हुई। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'कल अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके दोषियों, सहयोग करने वालों और साजिश रचने वालों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए।' भारत ने इस भयावह हमले के तार 'सीमा पार' से जुड़े होने और हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।



### आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में अमेरिका प्रतिबद्ध : रुबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूसस ने यहां एक बयान में कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। मंत्री ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के लिए अपना दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि रुबियो ने भारत को तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# बौखलाए पाक ने शुरू किया हिंदुओं का इस्तेमाल

**क्वेटा।** बौखलाए पाकिस्तान ने अब अपने मुल्क में 3 फीसदी से भी कम बचे हिंदुओं का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांच के क्वेटा में हिंदू समुदाय के लोगों से भारत के खिलाफ प्रदर्शन करवाया है। यह प्रदर्शन बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के लोगों ने किया है, जिसका नेतृत्व संजय कुमार ने किया।

**पीपीपी के बैनर तले कराया प्रदर्शन**

**भारत के खिलाफ दिलवाए बयान**

वह बलूचिस्तान की विधानसभा में सदस्य हैं। हिंदू समुदाय के लोगों के हाथों में भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लिखे नारों वाली तख्तियां देकर प्रदर्शन करवाया गया है। हिंदू समाज के लोगों का यह मार्च कई रास्तों से होते हुए क्वेटा प्रेस क्लब पहुंचा। यही नहीं हिंदू समुदाय के लोगों से यह बयान भी दिलाने की कोशिश की है कि पहलगाम आतंकी हमले में भारत का हाथ नहीं है।
पाकिस्तान की करीब 25 करोड़ की आबादी में अब हिंदू महज एक करोड़ ही बचे हैं। यही नहीं इनकी मुख्य आबादी सिंध और बलूचिस्तान प्रांत में ही है और ये गरीबी में जीवन गुजार रहे हैं। सरकारी नौकरियों और संवैधानिक पदों में हिंदुओं की संख्या न के बराबर है। यही नहीं पाकिस्तानी सेना और सरकार में भी हिंदुओं का आमतौर पर कोई दखल नहीं है। ऐसे में हिंदू समुदाय के लोगों का भारत के खिलाफ इस्तेमाल करना बताता है कि पाकिस्तान किस तरह प्रोपेगेंडा वॉर में जुटा है। प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले संजय कुमार ने कहा, पाकिस्तान का हिंदू समुदाय देश के सुरक्षा बलों के साथ खड़ा है। यदि भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ हमला या कोई सैन्य कार्रवाई हुई तो हम सेना के साथ रहेंगे। इसके अलावा सिंधु जल समझौता रोकने के खिलाफ भी बयान दिलाए गए।



# हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ी



**इस्लामाबाद।** भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान अलर्ट मोड पर है। पाकिस्तान की सरकार और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने आतंकवादी हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। सूत्रों के अनुसार पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को कोवर्ट ऑपरेशन का डर है। स्पेशल सर्विस ग्रुप के पूर्व कमांडोज को सईद की सुरक्षा में लगाया गया है। इसके अलावा लाहौर स्थित मोहल्ला जोहार वाले घर समेत उसके आवासों पास सुरक्षा के लिए अतिरिक्त लोग लगाए गए हैं। जानबूझकर उसे ऐसे इलाके में रखा गया है, जहां बड़ी संख्या में आम पाकिस्तानी रहते हैं। सईद लश्कर-ए-तैयबा का फाउंडर है। वह साल 2008 में हुए मुंबई बम धमाकों का मास्टरमाइंड है और सरकार को उसकी तलाश है। इसके अलावा सईद अमेरिका में वॉन्टेड है।

# आईएसआई चीफ आसिम मलिक बने पाक के एनएसए



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद असीम मलिक को पाकिस्तान का नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है। मलिक को अतिरिक्त प्रभार के तौर पर एनएसए का पद दिया गया है। उनकी नियुक्ति के बारे में एक औपचारिक अधिसूचना भी जारी की गई है। उन्हें सितंबर 2024 में आईएसआई का प्रमुख नियुक्त किया गया था। नियुक्ति भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आंतरिक-बाहरी सुरक्षा चुनौतियों के बीच की गई है।
पाकिस्तानी सेना में आईएसआई प्रमुख का पद सबसे अहम माना जाता है। ऐसे में उस पर बैठे शख्स को ही एनएसए की जिम्मेदारी सौंपना पाकिस्तान की बौखलाहट दिखाता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान छटपटा रहा है। उसे डर है कि भारत आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। आतंकवाद का पनाहगार होने के नाते भारत का कहर उस पर ही बरसेगा। उसके कई मंत्री ऐसे बयान भी दे चुके हैं कि भारत उस पर कभी भी हमला कर सकता है। मलिक की नियुक्ति 29 अप्रैल को की गई है, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी बुधवार देर रात आई। इससे एक दिन पहले ही यानी 30 अप्रैल को भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया। खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष बनाया। लेफ्टिनेंट जनरल मलिक बलूचिस्तान में इन्फेंट्री डिवीजन और वजीरिस्तान में इन्फेंट्री ब्रिगेड की कमान संभाल चुके हैं। उन्हें अपने पाठ्यक्रम में स्वोर्ड ऑफ ऑनर से भी नवाजा जा चुका है। वर्षों से सेना में विभिन्न नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा चुके हैं।

# ममता बनर्जी ने बंगाल में किया जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर समुद्र तटीय शहर दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया। बनर्जी ने तीन साल में मंदिर का निर्माण करने वाले श्रमिकों और इंजीनियरों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं उद्घाटन कार्यक्रम के लिए यहां आए सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं। उद्घाटन के लिए सभी धर्मों के लोग आए थे। अनुष्ठान के तहत बनर्जी ने मंदिर के अधिकारियों को सोने की झाड़ू भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में यह मंदिर एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में उभरेगा।

## एक नज़र

### बिहार चुनाव में जीतेंगे पहले से ज्यादा सीटें : ओवैसी

**हैदराबाद।** बिहार चुनाव को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन औवेसी ने बड़ा दावा किया है। ओवैसी ने कहा कि सक्रिय रूप से लड़ेंगे, पहले से ज्यादा सीटें जीतेंगे। ओवैसी ने कहा कि हम बिहार चुनाव लड़ेंगे। हमने बहादुरगंज से अपना उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। 3 मई को बहादुरगंज में मेरी जनसभा है और 4 तारीख को दूसरी जगह पर। हम अच्छा लड़ेंगे और हमारे उम्मीदवार पिछली बार से भी ज़्यादा सफल होंगे और सीमांचल की जनता हमारे विधायकों को चुराने वालों को सबक सिखाएगी। ओवैसी ने आगे कहा कि जाति जनगणना होनी चाहिए ताकि पता चल सके कि कौन सी जाति विकसित है और कौन सी जाति अविकसित है। देश में सकारात्मक कार्रवाई और न्याय के लिए यह बहुत ज़रूरी है, क्योंकि आपने ओबीसी का आरक्षण सिर्फ़ 27 प्रतिशत पर रोक दिया है, यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा से जानना चाहेंगे कि आप इसे कब शुरू करेंगे और कब तक पूरा करेंगे। इसकी रिपोर्ट 2029 के संसदीय चुनाव से पहले आएगी या नहीं?

### फिल्मी हस्तियों ने वेव्स में बांधा समा

**मुम्बई।** विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 ने मुंबई शहर में धूम मचा दी है, जिसमें मनोरंजन की दुनिया में चमक बिखेरने वाले सितारों के साथ दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा और रचनात्मक दिमाग एक साथ आ रहे हैं। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चार दिनों तक उत्सव चलेगा। वेव्स 2025 के रेड कार्पेट पर बॉलीवुड के कई दिग्गज और उद्योग जगत की हस्तियां मौजूद थीं। बादशाह शाहरुख खान ने एंट्री की और आयोजकों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा कार्यक्रम में जोश भर दिया। इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने हाथों में हाथ डालकर रेड कार्पेट पर कदम रखा और प्रशंसकों तथा मीडिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। कार्यक्रम में दिग्गजों में शामिल थे चिरंजीवी - तेलुगु सिनेमा के मेगास्टार,आमिर खान भारतीय सिनेमा के परफेक्शनिस्ट,रजनीकांत - दक्षिण के प्रतिष्ठित सुपरस्टार, अक्षय कुमार, अनिल कपूर, हेमा मालिनी और दीपिका पादुकोण सहित कई गणमान्य शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। मुम्बई से नम्रता शुक्ला की रिपोर्ट में बताया कि वेव्स 2025 की एक महत्वपूर्ण विशेषता वैश्विक मीडिया संवाद है, जो 25 देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है।

### एमपी में कार पलटने से चार लोगों की मौत

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले में बृहस्पतिवार को तड़के तेज गति से जा रही एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित गुना जिले के मावन में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शिवपुरी जिले के रिजौदा गांव लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि तभी चालक ने सड़क पर आए आवारा पशु को बचाने की कोशिश की और कार डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि यह घटना भदौरा कस्बे के पास हुई।

### नैनीताल में मासूम से दरिंदगी पर बवाल

**नैनीताल।** सामान्य तौर पर शांत रहने वाले नैनीताल शहर में बुधवार को अचानक सांप्रदायिक तनाव हो गया। रात करीब साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक सड़कों पर तांडव होता रहा। उस्मान नाम के बुजुर्ग ठेकेदार पर एक बालिका से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया तो सूचना शहर में आग की तरह फैल गई। लोगों की भीड़ मल्लीताल की सड़कों पर इकट्ठी हो गई। इसके बाद हिंदू संगठनों ने मुस्लिम समाज के लोगों की दुकानों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। शहर का माहौल खराब होने पर पूरा बाजार बंद हो गया। सांप्रदायिक तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पकड़े गए आरोपी को अपने हवाले करने की मांग करते हुए भीड़ ने मल्लीताल कोतवाली घेर ली। लोग आरोपी को कोतवाली के लॉकअप से बाहर निकालने पर आमादा थे। उन्होंने कोतवाली के बाहर ही धरना दे दिया।

### कुवैत ने रिहा किए 10 और अमेरिकी

**वाशिंगटन।** कुवैत ने 10 और अमेरिकी बंदियों को रिहा कर दिया है। इसके साथ ही पिछले दो महीनों में रिहा किए गए अमेरिकी बंदियों की संख्या कुल 23 हो गई है। बंदियों की रिहाई के बारे में अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रिहा किए गए लोगों में से कई लोग अमेरिकी फौज के लिए काम करने वाले ठेकेदार और पूर्व सैनिक हैं। इन्हें कुवैत ने ड्रग्स और अन्य अपराधों के आरोप में पकड़ा था। इससे पहले 12 मार्च को भी 10 अमेरिकियों को रिहा किया गया था। यह रिहाई ट्रंप प्रशासन में बंधक मामलों के दूत एडम बोहलर की कुवैत दौरे के कुछ हफ्ते बाद की गई। बोहलर ने कहा, जब हम कुवैत गए और वहां के अधिकारियों से मिले, तो उन्होंने कहा कि पहले कभी किसी ने अमेरिकियों को रिहा करने के लिए इतनी कोशिश नहीं की थी।

# कोलकाता अग्निकांड में होटल मालिक गिरफ्तार

**कोलकाता।** मध्य कोलकाता के उस होटल के मालिक और प्रबंधक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया, जहां भीषण आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। ऋतुराज होटल के मालिक आकाश चावला और प्रबंधक गौरव कपूर को आज सुबह हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि स्वतः संज्ञान लेते हुए जोरासांको थाने में उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं, जिसमें 105 (गैर इरादतन हत्या) भी शामिल है, और पश्चिम बंगाल अग्निशमन सेवा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ें भारत-ब्रिटेन



**लंदन।** ब्रिटेन की भारतीय मूल की सांसद प्रीति पटेल ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और अपनी सरकार से अपील की कि ब्रिटेन को अपने दोस्त भारत के साथ इस मुश्किल समय में खड़ा होना चाहिए और दोनों देशों के आतंक के खतरे से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। ब्रिटेन की संसद में प्रीति पटेल ने ये बातें कहीं। भारतीय मूल की ब्रिटिश सांसद प्रीति पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। यह एक आतंकी घटना थी और हमें इसे वो ही बताना चाहिए, जो ये है। यह आम नागरिकों पर हमले का लंबे समय से चला आ रहा पैटर्न है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों और पर्यटकों को निशाना बनाया जाता रहा है। प्रीति

**भारतीय मूल की ब्रिटिश सांसद ने की पहलगाम हमले की निंदा**

पटेल ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारे बीच (भारत और ब्रिटेन) लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है। इसे लेकर साल 2002 में नई दिल्ली डिक्लेरेशन और साल 2016 में भारत-यूके रणनीतिक साझेदारी भी हुई। दोनों देशों के बीच 20230 का रोडमैप भी बना हुआ है। ऐसे में हमें भारत की मदद करनी चाहिए। पटेल ने ब्रिटेन की सरकार से सवाल किया कि उनके पास पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के बारे में क्या सूचनाएं हैं। पटेल ने कहा कि क्या सरकार ये मानती है कि लश्कर ए तैयबा इसके पीछे है और क्या सरकार आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं के पाकिस्तान के साथ संबंध के बारे में जानती है?

# अमेरिकी सीनेट में ट्रंप के टैरिफ को मिली मंजूरी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रोकने में डेमाक्रेट्स सांसद असफल रहे। सीनेट में डेमोक्रेट नेताओं की ओर से लाए गए टैरिफ रोकने के प्रस्ताव को रिपब्लिकन ने खारिज कर दिया। इससे ट्रंप को मामूली जीत मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दो अप्रैल को लगभग सभी अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी टैरिफ की घोषणा की और फिर बाजार में मंदी के बाद टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक दिया। अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यवसायों दोनों के लिए अनिश्चितता के बीच वाणिज्य विभाग ने बुधवार को कहा कि जनवरी से मार्च तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। जो तीन साल में पहली गिरावट है। डेमोक्रेट सांसद कनाडा पर टैरिफ लगाने को लेकर ट्रंप के खिलाफ सीनेट में प्रस्ताव लाए थे। इस प्रस्ताव को सीनेट में मंजूरी के लिए 49-49 वोट मिले थे। इसके बाद चार रिपब्लिकन मेन के सीनेटर सुसान कोलिन्स, अलास्का के लिसा मुर्कोव्स्की और केंटकी के मिच मैककोनेल और रैंड पॉल के वोटों से प्रस्ताव 51-48 से पारित हुआ। डेमोक्रेट्स ने कहा कि उनका प्राथमिक उद्देश्य किसी भी तरह से रिपब्लिकन को रिकॉर्ड पर लाना और कांग्रेस की शक्तियों को पुनः स्थापित करने का प्रयास करना है। ओरेगॉन के सीनेटर रॉन विडेन ने कहा कि सीनेट टैरिफ पागलपन में मूक दर्शक बनकर नहीं रह सकता। डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा कि निराशाजनक आर्थिक आंकड़े रिपब्लिकन के लिए एक चेतावनी होने चाहिए।

# इजरायल के जंगल में लगी आग भयावह हुई

**यरुशलम।** बीते 18 महीने से गाजा में हमास से जंग लड़ रहे इजरायल के सामने देश में बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। बीते कुछ दिनों पहले इजरायल में यरुशलम के पास जंगल में लगी आग तेजी से बढ़ती जा रही है। इससे आस-पास के इलाकों में दहशत का माहौल है। आग के भयावह रूप को देखते हुए देश में राष्ट्रीय आपातकाल लागू कर दिया गया है। वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि आग की लपटें जल्द ही यरुशलम शहर के अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया है कि दमकलकर्मी इजराइल में कई सालों में देखी गई सबसे भीषण आग को बुझाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। आग पर काबू पाने के लिए सेना को भी उतार दिया गया है। स्थिति बिगड़ने पर गुरुवार को कई देशों ने इजरायल को अग्निशमन विमान भेजे हैं। जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार को दोपहर के आसपास लगी आग पर काबू पाना मुश्किल होता जा रहा है। गर्म, शुष्क परिस्थितियों और तेज हवाओं के कारण भड़की आग पर काबू पाने के लिए इटली, क्रोएशिया, स्पेन, फ्रांस और रोमानिया ने इजरायल को मदद भेजी है।



# अमेरिका-यूक्रेन ने खनिज संसाधन समझौते पर किए हस्ताक्षर



**कीव।** रूस से जारी जंग के बीच अमेरिका और यूक्रेन ने बुधवार को खनिज संसाधन सौदे की घोषणा की। अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इस समझौते के बारे में एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संयुक्त राज्य अमेरिका को यूक्रेन के साथ निवेश करने की अनुमति देती है। यह समझौता यूक्रेन के निवेश के माहौल को बेहतर बनाएगा और यूक्रेन की आर्थिक सुधार को गति देगा।इस समझौते के बाद अमेरिका को यूक्रेन के कीमती खनिजों तक पहुंच मिल गई है। अब दोनों देश मिलकर यूक्रेन की जमीन में छिपे हुए कीमती खनिजों को निकालेंगे

**कीव में निवेश और आर्थिक सुधार को मिलेगी गति**

और उनका इस्तेमाल करेंगे। यूक्रेन की जमीन में लिथियम, टाइटेनियम, यूरेनियम जैसे खनिज पाए जाते हैं, जो बैटरी, हवाई जहाज और परमाणु ऊर्जा जैसी जरूरी चीजें बनाने में काम आते हैं।
समझौते के मसौदे के मुताबिक, दोनों देश मिलकर पैसे जुटाएंगे और उस पैसे से खनिजों को निकालने का काम शुरू करेंगे। इससे अमेरिका को जरूरी खनिज मिलेंगे और यूक्रेन को पैसे और आर्थिक मदद मिलेगी। यूक्रेन इस सौदे से अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहता है, क्योंकि रूस के हमले के बाद उसे बहुत नुकसान हुआ है। वहीं, अमेरिका चाहता है कि वह चीन जैसे देशों पर कम निर्भर रहे और खुद खनिजों का इस्तेमाल कर सके।

## कॉमेडी और इंटरटेनमेंट का फुल डोज़



पॉपुलर आइकॉनिक शो 'कुमकुम भाग्य' अब प्रार्थना (प्रणाली राठौड़) और रौनक (अक्षय देव बिंद्रा) की बदलती मोहब्बत की कहानी में नए मोड़ ला रहा है। इस नए दौर में कहानी में ढेर सारे जज़्बात, पेचीदा किरदार और रोमांचक मोड़ दिखाए जाएंगे। 'कुंडली भाग्य' के फैंस के लिए बेहद खुशी की बात थी जब उनके प्यारे किरदार प्रीता (श्रद्धा आर्य) और करण (शक्ति आनंद) की वापसी हुई। अब शो में एक और ताज़गी आई है, जहां मशहूर एक्टर नमिक पॉल 'कुमकुम भाग्य' में एक नए किरदार शिवांश रंधावा का रोल निभा रहे हैं। शिवांश एक ऐसा शख्स है, जिसकी गंभीरता और अंदर का संघर्ष इस कहानी को पूरी तरह बदल देगा। नमिक पॉल ने कहा, ''कुमकुम भाग्य जैसे शानदार और लंबे समय से चले आ रहे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। जो चीज़ इस सफर को और खास बनाती है वो ये है कि मैं पहली बार एंटी-हीरो का रोल निभा रहा हूं। एक एक्टर के तौर पर यह बहुत ही एक्साइटिंग और चैलेंजिंग है कि मैं ऐसा किरदार निभा रहा हूं जो पूरी तरह बुरा नहीं है, लेकिन अपने दर्द और गुज़रे वक्त की वजह से टूट चुका है। शिवांश दिल से एक अच्छा इंसान है, लेकिन हालात ने उसे एक अंधेरे रास्ते पर डाल दिया है। उसके इस बदलाव को असली और सच्चे तरीके से दिखाना मेरे लिए बहुत दिलचस्प अनुभव होगा। इस कहानी में ये भी एक राज़ बना रहेगा कि आखिर वो ऐसा क्यों बन गया, और मैं चाहता हूं कि दर्शक इसे धीरे-धीरे जानें। मुझे पूरी टीम का बहुत अच्छा साथ मिल रहा है, और मैं बहुत एक्साइटेड हूं कि दर्शक मेरे इस नए, डार्क अवतार को ऑन-स्क्रीन देखेंगे।'' मालूम हो कि 'कुमकुम भाग्य', रोज़ रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## पहली बार कर रहा एंटी-हीरो का रोल - नमिक पॉल



लोकप्रिय शो 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में अगले सप्ताह कॉमेडी और इंटरटेनमेंट का फुल डोज़ देखने को मिलेगा।
**भीमा:** आश्रम में बहुत ज्यादा तनाव है, क्योंकि बरसों की चिढ़ और गुस्से में सुलग रही कैलाशा बुआ (नीता मोहिंद्रा) हलवा के रूप में मिठाई नहीं बल्कि एक ज़हरीला हथियार बनाकर तैयार करती हैं। स्नेह की आड़ में वह मीरा (आयुषी जैन) को ज़हर मिला हलवा खिला देती हैं और वह बेहोश होकर गिर पड़ती है। माहौल में कुछ अनहोनी की आशंका को भांपते हुए भीमा (तेजस्विनी सिंह) आगे बढ़ती है। जो पल मेल-मिलाप का होना चाहिये था, वह एक चौंकाने वाले विश्वासघात में बदल जाता है, और कैलाशा की असली मंशा सबके सामने आ जाती है।
**हप्पू की उलटन पलटन:** आने वाले एपिसोड्स में 'हप्पू की उलटन पलटन' में जमकर हंसी-मजाक देखने को मिलेगा। मामला तब शुरू होता है जब अवधेशिया (उर्मिला शर्मा) राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को ताना मारती है कि उसके घर के पुरूष तो बढ़िया खाना बना लेते हैं, लेकिन हप्पू क्यों नहीं? राजेश भी झट से हप्पू को चुनौती दे देती है कि वो कुछ बनाकर दिखाए। हप्पू अपनी कुकिंग स्किल्स दिखाने के लिए घरवालों के लिए चाय बना देता है। भाबीजी घर पर हैं: इसकी शुरुआत अम्मा जी (सोमा राठौड़) के तिवारी (रोहिताश्व गौड़) को यह सलाह देने के साथ होती है कि अगर वो पिता बनने की ओर कदम बढ़ाना चाहता है, तो सबसे पहले उसे अपनी पत्नी को खुश रखना होगा। तिवारी, अम्मा की बात को दिल पर ले लेता है और अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को खुश करने की कोशिश में निकल पड़ता है।

## बाजार दर्पण

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव

फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता- 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज
मो. 9935657889


उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089